आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

टॉक्सिकमें इंटीमेट सीन देकर घिरीं कियारा आडवाणी



वाराणसी, शुक्रवार १३ नवम्बर, २०२६ सौर २७, कार्तिक शुक्ल ४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

पूर्वांचल का पहला

रोबोटिक घुटना एवं कुल्हा

रिप्लेसमेंट सेंटर



डॉ. पीयूष रंजन सिंह

MBBS, MS (ORTHO), FIJR (ROBOTICS)

(Ex-Ortho Surgeon, Medanta)

रोबोटिक घुटना एवं हिप रिप्लेसमेंट सर्जन

विशेषज्ञ – घुटना एवं कूल्हा

VELYS™ | Johnson&Johnson

घुटना प्रत्यारोपण (Knee Replacement)

घुटने के इलाज के लिए आधुनिक तकनीकें

- Robotic Knee Replacement
- Unicondylar Knee Replacement
- MRP Technology

कुल्हा प्रत्यारोपण (Hip Replacement)

एंटीरियर अप्रोच (Anterior Approach)

DAA (BIKINI) तकनीक

- जल्दी चलना-फिरना (Early Mobile)
- न्यूनतम चीरा (Minimal Incision)
- कम रक्तस्राव (Less Blood Loss)
- संक्रमण का कम जोखिम (Lower Infection Risk)

ARVACHIN HOSPITAL

JOINT CENTER
BONE & JOINT INSTITUTE

अधिक जानकारी के लिए

अर्वाचीन हॉस्पिटल, अखरी बाईपास NH2, वाराणसी

+91 7084 167 835

छठ महापर्व को लेकर सीआरओ ने घाटों का किया निरीक्षण

सुरक्षा, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सख्त निर्देश

गाजीपुर। छठ महापर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में सीआरओ (मुख्य राजस्व अधिकारी) ने गुरुवार को नगर क्षेत्र के पवहारी बाबा घाट एवं साईं घाट सहित प्रमुख घाटों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीआरओ ने सभी घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कराने, प्रशिक्षित गोताखोरों को निर्धारित वर्दी में तैनात रखने तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। व्रती महिलाओं की सुविधा और निजता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक घाट पर चेंजिंग रूम बनाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही पर्व से पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाकर पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को कहा। सीआरओ ने स्पष्ट किया कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, वार्ड नंबर एक के सभासद प्रतिनिधि दिग्विजय पासवान, सफाई एवं राजस्व निरीक्षक तथा प्रभारी सफाई नायक मौजूद रहे।

छठ पूजा की तैयारी के दौरान गिरी कच्ची दीवार, महिला की मौत

करंडा, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर ग्रामसभा के अमवा गांव में गुरुवार को छठ पूजा की तैयारी के दौरान साफ-सफाई कर रही महिला की कच्ची दीवार गिरने से दबकर मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की बड़ी बेटी की शादी आगामी दो दिसंबर को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया।अमवा निवासी रामशंकर यादव की पत्नी विमला देवी 45 गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर की साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान पुरानी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। मलबे में दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्वजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।ग्राम प्रशासक राजेश सिंह गुड्डू ने बताया कि मृतका के पति खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



घाट का निरीक्षण करते अधिकारी। छाया : आज

निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत

सैदपुर, गाजीपुर। नगर के वार्ड नंबर 12 में निर्माणाधीन मकान के दूसरे माले से गिरकर मजदूर मनोज कुमार की मौत हो गई।सहयोगी मजदूर मनोज कुमार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पहुंचे जहां डॉक्टरो ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया। महरूमपुर बड़ेपुर गांव का निवासी 28 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र, प्रभुनाथ मजदूरी का काम कर अपना भरण पोषण करता था वह करीब 12 बजे मकान के दूसरे माले पर सीमेंट लेकर ऊपर गया था और कुछ ही देर बाद गिरने की आवाज आयी और सहयोगी मजदूरों ने आनन फानन में मनोज कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।



सभा को संबोधित करते डीएम। छाया : आज

यूनियन बैंक ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

गाजीपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का 108वां स्थापना दिवस गुरुवार को गाजीपुर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, बैंक के क्षेत्र प्रमुख गाजीपुर पश्चिम विनय शंकर, क्षेत्र प्रमुख गाजीपुर पूर्व मुकेश रमन तथा अग्रणी जिला प्रबंधक राजदेव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा गणमान्य नागरिक, उद्यमी तथा बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बैंक के 108 वर्ष पूरे होने पर अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों को बधाई देते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में यूनियन बैंक की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने बैंक की जनकल्याणकारी बैंकिंग सेवाओं की भी प्रशंसा की।क्षेत्र प्रमुख पश्चिम विनय शंकर ने अपने संबोधन में कहा कि तेजी से बदलते बैंकिंग परिवेश में यूनियन बैंक आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए नई पहचान बना रहा है। युवा पीढ़ी के बीच भी बैंक की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। समारोह के दौरान बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष पांडेय का शुभकामना संदेश भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक राजदेव कुमार ने जिलाधिकारी सहित सभी अतिथियों, ग्राहकों और मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया।

सड़क हादसे में दम्पती सहित दो बच्चों की मौत

नोएडा से लौटते समय हुआ हादसा

सेवरा गाजीपुर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुरहा गांव निवासी जयगोविंद उपाध्याय के परिवार के लिए बीते बुधवार का दिन जिंदगी का सबसे काला दिन साबित हुआ। छठ पर्व की खुशियां मनाने नोएडा से प्रयागराज स्थित अपने घर लौट रहे परिवार के चार सदस्यों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में जयगोविंद उपाध्याय के इकलौते पुत्र, पुत्रवधू और दो मासूम पौत्रों की असमय मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे सुरहा गांव में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से गांव सहित आसपास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जिस घर में छठ पर्व की तैयारियां और खुशियों का इंतजार था, वहां एक साथ चार अर्थियां उठने की खबर ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलदारनगर थाना क्षेत्र के सुरहा गांव निवासी जयगोविंद उपाध्याय लंबे समय से अपने परिवार के साथ प्रयागराज के नीमसराय मुंडेरा स्थित ईडब्ल्यूएस आवास संख्या 431 में रहते हैं। वह भारतीय वायुसेना में एसपीओ पद से सेवानिवृत्त हैं। उनका इकलौता पुत्र सौरभ उपाध्याय 38 नोएडा की एक आईटी कंपनी में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत था। सौरभ अपनी पत्नी मेनका 35 और दो बेटों शियोम 7 तथा व्योम डेढ़ वर्ष के साथ नोएडा में रह रहे थे । बताया जा रहा है कि छठ पर्व मनाने के लिए बीते बुधवार को सौरभ अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ कार से नोएडा से प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। परिवार को घर पहुंचने और पर्व की खुशियां अपनों के साथ मनाने की जल्दी थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। दोपहर करीब 12 बजे हरदोई जिले के संडीला क्षेत्र में अंतवा गांव के सामने गंगा एक्सप्रेस-वे पर उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार उछलकर पलट गई और डिवाइडर के ऊपर जा टंगी।इस दर्दनाक हादसे में सौरभ उपाध्याय, उनकी पत्नी मेनका और सात वर्षीय पुत्र शियोम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, डेढ़ वर्षीय मासूम व्योम गंभीर रूप से घायल हो गया।

संक्षेप

पीएम केयर्स योजना में बच्चों से मिले डीएम

उपहार देकर बढ़ाया उत्साह

गाजीपुर। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत जनपद के लाभार्थी बच्चों के साथ जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और वर्तमान परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी लाभार्थी बच्चों को उपहार स्वरूप स्कूल बैग, डायरी, पेन, टी-शर्ट, कैप और मिठाई वितरित की। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करें तथा जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने बच्चों को भरोसा दिलाया कि उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों को संरक्षण प्रदान करना है। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो विद्युत कर्मी निलंबित

जमानियां,गाजीपुर। विद्युत वितरण खंड चतुर्थ में कार्य के प्रति लापरवाही बरतना दो अधिकारियों को भारी पड़ गया। क्षेत्र में बिजली चोरी पकड़े जाने के बावजूद संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज न कराने के मामले में वाराणसी के मुख्य अभियंता प्रवेश कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए रेवतीपुर के एसडीओ अमित शर्मा और ढढ़नी-नवली विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता प्रिंस कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। अधिशासी अभियंता प्रहलाद कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया था, जिसमें कई स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़े गए थे। नियमों के तहत इन मामलों में विद्युत निरोधक थाने में मुकदमा दर्ज कराया जाना था, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा ऐसा नहीं किया गया। इस गंभीर लापरवाही की शिकायत मुख्य अभियंता तक पहुंची, जिसमें आरोप लगाया गया कि अधिकारियों की इस कार्यशैली से विभाग की छवि धूमिल होने के साथ-साथ राजस्व को भी भारी क्षति पहुंची है।इसी शिकायत के आधार पर मुख्य अभियंता द्वारा यह निलंबन की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि विभागीय कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मेधावी छात्रों की प्रतियोगी परीक्षा में ६० विद्यार्थियों ने लिया भाग

करंडा, गाजीपुर। मां भगवती धाम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरुवार को करंडा ब्लाक के ब्राह्मणपुरा गांव स्थित हरि शांति हाल में मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। इसमें कक्षा नौ से 12वीं तक के कुल 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। डेढ़ घंटे की परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पाठ्यक्रम के अनुसार चेतक कोचिंग सेंटर के शिक्षकों ने तैयार किए थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रस्ट के वार्षिकोत्सव एवं बाल दिवस समारोह में पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

रास्ते से आने-जाने के विवाद में तीन गिरफ्तार

जखनिया गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के बुढ़ानपुर गांव में रास्ते से आने-जाने को लेकर पुराने बिबाद मे दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनो पक्ष के बिरुद्ध कार्रवाई की। हथियाराम पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह को बुढानपुर गांव मे रास्ते को लेकर विवाद की जानकारी मिलने पर पुलिस ने एक पक्ष के अजय यादव व मुकेश यादव ,द्वितीय पक्ष के तहसीलदार यादव को गिरफ्तार कर दोनो पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जेल भेज दिया।

जिला स्तरीय क्रान की डो प्रतियोगिता में गैबिपुर का दबदबा

खानपुर गाजीपुर बुधवार देर शाम तक चली पांचवीं जिला स्तरीय क्रान की डो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किक और पंच की शानदार तकनीक एवं कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। जिला क्रान की डो एसोसिएशन, गाजीपुर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में मेजबान गैबिपुर सहित जमानियां, गाजीपुर सदर, औड़िहार, मुहम्मदाबाद एवं सैदपुर के कुल 160 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य समाजसेवी डॉ. सच्चिदानंद सिंह उर्फ सचिन सिंह एवं डॉ. सुधा सिंह ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए किया।एसोसिएशन के सचिव विशाल कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से चंदौली और वाराणसी के तकनीकी अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। वहीं, एसोसिएशन के तकनीकी अधिकारी अब्दुल मलिक खान ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों को वाराणसी में आयोजित होने वाली पांचवीं राज्य स्तरीय क्रान की डो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।प्रतियोगिता के समापन पर अंकों के आधार पर टीमों को सम्मानित किया गया। इसमें 251 अंक प्राप्त कर मेजबान गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी एवं छात्रावास, गैबिपुर की टीम ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं, 137 अंक प्राप्त कर ग्लोइंग स्टार स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम उपविजेता रही।

युवा संसद प्रतियोगिता में अमृता राय और महजबीन अंसारी संयुक्त रूप से प्रथम

नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर युवाओं ने रखे विचार

गाजीपुर। सत्यदेव डिग्री कॉलेज में गुरुवार को मेरा युवा भारत, जनपद गाजीपुर की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में जनपद स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अमृता राय एवं महजबीन अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शशिकांत तिवारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने युवाओं से नशे की लत से दूर रहने तथा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं का नशामुक्त रहना और सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी जरूरी है।प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' विषय पर भाषण प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने नशे की समस्या, उसके दुष्परिणाम और नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल में आजतक के ब्यूरो चीफ विनय कुमार सिंह, पूर्व प्रवक्ता कमरुद्दीन, पूर्व एपीएस सुभाष चंद्र, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के बीएड संस्थान की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता साहा और श्याम कुमार शामिल रहे। इस मौके पर जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा, कॉलेज के डायरेक्टर अमित रघुवंशी, प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह, दिग्विजय उपाध्याय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रस्तावित राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। यह आयोजन विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर इसका आयोजन 9 से 13 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं नीति निर्धारण की प्रक्रिया से जोड़ना तथा उनकी नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को मंच प्रदान करना है।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

मरदह, गाजीपुर। थाना के डोड़सर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेवसे के सर्विस रोड पर डोड़सर गांव के पास कासिमाबाद के तरफ जा रहे एक ही बाइक पर सवार दो युवको को तीव्र गति अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार बाबूलाल चौहान निवासी मुहम्मदपुर वाजिदपुर की मौके पर ही मौत हो गयी। बाइक पर बैठे पीछे दूसरे बाइक सवार पाँचू चौहान हादसे में गम्भीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। उसे उपचार हेतु मरदह सीएचसी पर ले जाया गया वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मऊ स्थित चिकित्सालय में उपचार हेतु रेफर कर दिया। बाबूलाल चौहान के पिता राधेश्याम चौहान के प्रार्थना पत्र पर मरदह पुलिस ने टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

अजय पासी हत्याकांड में चार अन्य आरोपियों के नाम जोड़ने की मांग

गाजीपुर। महाराजगंज क्षेत्र के मोहाव गांव निवासी अजय पासी हत्याकांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को मृतक के परिजनों ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह से मुलाकात कर मामले में चार अन्य लोगों के नाम आरोपियों के रूप में शामिल करने तथा परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। मृतक के पिता ओमप्रकाश पासी ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 9 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे पारसीपुरवा तालाब के पास उनके बेटे की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सदर कोतवाली में मुकदमा संख्या 817/2026 दर्ज है। उनका आरोप है कि घटना में शामिल कुछ लोगों के नाम मुकदमे में दर्ज किए गए हैं, जबकि अन्य आरोपियों को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने विवेचना के दौरान चार अन्य लोगों के नाम प्रकाश में लाकर उन्हें भी मुकदमे में शामिल करने और गिरफ्तार करने की मांग की। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन तीन दिन से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्हें कोई सहायता नहीं मिली। इस संबंध में न तो कोई स्पष्ट जानकारी दी गई और न ही सहायता उपलब्ध कराई गई।



सम्मानित करती जिपं अध्यक्ष। छाया : आज

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला सक्रिय

बाजार में प्रतिदिन हो रही गश्त

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी सक्रियता से जुटा हुआ है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रणविजय सिंह और थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने सुल्तानपुर गंगा घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंधों और प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोक आस्था के इस महापर्व पर व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।सुरक्षा और बैरिकेडिंग गहरे पानी वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और लाल झंडे के साथ मजबूत बैरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नंदगंज प्रतिनिधि के अनुसार-दीपावली का त्योहार सकुशल संपन्न होने के बाद अब छठ महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नंदगंज पुलिस काफी सतर्क हो गई है। क्योंकि क्षेत्र में छठ की पूजा हेतु आसपास की छठ वर्ती महिलाएं अपने परिजनों के साथ बाजार में फलों आदि की खरीदारी करने आती रहती है। जिससे बाजार में अभी से भीड़ के साथ चहल पहल बढ़ गयी है। इसलिए थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल प्रतिदिन शाम को बाजार में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्र ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस किसी को बेवजह परेशान नहीं करेगी, लेकिन कानून तोड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की है। उतराव प्रतिनिधि के अनुसार-लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जहां गांव-गांव तालाबों और पोखरों की साफ-सफाई कराई जा रही है, वहीं उत्तरायण ग्रामसभा की पोखरी बदहाली का शिकार बनी हुई है। छठ महापर्व के बावजूद अब तक पोखरी की साफ-सफाई नहीं कराई गई है। इससे व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। गांव के युवक पवन कुमार ने बताया कि पोखरी की स्थिति लंबे समय से खराब है। पिछले वर्ष भी इसकी साफ-सफाई नहीं कराई गई थी और इस बार भी जिम्मेदारों ने सुधि नहीं ली। उन्होंने कहा कि लोक आस्था के इतने बड़े पर्व पर भी पोखरी की सफाई नहीं होना जिम्मेदारों की उदासीनता को दर्शाता है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी बाराचवर सर्वजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



पुलिस के फ्लैग मार्च का दृश्य। छाया : आज

पेड़ के डाल से लटका मिला युवक का शव

मरदह, गाजीपुर। थाना के ग्राम के ग्राम रायपुर बाघपुर गांव निवासी मुलायम यादव का शव सुबह उसके नलकूप के बगल में पीपल के पेड़ के डाल से रस्सी के सहारे लटकते मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मुलायम यादव अपने पिता का एकलौता पुत्र था उसकी एक बहन की शादी पूर्व में हो चुकी है। वह घर पर रहकर कृषि कार्य करता था। परिवार के लोगों के अनुसार वह पिछले दो तीन दिनों से परिवारिक कलह के कारण मानसिक तनाव में था। बुधवार रात खाना खाकर वह घर से निकला था और वापस रात्रि में घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद घर के लोग रात्रि में सो गए थे।सुबह उसका शव नलकूप के पास पेड़ से लटकता देखकर ग्रामीणों की सूचना पर परिवार के लोगो को घटना की जानकारी हुई।

आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

वाराणसी, शुक्रवार १३ नवम्बर, २०२६ सौर २७, कार्तिक शुक्ल ४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



टॉक्सिकमें इंटीमेट सीन देकर घिरीं कियारा आडवाणी

यूपी : चुनावी जंगमें तीसरे मोर्चे की एंट्री

चंद्रशेखर-ओवैसीने बनाया सामाजिक परिवर्तन मोर्चा



चुनावमें चंद्रशेखर रावण होंगे मुख्यमंत्रीका चेहरा

लखनऊ (आससे.)। यूपी चुनाव 2027 को लेकर प्रदेश में सियासी माहौल बनता रहा है। इस कड़ी में आज एक बड़ी घोषणा हुई। नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद और एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी में नए गठबंधन की घोषणा कर दी है। नए गठबंधन के घोषित किए गए सामाजिक परिवर्तन मोर्चा का मुख्यमंत्री पद का चेहरा चंद्रशेखर आजाद को बनाया गया है। इसके साथ ही आगामी चुनाव में इसके प्रभाव को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। मोर्चा के एलान के बाद चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन की पहली रैली लखनऊ के रमाबाई आंबेडकर मैदान में करने का एलान किया है। बता दें कि ये वही मैदान हैं जहां पर बसपा सुप्रीमो मायावती रैलियां करती रही हैं। दरअसल, इस गठबंधन की नजर प्रदेश में दलित और मुस्लिम समाज के वोटबैंक पर है। दलित समाज ने लोकसभा के चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन की तरफ रुझान दिखाया था। प्रदेश में बसपा के कमजोर होने के साथ ही अब चंद्रशेखर की नजर भी दलित वोटबैंक पर है। शायद इसीलिए उन्होंने 26 नवंबर को पहली रैली रमाबाई आंबेडकर मैदान में करने का एलान कर दलित समाज को संदेश देने की कोशिश की है। इस मैदान पर बसपा की रैलियां होती रही हैं। वहीं, इस गठबंधन को प्रदेश में तीसरे राजनीतिक मोर्चे के रूप में भी देखा जा रहा है। अब तक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और सपा के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के बीच चुनावी मुकाबले की तस्वीर बन रही थी। बसपा प्रमुख मायावती भी अलग चुनाव (शेष पृष्ठ ९ पर)

मेरी मां ने अपनी कहानी खुद लिखी है-प्रियंका

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस की वायनाड सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने लंबे समय तक उनकी मां के बारे में झूठ फैलाया, जबकि उनकी मां ने अब अपने संस्मरण में अपनी कहानी खुद लिखी है।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष



सोनिया गांधी के संस्मरण, बिलोंगिंग-अ जर्नी ऑफ लव के जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों में काफी प्रतिक्रियाएं देखने को मिली हैं। विभिन्न दलों के नेताओं ने इसमें लिखी बातों पर अपनी राय दी है।दिवंगत पद्म श्री पुरस्कार विजेता चेरुवयाल रमन के परिवार से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, कांग्रेस नेता ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आरोप लगाया कि उन्होंने दशकों तक उनकी मां, सोनिया गांधी के खिलाफ गलत जानकारी फैलाने का अभियान चलाया, जबकि उनकी मां इस दौरान चुप रहीं। प्रियंका गांधी ने कहा, भारत में मेरी मां के वयस्क जीवन के पूरे दौर में, भाजपा, आरएसएस और कई अन्य लोगों ने उनके बारे में जो चाहा, वह कहा।

लोगोंने झूठ फैलाया अब मां को सच कहने का हक

उन्होंने झूठ बोले, मनगढ़ंत कहानियां रचीं और उनके बारे में तरह-तरह की बातें गढ़ीं, लेकिन मेरी मां चुप रहीं। अब, वह अपनी कहानी बता रही हैं। उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार है। यह अच्छी बात है कि वे इसे पढ़ने के लिए तैयार हैं। इतने लंबे समय तक, उन्होंने (भाजपा ने) मेरी मां के बारे में झूठ फैलाया, और अब वह सच बता रही हैं। मुझे खुशी है कि वे उनकी किताब पढ़ रहे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर (शेष पृष्ठ ९ पर)

न्यूजकी तरह जिंदगीमें भी डेडलाइन जरूरी-प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस तरह पत्रकारिता में डेडलाइन महत्वपूर्ण होती है, उसी तरह जिंदगी में भी समय-सीमा तय करना जरूरी है। इससे काम की प्राथमिकताएं निर्धारित होती हैं और लक्ष्य हासिल करने की गति बढ़ती है। पत्रकारों के साथ अपने पुराने अनुभव साझा करते हुए मोदी ने बताया कि वर्ष 2001 में जब उन्हें गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया, तब इसकी जानकारी उन्हें खुद नहीं थी, जबकि पत्रकारों को पहले ही पता चल गया था। उन्होंने कहा कि उस समय वह 11 अशोका रोड स्थित अपने कमरे में थे। अचानक कुछ पत्रकार वहां पहुंचे और मिठाई खिलाने को कहा। जब उन्होंने मिठाई खिलाने की वजह पूछी तो पत्रकारों ने बताया कि वह गुजरात के मुख्यमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि समय के साथ मीडिया का स्वरूप तेजी से बदला है। पहले फैक्स और ओबी वैन के जरिए खबरों का प्रसारण होता था, जबकि अब मोबाइल फोन ही ओबी वैन की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आपदा की कवरेज करने वाले पत्रकारों के साहस की सराहना करते हुए कहा कि भूकंप और बाढ़ जैसी परिस्थितियों में जब लोग अपनी जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब पत्रकार जोखिम उठाकर खबरें जुटाते हैं। मोदी ने कहा कि देश ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए छोटे-बड़े चरणों में लगातार काम करना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं किया जा सकता। उन्होंने मोबाइल फोन निर्माण, चिनाब रेल पुल, स्टार्टअप और यूपीआई जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। चार करोड़ परिवारों को पक्के मकान, (शेष पृष्ठ ९ पर)



मोदीने पत्रकारों से साझा किये पुराने अनुभव, २०२७ तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दोहराया

महंगाईपर कांग्रेसका मोदी सरकारपर हमला



चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, प्याज, आलू, टमाटर और चीनी सहित रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बुधवार को किए गए पोस्ट में जयराम रमेश ने कहा कि अमूल और मदर डेयरी ने एक बार फिर दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। वहीं, दीपावली के बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे बड़े ब्रांडों ने डिटर्जेंट और होम केयर उत्पादों की कीमतों में 11 प्रतिशत तक वृद्धि की है। इससे सर्फ एक्सेल, रिन, व्हील और मोती गुलाब साबुन जैसे

'सब चंगा सी' से अब 'सब महंगी सी' हो गया

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने गरीब और मध्यम वर्ग का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। दूध,

किश्तवाड़ से लापता दो एसपीओ के गोलियों से छलनी शव बरामद

जम्मू (आससे.)। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बुधवार से लापता दो एसपीओ के शव गोलियों से छलनी हालत में बरामद किए गए हैं। मृतकों की पहचान 57 वर्षीय बाबी चंद और 45 वर्षीय रशपाल कुमार के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बुधवार से लापता दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) के शव मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : संस्कृत बोर्ड परीक्षाएं 9 से 19 फरवरी तक

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद, लखनऊ ने वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी तक चलेंगी। परिषद के सचिव ओपी त्रिपाठी की ओर से जारी (शेष पृष्ठ ९ पर)

अखिलेश ने किया सामाजिक परिवर्तन मोर्चे का स्वागत, कहा- भाजपा को और नुकसान होगा



लखनऊ (आससे.)। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर कहा- पीडीए समाज की आवाज उठाने वाले हर दल का करेंगे सहयोग; बोले- मोर्चों से लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन मंशा समाज की भलाई की होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चंद्रशेखर आजाद और असदुद्दीन ओवैसी के 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' का स्वागत किया है।उन्होंने कहा कि सामाजिक स्तर पर परिवर्तन जरूरी है, लेकिन वास्तविक सफलता तभी मिलेगी, जब राजनीतिक परिवर्तन का मोर्चा भी सक्रिय होगा। अखिलेश ने दावा किया कि इस तरह के नए राजनीतिक विकल्प से भाजपा को दो से तीन प्रतिशत वोटों का नुकसान हो सकता है।अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पीडीए समाज के हित में साम्प्रदायिक ताकतों से लड़ने और उसकी आवाज उठाने वाले दलों की ईमानदार आवाज जनता तक पहुंचाने में सपा सहयोग करेगी। उनके मुताबिक, इससे उन लोगों के सामने भी एक विकल्प खुलेगा, जो भावनात्मक (शेष पृष्ठ ९ पर)

बदायूं : ट्रक की बाइक से टक्कर, दो की मौत

बदायूं (एजेंसी)। बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एआरटीओ चौराहे के पास बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे भगवानदास (42 वर्षीय) और उनके 14 वर्षीय बेटे आशीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गईं।

आजम खां चार दिन की ईडी की हिरासत में

गाजियाबाद (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां को ईडी की विशेष अदालत ने चार दिन की रिमांड पर भेज दिया है। अदालत ने 16 नवंबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। बृहस्पतिवार को ईडी ने आजम खां से पूछताछ के लिए अदालत में अर्जी लगाकर पांच दिन की रिमांड मांगी थी। पीठासीन अधिकारी अवनीश कुमार के अवकाश पर होने से संबंद्ध कोर्ट में सुनवाई हुई।विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार ने रिमांड पर भेज दिया। आजम को (शेष पृष्ठ ९ पर)



यूपीआई से भुगतान पर एमडीआर लगाने की तैयारी

नयी दिल्ली (आससे.)। त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद अब यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की तैयारी है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) इस संबंध में 15 नवंबर तक नई तारीख का एलान कर सकता है। इसके बाद 2,000 रुपये से अधिक के चुनिंदा यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगना शुरू हो सकता है। हालांकि, इसका सीधा बोझ ग्राहकों पर नहीं पड़ेगा। शुल्क का भुगतान व्यापारियों को करना होगा। एनपीसीआई ने पहले इन शुल्कों को 15 अक्तूबर से लागू करने की बात कही थी। हालांकि, त्योहारी सीजन को देखते हुए फैसला टाल दिया गया। 13 अक्तूबर को जारी बयान में एनपीसीआई ने बताया था कि यूपीआई और सेवा संचालन समिति ने त्योहारों के दौरान व्यापारियों और ग्राहकों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालने के लिए इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया है। साथ ही कहा था कि चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतान पर एमडीआर दिवाली के तुरंत बाद लागू होगा। इसकी तारीख अलग से घोषित की जाएगी।

मुंबईमें फिर बम धमाकों की धमकी

मुंबई (आससे.)। मुंबई में एक बार फिर बम धमाकों की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस बार धमकी भरे ईमेल में सिर्फ बैंक और एयरपोर्ट ही नहीं, बल्कि मेयर कार्यालय, अदालत, महालक्ष्मी रेसकोर्स, अभिनेता अमिताभ बच्चन का बंगला और गायक दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रमों का भी जिक्र किया गया है। ईमेल मिलने के बाद संबंधित स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई और जांच की गई। हालांकि, शुरुआती जांच के दौरान किसी भी जगह से कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। सूत्रों के मुताबिक,

अमिताभके बंगलेसे मेयर ऑफिस तक निशाने पर, ईमेल में खालिस्तान का जिक्र

12 नवंबर को सुबह 10 बजकर 52 मिनट पर एक ईमेल पते से धमकी भेजी गई। यह ईमेल पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मुंबई जोनल कार्यालय, कफ परेड स्थित लोकल क्राइम ब्रांच और दक्षिण मुंबई के जवेरी बाजार स्थित बैंक शाखा को भेजा गया था। ईमेल में मुंबई के कई स्थानों पर बम धमाके और हमले करने की चेतावनी दी गई। नगर निगम का भी इसमें उल्लेख था, जिसके बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था को सतर्क कर दिया गया। धमकी भरे ईमेल पर खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से हस्ताक्षर किए गए थे। इसमें इंजीनियर गुरनाख सिंह, रुकन शाहवाला और डॉ. गुरनिर्वैर सिंह खान राजादा के नाम भी लिखे गए थे। हालांकि, ईमेल में इन नामों और कथित संगठन का उल्लेख होने के बावजूद इसकी वास्तविकता की पुष्टि नहीं हुई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि ईमेल भेजने (शेष पृष्ठ ९ पर)



एक नजर इधर भी

रामनगर में दो युवकों से सोने की सिकड़ी की छिनैती

रामनगर। यहां हुई दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों के गले से सोने की सिकड़ी की छिनैती किए जाने का मामला प्रकाश में आया। जिसे दबंगों ने उनके साथ मारपीट करके छिन लिया। जिसके बाद पीड़ित युवकों ने घटना की तहरीर थाने में दिया। जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। इस संबंध में बताया जाता है की पहली घटना बुधवार को रात्रि में हुई जब रामनगर-पड़ाव मार्ग पर पीएसी के खेल मैदान चांदमारी मैदान के सामने कुछ दबंगों ने पुराना रामनगर मुहल्ला निवासी राजेश पाल नामक बर्फ विक्रेता के साथ मारपीट करके उसके गले से सोने की सिकड़ी छीन लिया। उसकी किला रोड पर वर्फ की दूकान है, जिसके बारे में बताया जा रहा था कि वह जुआ खेलकर घर जा रहा था। तो वहीं दूसरी घटना गुरुवार को सायंकाल यहां के गोलाघाट मुहल्ले के सीहावीर क्षेत्र में हुई जहां गंगा में माला फूल विसर्जित करने के लिए गए प्रदीप मिश्र नामक युवक को पहले तो दबंगों ने उसे मारा पीटा उसके बाद जब वह घर से अपनी स्कूटी से किसी काम से बाहर जाने लगा तो उसे रास्ते में रोक कर उसे जमकर मारा पीटा जिसमें उसके शरीर में काफी चोटे आयी और उसके गले से सोने की सीकड़ी छीन लिया जिसमें लॉकेट भी लगा हुआ था। दबंगों ने उसके साथ मारपीट और सीकड़ी छीनने के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दिया। इस मामले मैं युवक ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। जिसके आधार पर पुलिस दोनों ही मामलों की जांच पड़ताल कर रही थी लेकिन उसने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया था। यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा था।

तेज रफ्तार कार ने एमजी हेक्टर में मारी टक्कर

कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन गेट नंबर दो के पास तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही एमजी हेक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। विरोध करने पर दूसरे कार चालक ने गाली-गलौज और धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिर्जापुर निवासी अकबर खान शिवपुर बाईपास स्थित एक चिकित्सक के यहां वाहन चालक हैं। उनके अनुसार ११ नवंबर को वह आशापुर से लौट रहे थे। इसी दौरान पुलिस लाइन गेट नंबर दो के पास पीछे से आई हुंडई एक्सटर कार ने उनकी एमजी हेक्टर में टक्कर मार दी। आरोप है कि नुकसान की भरपाई मांगने पर दूसरा चालक विवाद करने लगा और गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगा।

बड़ागांव में लाखों की चोरी

बड़ागांव थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोर छत पर सीढ़ी का पत्रा हटाकर घर में दाखिल हुए और चार से पांच कमरों और अलमारी का लाक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेट ले गये। उपरोक्त गांव निवासी कृपाशंकर मिश्रा का परिवार सूरत में रहकर अपना कारोबार करता है। पैतृक गांव स्थित मकान पर परिवार का बीच-बीच में आना-जाना लगा रहता है। इसी वजह से मकान बंद पड़ा था। बीती रात चोरों ने मकान को निशाना बनाया। घर में प्रवेश करने के लिए चोरों ने छत पर बनी सीढ़ी का पत्रा हटाया और अंदर दाखिल हो गये। इसके बाद चार से पांच कमरों के ताले तोड़कर अलमारी का लाक भी तोड़ दिया। घर में रखे सामानों को अस्त-व्यस्त कर सोने की अंगुठी, झुमका, एक चैन और चांदी का पायल करधनी और पैजनी समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गये। मौके पर पहुंची बड़ागांव पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से घटना की जांच में जुटी है।

जमीन की जुताई करने पहुंचे व्यक्ति पर फावड़े और बांस से हमला

लंका थाना क्षेत्र के रमना निवासी छविनाथ पटेल पर जमीन विवाद में जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बुधवार को छविनाथ पटेल नैपुरा खुर्द स्थित अपनी जमीन की जुताई कराने पहुंचे थे। इसी दौरान दीपक पटेल, विजय यादव, बृजेश कुमार पटेल, सूरज पटेल, राजू पटेल, खुशबू पटेल और सुदामा देवी ने मिलकर उन पर तलवार, बांस और फावड़े से हमला कर दिया। हमले में छविनाथ को गंभीर चोटें आयी। पीड़ित की शिकायत पर लंका पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जान से मारने की नीयत से हमला करने वाला गिरफ्तार

सारनाथ पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर जान से मारने की नीयत मारने वाले को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि बीते १८ अक्टूबर को पादीपक/वादी अभिषेक भारती (पुत्र स्व. पारस नाथ, निवासी पहड़िया मंडी, थाना लालपुर पांडेयपुर, ने थाना सारनाथ में लिखित तहरीर दी थी। वादी का आरोप था कि प्रतिवादियों द्वारा एक राय होकर उसके भाई अनीश गौतम को जान से मारने की नीयत से गंभीर रूप से मारा-पीटा गया तथा गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना एसीपी सारनाथ द्वारा की जा रही थी।

मिर्जामुराद में जहर खाकर युवक ने दी जान

मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के ठठरा गांव गुरुवार को प्रात: रोहित सिंह (३० वर्ष) की जहर खाने से मौत हो गयी। परिजनों के मुताबिक, रोहित के पिता शिव पूजन सिंह की २०२१ में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी थी। रोहित अपने पिता के इकलौते बेटे थे। पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। परिवार का खर्च चलाने के लिए रोहित ने कछवा रोड-कपसेठी मार्ग पर बैंक आफ बड़ौदा का टाइनी बैंक खोल रखा था। उनके परिवार में मां, पत्नी ज्योति सिंह और चार साल का बेटा है। जहर खाने के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गये थे। वहां रातभर उनका इलाज चला, लेकिन गुरुवार सुबह डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रोहित की मौत से परिवार और गांव में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों के मुताबिक, रोहित मिलनसार स्वभाव के थे। गांव के लोग परिजनों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में मुकदमा दर्ज

चितईपुर थाना क्षेत्र के अवलेशपुर की रहने वाली भैरवी ओझा के शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ उनकी फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने और मानसिक प्रताड़ना देने के मामले में मुकदमा दर्ज की गयी है। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गयी है।

चौखंडी रेलवे फाटक बंद होने के बावजूद ट्रैक पार कर रहे राहगीर, हादसे की आशंका

सेवापुरी। जंसा क्षेत्र स्थित चौखंडी रेलवे फाटक को पुल निर्माण कार्य के चलते रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है। इसके बावजूद राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर बाइक के साथ रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं। ऐसे में



कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सामने आ रही इस लापरवाही से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। रेलवे फाटक बंद होने के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है, लेकिन कुछ लोग सुरक्षित विकल्प अपनाने के बजाय रेलवे ट्रैक पार करने का जोखिम उठा रहे हैं। ट्रेन के अचानक आ जाने पर उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिल सकता है। आपको बता दे कि बीते २८ सितंबर को एक राहगीर बाइक लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक ट्रेन की चपेट में आ गयी और टक्कर लगने से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी थी हालांकि, बाइक सवार ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचा ली थी। इसके बावजूद लोग सबक लेने के बजाय अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया और लोगों को जागरूक नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

लोहता में छुट्टा पशुओं का आतंक, सड़क पर बैठे मवेशी बन रहे हादसों की वजह, नगर निगम की लापरवाही पर लोगों में आक्रोश



लोहता में छुट्टा पशुओं का आतंक अब आम लोगों की जान पर भारी पड़ने लगा है। आएदिन लोहता बाजार, मुख्य सड़क, चौराहों और गलियों में झुंड के झुंड आवारा गाय, बैल और सांड सड़क के बीचों-बीच बैठे नजर आते हैं। इससे न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि हर दिन बड़ी-बड़ी घटनाएं होते-होते बच रही हैं। लोहता की मुख्य सड़क पर ५-६ छुट्टा पशु बीच सड़क पर बैठे और खड़े हैं। एक काला सांड तो डिवाइडर के किनारे ही खड़ा है। कार, बाइक, आटो और ई-रिक्शा चालक जान जोखिम में डालकर उन्हें बचाते हुए निकलते हैं। कई बाइक सवारों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ा, तो कई लोग गिरते-गिरते बचते हैं।

सुबह-शाम सबसे ज्यादा खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह स्कूल-कालेज जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। शाम को अंधेरा होने के बाद तो हालात और खतरनाक हो जाते हैं। अचानक सड़क पर आ जाने वाले पशुओं से टकराकर अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। दुकानदारों का कहना है कि पशु दुकानों के सामने गंदगी फैलाते हैं, सामान बर्बाद करते हैं और ग्राहकों को भी आने में दिक्कत होती है। लोहता के एक दुकानदार ने बताया, हम कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पशु दिनभर सड़क पर ही रहते हैं। कभी किसी को मार देते हैं, कभी गाड़ी से टकरा जाते हैं।

प्रशासन से सवाल

आखिर कब तक लोहता के लोग इसी डर के साए में सड़क पर चलेंगे? नगर निगम के अधिकारी कब जागेंगे? क्या किसी बड़ी जान-माल की हानि के बाद ही काररवाई होगी? लोहता की जनता अब नगर निगम और जिला प्रशासन से यही मांग कर रही है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाये और जल्द से जल्द छुट्टा पशुओं से मुक्ति दिलाई जाये, ताकि आएदिन होने वाली घटनाओं पर रोक लग सके।

नगर निगम होने के बावजूद कारखाई नहीं

सबसे बड़ा सवाल यही है कि लोहता अब नगर निगम क्षेत्र में आता है, इसके बावजूद यहां छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिखती। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी सिर्फ कागजों में अभियान चलाते हैं। जमीन पर न तो पशु पकड़ने वाली टीम नजर आती है, न ही गौशाला तक पशुओं को पहुंचाने की व्यवस्था। लोगों का कहना है कि जब भी कोई बड़ी घटना होती है, तब एक-दो दिन के लिए दिखावे की कारखाई होती है, फिर सब कुछ पहले जैसा हो जाता है।

क्या चाहते हैं लोग?

लोहता में छुट्टा पशुओं को पकड़ने के लिए स्थायी टीम तैनात की जाये. पकड़े गये पशुओं को नजदीकी गौशाला / कान्हा उपवन भेजा जाये। मुख्य सड़क और चौराहों पर नियमित गश्त हो, पशु छोड़ने वालों पर जुर्माना और सख्त कारखाई हो, हादसे में घायल लोगों को मुआवजा और इलाज की व्यवस्था हो।

बीएचयू के प्रोफेसर आनन्द चौधरी औषधि विकास अनुसंधान के वैज्ञानिक सलाहकार समूह में नामित

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के आयुर्वेद संकाय स्थित रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आनन्द चौधरी को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के औषधि विकास अनुसंधान संबंधी वैज्ञानिक सलाहकार समूह में नामित किया है। उनका नामांकन पांच नवंबर २०२६ से चार नवंबर २०२९ तक तीन वर्ष के लिए किया गया है। प्रोफेसर चौधरी ने इस जिम्मेदारी पर कहा कि वह अपनी पूरी क्षमता से आयुर्वेदीय औषधियों के मानकीकरण और गुणवत्ता निर्धारण की दिशा में कार्य करेंगे। साथ ही, आयुर्वेदीय रसौषधियों को लेकर व्याप्त भ्रम की स्थिति को दूर करने का भी प्रयास करेंगे। प्रोफेसर चौधरी ने कहा कि आयुर्वेद की वैश्विक मान्यता के अनुरूप समय की आवश्यकता के अनुसार नये आयुर्वेदीय औषध योग और कल्प विकसित किये जाने चाहिए। वह इस दिशा में भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। उनके वैज्ञानिक सलाहकार समूह में नामित होने पर आयुर्वेद संकाय प्रमुख प्रोफेसर के.एन. मूर्ति ने बधाई देते हुए कहा कि प्रोफेसर चौधरी की विशेषज्ञता और अनुभव से भारत सरकार को लाभ मिलेगा।

विश्व विज्ञान अकादमी के प्रोफेसर राजेश कुमार मल्ल फेलो निर्वाचित

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान के महामना उत्कृष्टता केंद्र के जलवायु परिवर्तन अनुसंधान समन्वयक प्रोफेसर राजेश कुमार मल्ल प्रतिष्ठित विश्व विज्ञान अकादमी (टीडब्ल्यूएएस) के फेलो निर्वाचित हुए हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। फेलो निर्वाचित होने के साथ ही प्रोफेसर मल्ल ११२ देशों के वैज्ञानिकों के अंतरराष्ट्रीय समूह में शामिल हो जायेंगे। यह समूह विकासशील देशों में विज्ञान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करता है। प्रोफेसर मल्ल का इस प्रतिष्ठित अकादमी का फेलो चुना जाना उनकी शैक्षणिक और शोध उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वे एक जनवरी २०२७ से फेलो के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे।

अस्सीसे रामनगरतक के घाटोंका नगर आयुक्तने किया औचक निरीक्षण

निर्धारित समयपर कार्य पूरा न होनेपर होगी कारखाई, घाटोंपर छुट्टा पशुओंके विचरणपर व्यक्त की नाराजगी

नगर आयुक्त हिमांशु नागपालने गुरुवारको छठकी तैयारीको ध्यानमें रखते हुए अस्सीघाट, नया अस्सीघाट,



रविदास घाट, सामने घाटसे लेकर विश्वसुन्दरी पुल, रामनगरके बलुआघाटका औचक निरीक्षण किया। मौकेपर कार्य कर रहे ठेकेदारोंको चेतावनी देते हुए कहा कि देवदीपावलीके पहले सारी व्यवस्था दुरुस्त रहे। मुख्य तौरपर अस्सीघाटपर छठ पर्वको ध्यानमें रखकर आवश्यक कार्यके लिए स्मार्ट सिटीको तत्काल कार्य करानेके लिए भी आदेश दिया। रामनगरके बलुआ घाटमें निरन्तर सफाईकी व्यवस्था सुनिश्चित करने, अस्सीघाट और नया अस्सीघाटपर मिट्टीकी लेबिल और ड्रेसिंग करनेपर विशेष जोर दिया है जिससे कि श्रद्धालुओंको पूजा-पाठ करनेमें किसी तरहकी बाधा न हो। जिन घाटोंपर मिट्टी दलदल हो गयी है वहीं सूखी मिट्टी और बालूकी बोरियां रखने के साथ पर्याप्त व्यवस्थामें पथ प्रकाशको दुरुस्त करनेका भी निर्देश दिया। गंगामें स्नान और पूजनके दौरान फ्लोटिंग बैरिकेडिंग कार्य तत्काल पूर्ण करने, घाटोंपर जुटनेवाली भीड़ और वाराणसीके भव्य सुन्दर छविको प्रदर्शित करनेके लिए काशी सुन्दर काशी और छठ महापर्वकी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सेल्फी प्वाइंट बनानेका भी निर्देश दिया। नया अस्सीघाटपर भारतीय कल्चरके विशेष कार्य होंगे। निरीक्षणके दौरान छुट्टा पशुओंके विचरणको लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए पशु चिकित्सा अधिकारीको चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी हालतमें गंगा घाटोंपर छुट्टा पशु न दिखायी दें और इन्हें पकड़कर निर्धारित स्थलपर ले जाया जाय। अस्सी घाट से नया अस्सीघाट तक पाथवे पर गुमटियां रखकर व्यापार कर रहे लोगोंको कड़ी चेतावनी दी और संबंधित अधिकारीको अतिक्रमण निरोधक अभियान चलानेका भी निर्देश दिया।

पैसा नहीं देने पर दुकानदार की पिटाई, मुकदमा दर्ज

चितईपुर थाना क्षेत्र मलियान बस्ती में दुकान चलाने वाले नई बस्ती पांडेयपुर के रहने वाले गुड्डू गुप्ता किराना की दुकान चलाते है। उनकी दुकान पर सोमवार की रात दिव्यांशु सिंह उर्फ छोटू पहुंचकर पैसे की मांग करने लगा। पैसा देने से इनकार करने पर आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट करने लगा। उनकी दुकान पर काम करने वाले मजदूर सोनू खरवार को लोहे की राड से मारकर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान गुड्डू के गले से उनकी सोने की चेन गायब हो गयी। पुलिस गुड्डू के बेटा मनीष कुमार गुप्ता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

सूचना

सूचित किया जाता है कि **ज्ञानेश पाण्डेय व गोपेश पाण्डेय** पुत्र राजेन्द्र पाण्डेय निवासी सैदपुर परगनासैदपुर तहसील सैदपुर जिला गाजीपुर आ.न. 673 व 674 (s) सैदपुर का मालिक है। मेरा पिछला मूल बैनामा डीड कही खो गया हैं जिसका विवरण विक्रेता पूनम पाण्डेय पत्नी श्री रवीन्द्र नाथ पाण्डेय सं. 1 के खण्ड 1888 पृष्ठ सं. 119/148 द.न.1622 दिनांक 24.05.2014 पर दर्ज हैं। उपरोक्त सम्पत्ति विलेख पर ICICI बैंक सैदपुर गाजीपुर गृहऋण जारी कर रही हैं। उक्त विलेख के सन्दर्भ में कोई सूचना या आपत्ति यदि किसी व्यक्ति या संस्था को हो तो वह 7 दिन के अन्दर प्रबन्धक ICICI बैंक सैदपुर, गाजीपुर से सम्पर्क करें अन्यथा बैंक जिम्मेदार नही होगा।

आईसीआईसीआई बैंक ने बीएचयू में खोली शाखा

आईसीआईसीआई बैंक ने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में अपनी नई शाखा शुरू की है। यह वाराणसी शहर में बैंक की २२वीं और जिले में २६वीं शाखा है। इस शाखा में कैश रिसाइक्लिंग मशीन लगायी गयी है, जो चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। इस शाखा में बचत और चालू खाते, सैलरी अकाउंट, डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट, फिक्स्ड और रेकरिंग डिपॉजिट और एजुकेशन लोन, होम लोन, प्रॉपर्टी पर लोन, पर्सनल लोन, ऑटो लोन, बिज़नेस लोन, गोल्ड लोन और फॉरेक्स सर्विस जैसे लोन के साथ-साथ कार्ड सर्विस भी शामिल हैं। शाखा में प्राइवेट बैंकिंग सेवाएं भी उपलब्ध हैं। साथ ही, एनआरआई ग्राहकों को भी बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शाखा में उनके लिए एक अलग डेस्क बनायी गयी है, जहां उन्हें व्यक्तिगत सहायता मिलेगी। ग्राहकों की सुविधा के लिए यहां लॉकर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। यह शाखा सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे तथा पांचवें शनिवार को सुबह ९.३० बजे से दोपहर तीन बजे तक खुली रहेगी।

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER

Construction & Design Services, (E/M Wing), U.P. Jal Nigam (Urban), Varanasi

Letter No.: 1365/M-4/255 **Dated:** 12.11.2026

E-Tender Notice

Digitally signed e-bids are invited on behalf of the Chairman , U.P. Jal Nigam (URBAN) for execution of following works from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-Bid documents will be available for download from 26.11.2026 by 12.00 Hrs. submission of e-bid till 03.12.2026 upto 17.00 Hrs. and opening of e-bid (technical) on 04.12.2026 at 14.00 Hrs Details are also available on U.P. Govt e-procurement portal http://etender.up.nic.in.

A- S.I.T.C. of 09 mtr Semi High Mast Light at Different places in Distt- Varanasi, Under Sanshad Sthaniya Kshetra Vikas Nidhi Programme.

Project Manager

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि सेवानिवृत्ति हवलदार अवधेश नारायण सिंह आर्मी नंबर 02978 419A मेरे सर्विस बुक में मेरी पत्नी पुष्पा देवी का जन्म तिथि 30 जून 1964 है जो गलत है, सही जन्मतिथि 30 जून 1969 है सही जन्मतिथि मेरे रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। पुत्र स्वर्गीय छविनाथ सिंह ग्राम इटहरा लीलापुर पोस्ट व थाना करंडा जिला गाजीपुर

सूचना- सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा सन् 2009 अनु.-3119306 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **सलोनी चौरसिया**, पुत्री-रमेश चौरसिया, पता सी14/142डी-3के सोनिया सिगरा वाराणसी मो. 9554870170

सूचना

सूचना: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3414676 का अंक पत्र, व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **अनिकेत कुमार गौड़** पुत्र रामआधार गौड़ ग्राम मई, पोस्ट मई ,जौनपुर

सूचना-मेरे पुत्र विक्की शर्मा पुत्र विरेन्द्र शर्मा के नौकरी रिकार्ड में मेरी जन्मतिथि ०१/०१/१९७४ ई० अंकित हैं जो गलत है । जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड व अन्य प्रमाण पत्र में मेरी जन्मतिथि ०३/०१/१९७०ई० है। जो सत्य व सही है। ऐसे में मेरी जन्मतिथि मेरे पुत्र के सर्विस बुक रजिस्टर में शुद्ध व सही जन्मतिथि ०३/०१/१९७० ई० अंकित कर दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। **कालिन्दी देवी** पत्नी: विरेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम मरकनिया पो० नईकोट तहसील सकलडीहा जनपद चन्दौली।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

OFFICE OF THE PROJECT MANAGER

Construction & Design Services, (E/M Wing), U.P. Jal Nigam (Urban), Varanasi

Letter No.: 1366/M-4/256 **Dated:** 12.11.2026

E-Tender Notice

Digitally signed e-bids are invited on behalf of the Chairman , U.P. Jal Nigam (URBAN) for execution of following works from eligible, reputed and experienced bidder. Detailed E-Bid documents will be available for download from 26.11.2026 by 12.00 Hrs. submission of e-bid till 03.12.2026 upto 17.00 Hrs. and opening of e-bid (technical) on 04.12.2026 at 14.00 Hrs Details are also available on U.P. Govt e-procurement portal http://etender.up.nic.in.

A- Supply and Installation of India Mark II Handpump at Different places in Distt- Varanasi, Under Vidhan Mandal Kshetra Vikas Nidhi Programme.

Project Manager

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक(विद्युत/सामान्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से 'खुली/एकल निविदायें' आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. निविदा सूचना संख्या:** ई-निविदा-एल-45-26-27; **निविदा का प्रकार:** एकल; **कार्य का नाम:** बनारस (02 अदद), छपरा (01 अदद) एवं सीवान (01 अदद) रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज (G+1) पर स्थापित जॉनसन मेक की 04 अदद लिफ्टों का OEM के माध्यम से 05 वर्षों हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध का कार्य; **अनुमानित लागत:** ₹32,33,652/-; **अमानत राशि:** ₹64,700/-; **कार्य समापन का समय:** 60 महीने; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे; **क्र.सं. 2. निविदा सूचना संख्या:** ई-निविदा-एल-46-26-27; **निविदा का प्रकार:** खुली; **कार्य का नाम:** वाराणसी मंडल के सलेमपुर, थावे, कप्तानगंज एवं भटनी रेलवे स्टेशनों पर लिफ्टों के प्रावधान हेतु विद्युत कनेक्शन संबंधी कार्य एवं अन्य संबद्ध कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹26,48,323.66; **अमानत राशि:** ₹53,000/-; **कार्य समापन का समय:** 04 महीने; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे। **क्र.सं. 3. निविदा सूचना संख्या:** ई-निविदा-एल-47- 26-27; **निविदा का प्रकार:** खुली; **कार्य का नाम:** प्रयागराज रामबाग-छपरा सेक्शन कार्य के अंतर्गत वाराणसी सिटी-छपरा सेक्शन के ब्लॉक सेक्शन में 34 अदद ऑटो रिले हट्स के प्रावधान हेतु विद्युत कनेक्शन संबंधी कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹66,24,842.20; **अमानत राशि:** ₹1,32,500/-; **कार्य समापन का समय:** 06 महीने; **निविदा समापन की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** 04.12.2026 को 14:30 बजे। उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य

मुजाधि/विद्युत-261 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक:- 5376 / 183काम-वा0वृत्त / 2026-27 दिनांक: 05.11.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार सेतु श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
राज्य योजनान्तर्गत (विधान सभा-चकिया) स्वीकृति की प्रत्याशा में-										
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली में ग्राम पंचायत हलुआ के पास कर्मनाशा नदी पर रपटा के स्थान पर 10x5x6 मी0 बाक्स कल्वर्ट के निर्माण कार्य।	375.00	20.75	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 17.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 26.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 26.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।)

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:-260879 दिनांक-12.11.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी

(Email ID-secirclevaranasi@gmail.com)

पत्रांक:- 5377 / 183काम-वा0वृत्त / 2026-27 दिनांक: 05.11.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त लो0नि0वि0, वाराणसी उ0प्र0, के अन्तर्गत निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चन्दौली में निम्न सारणी के कॉलम-11 के अनुसार मार्ग श्रेणी के पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत 5 वर्षीय अनुरक्षण सहित (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधि0 अभि0 कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
राज्य सड़क निधि योजनान्तर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (विधान सभा-चकिया) स्वीकृति की प्रत्याशा में-										
1	चन्दौली	जनपद चन्दौली में एस0एच0-97 किमी0-39 के भभौरा नाका से मूसाखॉड होते हुए शहाबगंज बार्डर तक मार्ग के चैनेज 9.000 से 12.000 तक चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण का कार्य।	460.00	25.00	Rs. 2714.00 (Including GST)	10 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 चन्दौली	वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0 वाराणसी	वाराणसी क्षेत्र, लो0नि0वि0 वाराणसी	A

बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर दिनांक 17.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे से दिनांक 26.11.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 26.11.2026 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते है, इसकी तकनीकी बिड दिनांक 26.11.2026 को समय 12:30 बजे, कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0, वाराणसी में ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदाएं प्रहरी साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी तथा निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा, जिसका विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में लगाई गयी समस्त शर्तो/नियमों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जॉच कर ली गयी है, जो सही है।

(कृष्ण कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
चन्दौली

(प्रवीण कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
वाराणसी वृत्त, लो0नि0वि0,
वाराणसी

उ.प्र.:-260881 दिनांक-12.11.2026 वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

रंग-रोगन और सफाई के बाद बेदी बनाने में जुटे नौजवान और बच्चे

नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व, बाजार में चार गुना दाम पर बिकी लौकी

आजमगढ़। सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व डाला छठ को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में पहुंच गई हैं। नदी-सरोवरों के किनारे साफ-सफाई और रंग-रोगन के साथ बेदी बनाने में बच्चों से लेकर नौजवान तक जुटे रहे। नहाय-खाय यानी लौकी-भात के सेवन के साथ बिहार का महापर्व सूर्य षष्ठी व्रत (डाला छठ) शुक्रवार से शुरू हो जाएगा। सूर्योपासना के पर्व को लेकर अभी से आस्थावानों में ऊर्जा का संचार दिखने लगा है। व्रत करने वाली महिलाओं का उत्साह तो पूछना ही नहीं है। पहले दिन यानी चतुर्थी को भोजन में लौकी का विशेष प्रयोग होने के कारण एक दिन पहले से ही लौकी का भाव आसमान छूने लगा। रोज के दिनों में बीस रुपये किलो बिकने वाली लौकी गुरुवार को फुटकर बाजार में अस्सी रुपये तक पहुंच गई



थी। हालांकि, थोक दुकानों पर कुछ कम रहा।

छठ के व्रत में शुद्धता का खास महत्व है और इसमें वाह्य के साथ ही अन्त: को भी शुद्ध रखने की मान्यता है। इसे ध्यान में रखते हुए व्रत करने वाली महिलाएं चौथ के दिन से ही सुपाच्य भोजन ग्रहण करती हैं। इस क्रम में शुक्रवार को व्रती महिलाएं भोजन में लौकी मिश्रित चने की दाल के साथ चावल ग्रहण करेंगी और भोजन में सेंधा नमक का उपयोग किया जाएगा। चौथ को हल्का भोजन लेने के दूसरे दिन शनिवार यानी पंचमी को दिन भर महिलाएं निराजल व्रत रहेंगी और शाम को एक बार भोजन ग्रहण करेंगी। इस दिन को

डाला छठ

छठ को लेकर हर तरफ आस्थावानों में दिखने लगा ऊर्जा का संचार

आम तौर पर ज्ञान पंचमी तथा बिहार में बोलचाल की भाषा में खरना कहा जाता है। शाम को गाय के दूध में गुड़ व साठी के चावल का खीर और शुद्ध आटे की पूड़ी बनाई जाएगी तथा उसे व्रती महिलाएं एक बार ग्रहण करेंगी। उसमें भी पुरानी परंपरा यह है कि भोजन के दौरान अगर किसी ने पुकार दिया अथवा उसमें कंकड़ आदि निकल गया तो उसके साथ ही भोजन छोड़ दिया जाता है। भले ही हलक के नीचे पहला निवाला ही क्यों न गया हो। दूसरी ओर छठ पूजा के लिए घाटों पर बेदी बनाने का काम तेज हो गया है। इसमें युवा और बच्चे जी-जान से जुट गए है। स्थानीय पूजा कमेटियों द्वारा इसके लिए कुछ शुल्क भी लिया जा रहा है। पूजा कमेटी के सदस्यों के मुताबिक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वे अपने स्तर से प्रकाश आदि की सारी व्यवस्था करते हैं। शहर के सिधारी, कदम घाट, गौरीशंकर घाट, दलाल घाट, भोला घाट, बलुअहा घाट, मोहटी, राजघाट, नरौली घाट, शाहीपुल घाट आदि घाटों पर बेदी बनाने का काम शुरू हो गया है। वहीं पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू हो गई है। वैसे अभी सभी फल बाजार में नहीं आए हैं, लेकिन सूप और दउरा की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ दिखने लगी है।

कार्यकर्ता मिलन समारोह में हरेंद्र सिंह का सम्मान



आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ता मिलन समारोह कर एक दूसरे से हाल-चाल किया तथा हरेंद्र सिंह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य होने की बधाई देते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत जहानागंज स्थित दीनदयाल उत्तर माध्यमिक विद्यालय तुलसीपुर के प्रांगण में कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश राम गिरी एवं संचालन वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने किया। एमामुद्दीन मंदे, ज्ञानपाल सिंह, जितेंद्र प्रजापति, युगल किशोर, इन्द्रेश चौहान, अंकित सिंह, संजीव सिंह, रविंद्र चौहान, विजय कुमार सिंह, पंकज सिंह, रामनिवास यादव, रम्पु यादव, आनन्द गुप्ता, चंद्रभान सिंह, सुरेंद्र कुमार सिंह, राजनाथ सिंह मुन्ना, रामकृपाल सिंह, टिलटू राम, अरविंद सिंह, सुनील कुमार दुबे, नंदलाल राम, कवलधारी राम, राजाराम राजभर, रविंद्र पाल सिंह, आलोक कुमार सिंह, तेजन सिंह, दीनानाथ राम, घनश्याम सिंह, अरविंद सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन व खुद के सम्मान के लिए हरेंद्र सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरिऔध कला केंद्र में स्थापित होगा संग्रहालय, पुस्तकालय

आजमगढ़। जनपद की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने तथा उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की पहल पर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हरिऔध कला केंद्र में संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना तथा क्यूरेशन के लिए शासन द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अनुमानित लागत 2.50 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इस परियोजना के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। परियोजना के अंतर्गत हरिऔध कला केंद्र में संग्रहालय एवं पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से जनपद की समृद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत, महान साहित्यकारों के योगदान तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण धरोहरों को संरक्षित करने और प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

तमसा नदी में मिला दो दिन से लापता वृद्धा का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कजराकोल गांव के पास गुरुवार सुबह तमसा नदी में एक वृद्धा का उतराया हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। वृद्धा दो दिन पूर्व दुर्वासा धाम पर स्नान करने के लिए घर से निकली थीं। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के मौना गांव निवासी 66 वर्षीय संजाफी दो दिन पहले घर से दुर्वासा धाम पर स्नान करने के लिए निकली थीं। देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इस दौरान नदी किनारे उनका चश्मा और चप्पल मिला था। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई थी। इसके बाद से परिवार के लोग नदी और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार सुबह कजराकोल गांव के पास तमसा नदी में वृद्धा का शव उतराया दिखाई दिया। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान संजाफी के रूप में की।

तीन लोगों की स्मृति में सभा का आयोजन

आजमगढ़। निजामाबाद क्षेत्र स्थित परसहा गांव में बुधवार की शाम सतिराम उर्फ फोटो, हुबराज यादव और सुखदेव पहलवान की पुत्री रुक्मिणी की स्मृति में श्री वंशीधर जूनियर हाई स्कूल में स्मृति सभा और काव्यपाठ का आयोजन हुआ। भाकपा और साहित्य से दोस्ती पुस्तक केंद्र की ओर से ओर से हरिगेन राम के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिमंदिर पाण्डेय और संचालन सीपीआई जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने किया। दूसरे सत्र में काव्यपाठ की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के जिलाध्यक्ष कवि राजाराम सिंह ने किया। इस मौके पर कवि बालेदीन यादव, डॉ. जितेंद्र नूर, बैजनाथ गंवार, अभिराज बेदर्दी, राजनाथ राज, रामजतन यादव जतिन ने अपनी रचनाओं से लोगों को प्रभावित किया। आभार ज्ञापन डॉ. राम नारायण राम ने किया।

स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक

आजमगढ़। आईटीसी मिशन सुनहरा कल की ओर से आयुषी सिंह द्वारा नगर पालिका परिषद का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेश वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वच्छ भारत मिश संत कुमार, सफाई नायक रामचन्द्र सिंह, नेसार, अर्बन कोआर्डिनेटर विपिन राय के साथ भ्रमण के दौरान कालीचौरा एवं एलवल मोहल्ला समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुषी सिंह द्वारा समिति के सदस्यों के साथ उनकी भूमिका, कार्यों एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, अपने वार्ड के अतिरिक्त अन्य वार्डों में भी स्वच्छता एवं साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा उन्हें स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में मोहल्ला समितियों की संभावित भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया।

बच्चों ने सजाये आकर्षक स्टाल, विजेताओं को मिले पुरस्कार



अतरौलिया, आजमगढ़। रतुवापार स्थित डॉ. सुशीला तिवारी ग्रामीण इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित बाल मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों व पौधों के आकर्षक स्टॉल लगाए। बच्चों के उत्साह और रचनात्मकता को देखने के लिए ग्रामीण अंचल के लोगों की भीड़ उमड़ी। मेले में लोगों ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण लकी ड्रा रहा, जिसके माध्यम से पांच विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि बूढ़नपुर उपजिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और विशिष्ट अतिथि विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व मंत्री शंभूनाथ सिंह रहे। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद एसडीएम ने लकी ड्रा निकालकर

ग्रामीण इंटर कालेज में बाल मेले का आयोजन, दिखा उत्साह

पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की। इसमें प्रथम पुरस्कार सूटकेस आर्यन, द्वितीय पुरस्कार कैसरोल सेट रूपा, तृतीय पुरस्कार डिनर सेट हर्ष यादव, चौथा पुरस्कार प्रेस अर्पित और पांचवां पुरस्कार वाटर जग सुनैना को मिला। इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह, प्रधानाचार्य मस्तराम मौर्य , सुरेंद्र यादव, विनोद सिंह, इंद्रदेव, दालसिंगार, गीता, सुप्रिया, खुशी, शिवांगी सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के जमुड़ी बाजार के पास बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक माता-पिता का इकलौता बेटा था। नगर कोतवाली क्षेत्र के मुकेरीगंज मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय सलीम ई-रिक्शा सवारी लेकर सठियांव गया था। रात करीब नौ बजे सवारी छोड़कर वह घर लौट रहा था। रास्ते में मुबारकपुर थाना क्षेत्र के जमुड़ी बाजार के पास उसने सामान खरीदने के लिए एक दुकान की ओर जाने लगा। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सलीम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी।

ट्रैक्टर के पहिये से कुचलकर चालक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। पवई थाना क्षेत्र के ओरिल डिहवा गांव के पास बुधवार शाम ट्रैक्टर ठीक करते समय अचानक उसके स्टार्ट हो जाने से पहिए से कुचलकर चालक की मौत हो गई। रास्ते में ट्रैक्टर खराब होने पर चालक उसे ठीक कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर चल पड़ा और वह उसके पहिये के नीचे आ गया। पवई थाना क्षेत्र के नाहरपुर गांव निवासी 40 वर्षीय प्रदीप यादव बुधवार को वह धान की कुटाई करने के लिए ट्रैक्टर लेकर घर से निकले थे। शाम को लौटते समय ओरिल डिहवा गांव के पास उनका ट्रैक्टर खराब हो गया। प्रदीप ट्रैक्टर के अगले पहिये पर बैठकर पंप मारने के बाद उसे ठीक करने लगे। इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट होकर आगे बढ़ गया। इससे प्रदीप संतुलन खोकर नीचे गिर पड़े और ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रदीप को उपचार के लिए जौनपुर जिले के शाहगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

धूल तेरे चरणों की लेकर माथे तिलक लगाया...

मुबारकपुर, आजमगढ़। रोडवेज स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार की रात मां भगवती जागरण का आयोजन

मुबारकपुर के रामलीला मैदान रोडवेज पर भगवती जागरण का आयोजन

किया गया। इस दौरान हनुमान आदि की झांकी ने भी लोगों को प्रभावित किया। रात्रि 8 बजे से 5 बजे भोर तक चले जागरण में मऊ से आए देवानंद देव ने 'जलवा चढ़ाइबों ए पिया कलशा धरइबों...तथा 'जग तारन घर में दियना बार अइनी हो' व 'गजबे रूप सुहावन लागे हो दुर्गा माई के' भजन की प्रस्तुति देकर भक्तों को खूब झुमाया। उसके बाद जौनपुर से आईं पारुल नंदा ने 'धूल तेरे चरणों की लेकर माथे तिलक लगाया, यही कामना लेकर मैया द्वारे तेरे मैं आया की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद उन्होंने 'श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल के नगीने में...' व 'सुन लो मेरी पुकार पवनसुत विनती बारंबार' से महाबली की आराधना की। देवराहा बाबा देवरिया से चलकर आए मृत्युंजय लाल यादव ने 'मैहर के भवानी मैया शारदा', 'देवरिया से चलकर आएंगे मुबारकपुर छठ मनाएंगे' की प्रस्तुति से छठ पूजा के नजकीक आने का अहसास कराया।

प्रयागराज से आए जितेंद्र बजरंगी, काशी से आईं प्रियंका पांडेय आदि ने भी अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। इस मौके पर आयोजक बृजेश चौरसिया, अरविंद कुमार जायसवाल, विभा बरनवाल, जियाउल्लाह अंसारी, रामप्रवेश यादव, जयराम यादव, मनोज जायसवाल, अंकित जायसवाल, राजू गोंड आदि मौजूद रहे।



सोफीपुर धान क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया शुभारंभ

लालगंज, आजमगढ़। गुरुवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने सोफीपुर स्थित धान क्रय केंद्र पर धान खरीद का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामसभा सोफीपुर के किसान रामशब्द राय के धान की तौल कराकर खरीद प्रक्रिया शुरू की गई। शुभारंभ के अवसर पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों का धान निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर और उचित मूल्य पर खरीदा जाए तथा भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। इस दौरान अनिल राय, संतोष विशाल राय, शुभम राय सहित क्षेत्र के किसान व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बंधवा महादेव मंदिर का ७५ लाख की लागत से होगा सुंदरीकरण

भीरा, आजमगढ़। बरदह-मार्टीनगंज मार्ग स्थित प्रसिद्ध बाबा बंधवा महादेव मंदिर के सुंदरीकरण

भाजपा एमएलसी, उनके प्रतिनिधि ने भूमि पूजन के साथ किया शुभारंभ

कार्य का गुरुवार को भाजपा एमएलसी व उनके प्रतिनिधि ने भूमि पूजन के साथ शुरू किया। यह कार्य भाजपा एमएलसी रामसूरत राजभर व प्रतिनिधि अखंड प्रताप राय के सहयोग से प्रारंभ हुआ है। इस योजना की कुल लागत लगभग 75 लाख रुपये है। सुंदरीकरण के अंतर्गत मंदिर परिसर में यात्री हाल, बोरिंग, इंटरलॉकिंग, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, बेंच व साइन बोर्ड का निर्माण होना है। इस कार्य का ठेका फर्म यश इंटरप्राइजेज को दिया गया है। भक्तों को अब मंदिर पर रुकने, बैठने, पीने के पानी और रात्रि में प्रकाश की बेहतर सुविधा मिलेगी। बरसात और गर्मी में भी श्रद्धालुओं को परेशानी नहीं होगी। एमएलसी रामसूरत राजभर ने बताया कि पूरे जनपद में मंदिरों पर लाइट व सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है, जिसका कार्य जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बाबा बंधवा महादेव मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र है, यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर का सुंदरीकरण होने से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा।

छठ पूजा के लिए सैकड़ों बेदिया बनकर तैयार



मार्टीनगंज, आजमगढ़। तहसील क्षेत्र के सिकरौर सहबरी एवं असई ग्राम सभा के बीच में स्थित पोखरे एवं पुष्पनगर पुरानी बाजार में बने विशाल पोखरे के किनारे छठ पूजा के लिए सैकड़ों बेदिया बनकर तैयार हैं, पर इन पोखरों में प्रशासनिक तैयारियों के दावे डूबते ही नजर आ रहे हैं। घाटों की सफाई तो दूर की बात है, पानी भी गंदा। मार्टीनगंज उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने एवं घाटों की साफ-सफाई व श्रद्धालुओं के सुविधाओं के लिए संबंधित विभागों को लेटर जारी किया गया था।

पिस्तौल के साथ रील बनाने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़। बिलरियागंज पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तमंचे के साथ रील बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से तमंचा एवं कारतूस बरामद किए गए। एसआई अक्षयदीप सिंह की टीम ने ग्राम इमलीपुर स्थित ईंट भट्ठे के पास से विकास यादव पुत्र संतराज यादव निवासी ग्राम कुर्थीपुर तथा एसआई संतोष कुमार पाठक की टीम ने गोरिया नहर पुलिया के पास से विकास यादव पुत्र विरेन्द्र यादव निवासी वार्ड नंबर 11 शिवनगर को गिरफ्तार किया।

साइबर ठगी के शिकार को १४ हजार कराये वापस

आजमगढ़। रौनापार थाने के साइबर टीम ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 13,840.23 रुपये वापस कराकर राहत दी है। रिंकी गौड़ पत्नी सुरेन्द्र गौड़ निवासी ग्राम करीमुल्लाह पट्टी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि उनके पति सुरेन्द्र गौड़ ने विदेश जाने के लिए एक एजेंट को 2.5 लाख रुपये दिए थे, किन्तु एजेंट द्वारा न तो उन्हें विदेश भेजा गया और न ही धनराशि वापस की गई। शिकायत पर साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से ई-मेल एवं वार्ता के माध्यम से समन्वय स्थापित कर कुल धनराशि में से 1,86,273.02 रुपये विभिन्न खातों में होल्ड कराए गए। होल्ड धनराशि में से 13,840.23 रुपये पोर्टल के माध्यम से सुरेन्द्र गौड़ के बैंक खाते में वापस कराए गए।

दहेज प्रतिषेध मामले में दो वारंटी गिरफ्तार

आजमगढ़। नगर कोतवाली एसआई सौरभ त्रिपाठी की टीम ने गुरुवार को सुबह लगभग 11 बजे दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमें से संबंधित दो वारंटियों को उनके घर ग्राम मड़या जयरामपुर, कठवा पुल से गिरफ्तार किया। पकड़े गए वारंटियों में कृष्ण मोहन वर्मा व जयशंकर वर्मा पुत्र विश्वनाथ सेठ शामिल हैं।

पत्थर उखाड़ने, सरकारी कार्य में बांधा डालने पर १३ लोगों पर मुकदमा दर्ज

सगड़ी, आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कठैचा गांव में मंगलवार को दोपहर बाद एसडीएम के

पैमाइश करने गयी टीम को बंधक बनाने का किया गया था प्रयास

आदेश पर पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम के साथ दुर्व्यवहार करने, पत्थर उखाड़ने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में दीपक कुमार पुत्र स्व. कमलेश की पत्थर नसब की कार्रवाई के लिए राजस्व निरीक्षक राजू रंजन श्रीवास्तव के साथ लेखपाल प्रभात चौहान, आशुतोष झा, समरजीत, भैरो प्रसाद व एसआई अमित वर्मा सिपाहियों के साथ पहुंचे थे। पूर्व में कच्ची पैमाइश की गई थी और पत्थर नसब के लिए टीम ने पत्थर गाड़ दिया। आरोप है कि टीम पत्थर नसब कर लौटने लगी तो दो दर्जन से ऊपर लोगों ने राजस्व टीम को बंधक बनाने और कागजात आदि फाड़ने का प्रयास किया। किसी तरह पुलिस ने हस्तक्षेप कर सभी राजस्व कर्मियों को जीयनपुर कोतवाली पहुंचाया जहां से लोग तहसील के लिए चले गए। बुधवार को राजस्व निरीक्षक राजू रंजन श्रीवास्तव ने एसडीएम से आपबीती बताई। उसके बाद दीपक कुमार पुत्र कमलेश द्वारा लिखित तहरीर लेकर एसडीएम संजीव कुमार राय के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक दीपक को लेकर जीयनपुर कोतवाली पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने पत्थर उखाड़ने व सरकारी कार्य के मामले में 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

मांगों को लेकर आज कार्य बहिष्कार करेंगे स्वास्थ्यकर्मी

बलरामपुर, आजमगढ़। लंबित मांगों पर शासन और प्रशासन की अनदेखी से नाराज स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अब आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर जिले के डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रणविजय सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के कर्मचारी एक दिवसीय कार्य बहिष्कार करेंगे। इस दौरान कर्मचारी सीएमओ कार्यालय परिसर में जुटकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार से जिला अस्पताल समेत जिले के विभिन्न सरकारी चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है।

कपड़ा व्यवसायी के घर से लाखों का माल किया पार



फरिहां, आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के असीलपुर गांव में चोरों ने बुधवार की रात एक कपड़ा व्यवसायी के मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़कर घर में घुसे और कमरों में सो रहे परिवार के सदस्यों को कमरों में बंद कर चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार असीलपुर गांव निवासी शंकर यादव पुत्र बंशू यादव की घर से कुछ दूरी पर कपड़े की दुकान है। बुधवार की रात दुकान बंद कर घर पहुंचे और भोजन के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरों में सो रहे थे। रात करीब 12 बजे घर की महिलाओं को कुछ आहट सुनाई दी, तो संदेह होने पर उन्होंने जागकर खिड़की से बाहर देखा तो हाल के गलियारे के पास एक व्यक्ति खड़ा दिखाई दिया। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। आवाज सुनकर बगल के कमरे में सो रहे उनके पुत्र देवेंद्र की नींद खुल गई। देवेंद्र ने बाहर निकलने के लिए दरवाजा खोलना चाहा तो पता चला कि दरवाजा बाहर से बंद है। चोरों ने घर के सभी कमरों में सो रहे लोगों के दरवाजे बाहर से पहले ही बंद कर दिए थे। देवेंद्र ने किसी तरह दरवाजे को धक्का देकर बाहर लगी कुंडी तोड़कर खुद को बाहर निकाला और अन्य कमरों के दरवाजे खोले। इस संबंध में शंकर यादव ने निजामाबाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में घट रही आए दिन चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासी काफी भयभीत हैं।

अतरौलिया सीट को लेकर एनडीए के दो घटकों में जुबानी घमासान

पहले सुभासपा ने ठोंका था दावा और अब निषाद पार्टी बता रही अपना, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने निषाद पार्टी के लिए छोड़ी थी यह सीट

अतरौलिया, आजमगढ़। अतरौलिया विधानसभा सीट एनडीए गठबंधन में किस पार्टी को मिलेगी, यह तो फिलहाल अभी तय नहीं है, लेकिन इस सीट को लेकर दो घटक दलों में जुबानी घमासान अभी से दिखने लगे हैं। एक ओर जहां काफी दिनों से अतरौलिया में डेरा डाल रहे सुभासपा मुखिया ओमप्रकाश राजभर और अरुण राजभर इस सीट पर खुद चुनाव लडने की बात कह चुके हैं, वहीं निषाद पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश सचिव अनिल निषाद ने पिछले शनिवार को प्रथम गृह जनपद आगमन पर दो टूक कहा कि अतरौलिया सीट निषाद पार्टी के कोटे की है और 100 फीसदी यहां से निषाद पार्टी का ही प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। फिर कुछ ही दिनों बाद पूर्व निषाद पार्टी के पूर्व



प्रत्याशी प्रशांत सिंह ने कहा कि यह सीटी निषाद पार्टी की थी, है और आगे भी रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में निषाद पार्टी ने यहां से प्रशांत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया था और वह दूसरे नंबर पर थे। अब निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव अनिल निषाद ने अतरौलिया विधानसभा सीट को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। अब ऐसे में आगे क्या फैसला होगा, इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। विधानसभा सीट को लेकर सुभासपा व अन्य सहयोगी दलों की दावेदारी और सक्रियता पर पूछे गए सवाल का दो टूक जवाब देते

दावेदारी

काफी दिनों से सुभासपा मुखिया और अरुण राजभर तैयार करने में लगे हैं जमीन

हुए अनिल निषाद ने कहा कोई क्षेत्र में 3 साल से सक्रिय है, जबकि हम पिछले 10 वर्षों से जनता के बीच रहकर निरंतर काम कर रहे हैं। आवास बनाना किसी का व्यक्तिगत विषय हो सकता है, बड़े नेता कहीं भी अपना आवास बना सकते हैं, लेकिन गठबंधन धर्म के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने यह सीट निषाद पार्टी को दी थी। यह सीट निषाद पार्टी के कोटे में थी, है और आगे भी रहेगी। इसमें किसी को कोई संदेह नहीं होना चाहिए।

अनिल निषाद ने कहा कि वर्ष 2018 से निषाद पार्टी में सक्रिय राजनीति कर रहे हैं। वर्ष 2018 से 2022 तक जिलाध्यक्ष और उसके बाद चार साल जिला संयोजक के रूप में संगठन को सींचा। उन्होंने बताया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में महज 14,128 वोटों के मामूली अंतर से पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। उस समय आजमगढ़ की सभी दसों सीटों पर समीकरण विपरीत थे और बिहार की एक दल ने लगभग 3600 वोट काटकर नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने दावा किया कि अब समाज पूरी तरह जागरूक और एकजुट है, वोट बंटने वाला नहीं है। नए समीकरणों और सभी सहयोगियों के साथ आने से इस बार अतरौलिया में निषाद पार्टी का विधायक बनना तय है। आगामी रणनीतियों का खुलासा करते हुए प्रदेश सचिव ने कहा कि इस बार पार्टी पूरी मजबूती से मैदान में उतरेगी। लक्ष्य केवल अतरौलिया ही नहीं, बल्कि अतरौलिया और सगड़ी दोनों विधानसभा क्षेत्रों से निषाद पार्टी के सिंबल पर विधायक जिताकर विधानसभा भेजने का है, ताकि समाज और क्षेत्र की जनसमस्याओं का स्थायी समाधान कराया जा सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि बहुत जल्द अतरौलिया विधानसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद का एक ऐतिहासिक महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा,

गायिका तनु श्रीवास्तव के घर पहुंचे कारागार मंत्री, बढ़ाया उत्साह



आजमगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने बुधवार को अपने जनपद प्रवास के दौरान मोहल्ला आरजी बाग स्थित गायिका तनु श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचकर उनसे और उनके परिजनों से शिष्टाचार भेंट की और उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों का कुशलक्षेम जाना और तनु श्रीवास्तव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि तनु श्रीवास्तव पिछले करीब दो दशकों से गायन के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने जी टीवी के कार्यक्रम सारेगामा लिटिल चैंप्स सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर कई पुरस्कार हासिल किए हैं। मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि तनु ने अपनी प्रतिभा और मेंहनत से जिले को गौरवान्वित किया है। प्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्रालय से जुड़े किसी भी कार्यक्रम या अन्य कार्य में सहयोग की आवश्यकता होने पर वह हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी परिवार के साथ उनके पारिवारिक संबंध रहे हैं और आगे भी वह अपना सहयोग जारी रखेंगे। इस अवसर पर परिवार की मुखिया एवं तनु की दादी मिथिलेश श्रीवास्तव, पिता विवेक श्रीवास्तव, माता नीलम श्रीवास्तव, तन्मय, लोकेश, डॉ. नरेंद्र, राम नारायण लाल, अमन, आकार्श, प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

ददरी मेले में आने लगे पशु व्यापारी, डीएम ने परखी व्यवस्थाएं

ददरी मेले में पशु लेकर आने वाले व्यापारियों को नहीं रोकेगी पुलिस, पीलीभीत, हरियाणा, पंजाब और बिहार के व्यापारी पहुंचे बलिया



बलिया। जनपद की ऐतिहासिक पहचान और देश के प्रमुख पारंपरिक मेलों में शुमार ददरी मेला छह साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर अपनी पुरानी रंगत में लौटने को तैयार है। पारंपरिक पशु मेले के आयोजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने गुरुवार को पशु मेला परिसर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेले में पशुओं के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष और नगर मजिस्ट्रेट के साथ मेला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले के सफल आयोजन और व्यापारियों एवं दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। करीब छह साल बाद पारंपरिक पशु मेले के पुन: आयोजन को लेकर पशु व्यापारियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। मेले में पीलीभीत के साथ हरियाणा, पंजाब, बिहार सहित अन्य राज्यों से व्यापारी अपने पशुओं के साथ पहुंचने लगे हैं। बाहरी राज्यों से व्यापारियों के आगमन के साथ ही मेला क्षेत्र में रौनक बढ़ने लगी है। ददरी मेले की परंपरा के अनुसार इसकी शुरुआत पशु मेले से होती है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से व्यापारी और पशुपालक हिस्सा लेते हैं। प्रशासन की ओर से इस बार ददरी मेले को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। मेले में आने वाले व्यापारियों और दर्शकों के मनोरंजन के लिए उच्च स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। अधिकारियों ने देशभर के पशु व्यापारियों और आमजन से इस ऐतिहासिक मेले में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि दूसरे राज्यों से पशु लेकर आने वाले व्यापारियों को रास्ते, पुल और सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली संभावित परेशानियों को लेकर भी प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जनपद के सभी संबंधित थाना प्रभारियों (एसएचओ) को निर्देशित किया गया है कि ददरी मेले में पशु लेकर आने वाले व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उनकी आवाजाही सुगम बनाई जाए और सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी तरह की अनावश्यक बाधा उत्पन्न न हो। प्रशासन की इस पहल से बाहरी राज्यों से आने वाले पशु व्यापारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। छह साल बाद आयोजित हो रहे पशु मेले को लेकर अब व्यापारियों के साथ-साथ बलिया के लोगों में भी उत्साह बढ़ने लगा है। निरीक्षण में सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, चेयरमैन संत कुमार गुप्ता उर्फ मिठाई साल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

४३ दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

बलिया। जिले के पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने पांच महिला उपनिरीक्षकों समेत 43 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें 12 चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। तबादला सूची में कई थानों और चौकियों के प्रभारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपनिरीक्षक शुभम दूबे को मासूमपुर से सीयर चौकी प्रभारी, सूरज कुमार को सुल्तानपुर से जापलिनगंज चौकी प्रभारी और अजय कुमार को जापलिनगंज से सुल्तानपुर भेजा गया है। कृष्णानंद विश्वकर्मा को बसंतपुर से जयप्रकाश नगर, ऋषिकेश गुप्ता को जयप्रकाश नगर से संवरा, सुधीर चौहान को रामगढ़ से गोपालनगर और नीरज यादव को सीयर से मासूमपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में रंजीत कुमार को बसुधरपाह से बेरूआरबारी, दुर्गेश गोंड को गोपालनगर से रतसड़, जयदीप यादव को सिकंदरपुर से बसुधरपाह और बांक बहादुर सिंह को रतसड़ से रामगढ़ चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

कई थानों में भी बदले गये दरोगा

बलिया। सुनील सिंह को बेरूआरबारी से रसड़ा, मयंक कुमार को संवरा से सिकंदरपुर, गणेश पांडेय को फेफना से हल्दी, अरविंद कुमार सिंह को चितबड़ागांव से सहतवार, वसीमुद्दीन खां को सिकंदरपुर से रेवती और शुभेंद्र सिंह को दुबहड़ से नगरा भेजा गया है। श्रवण कुमार सिंह और संजय कुमार यादव को पकड़ी से हल्दी, विनोद कुमार सरोज को कोतवाली से बैरिया, रामशरण यादव को बांसडीहरोड से पकड़ी, संदीप कुमार को बांसडीहरोड से भीमपुरा और मोहम्मद इस्माइल शेख को मनियर से हल्दी थाने में तैनाती मिली है। अच्छेलाल सरोज को मनियर से रेवती और सुधाकर को सहतवार से फेफना भेजा गया है। महिला उपनिरीक्षक मोनिका को सुखपुरा से सिकंदरपुर, शिल्पी श्रीवास्तव को कोतवाली से रसड़ा, प्रिया मौर्या को रसड़ा से कोतवाली, दुर्गावती देवी को महिला थाने से सहतवार और मोनी पांडेय को सहतवार से महिला थाने भेजा गया है। वहीं, सोनाली सिंह को गड़वार से बांसडीह थाने में तैनाती दी गई है।

अन्य दरोगाओं के भी बदले कार्यक्षेत्र

बलिया। पवन कुमार द्विवेदी और गंगा प्रसाद को हल्दी से मनियर, पवन निगम को हल्दी से पकड़ी, मोहम्मद वाहिद को भीमपुरा से बांसडीहरोड और राम सकल यादव को सिकंदरपुर से दुबहड़, मुन्ना राम को सहतवार से चितबड़ागांव, संजय कुमार यादव को पकड़ी से उभांव, संदीप कुमार को चितबड़ागांव से पकड़ी और सुमित कुमार को उभांव से सिकंदरपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार पासवान को बैरिया से कोतवाली, कुलजीत को रेवती से चितबड़ागांव और रमाशंकर यादव को रेवती से गड़वार थाने भेजा गया।

बुलेट की टक्कर से किशोर की मौत, गांव में पसरा मातम

बेरुआरबारी (बलिया)। मां लक्ष्मी की प्रतिमा विसर्जन की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल की चपेट में आने से 14 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां की दुनिया उजड़ गई। अस्पताल से लेकर घर तक मां की करुण चीत्कार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। जानकारी के अनुसार, बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रवलिया में युवकों ने मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की थी। बुधवार की शाम करीब छह बजे युवक भक्ति गीतों पर नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए प्रतिमा विसर्जन के लिए निकले थे। जुलूस नारायपुर-मैरीटार मार्ग पर मिश्रवलिया मोड़ के समीप पहुंचा ही था कि इसी दौरान गांव निवासी द्वारिका राजभर (14) पुत्र जनार्दन राजभर अपने डेरे पर भोजन लेकर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में द्वारिका गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद बुलेट सवार मौके से फरार हो गया।आनन-फानन में परिजन और ग्रामीण घायल किशोर को बांसडीह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय बलिया रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान द्वारिका ने दम तोड़ दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम छा गया। द्वारिका दो बहनों के बीच अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। मां विमला देवी बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पा रही हैं।

पोखरे से बरामद हुआ महेश का शव

खेजुरी (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के खेजुरी बाजार स्थित नाथ बाबा पोखरे में डूबे 40 वर्षीय महेश राजभर का शव करीब 42 घंटे बाद गुरुवार को बरामद हुआ। एनडीआरएफ की टीम ने पोखरे के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर जलकुंभी और खरपतवार में फंसे शव को बाहर निकाला। शव मिलने की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। महेश राजभर (40) पुत्र अलगू राजभर मंगलवार की अपराह्न करीब तीन बजे नाथ बाबा पोखरे में डूब गया था। तलाशी अभियान में दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर जलकुंभी और खरपतवार में फंसा उसका शव दिखाई दिया। एसएचओ सुशील कुमार दुबे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

सागरपाली क्लस्टर खेलों के विजेता हुए पुरस्कृत



बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित फेफना खेल महोत्सव में सागरपाली क्लस्टर के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बृहस्पतिवार को गौरी भईया स्टेडियम, सागरपाली में जिला कोपरेटिव बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे ने बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि फेफना खेल महोत्सव का आयोजन अभूतपूर्व है, युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को मंच देने वाला आयोजन सफलता के नए आयाम रह रहा है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी की जितनी सराहना की जाए कम होगी। खेल समारोह के आयोजक पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने सभी निर्णायकों को सम्मानित किया। सागरपाली क्लस्टर खेलों के तीसरे दिन रस्साकस्सी में बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए। जुनियर बालिका वर्ग में कुल 7 वहीं सीनियर बालक वर्ग में कुल 8 टीमों ने प्रतिस्पर्धा किया। बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में विहान विद्यापीठ ए ने कंपोजिट विद्यालय इन्दरपुर को व दूसरे सेमीफाइनल में रामप्रवेश सिंह इंटर कॉलेज ने विहान विद्यापीठ बी को मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। निर्णायक की भूमिका अरविंद कुमार सिंह, सच्चिदानंद राय, प्रदीप यादव, विनय राय, जिला व्यायाम शिक्षिका नीतू सिंह, सपना चौधरी, जनार्दन सिंह, बैजनाथ सिंह, यशवंत राय, सचिन उपाध्याय, राहुल सिंह, मोहम्मद शमीउल्लाह, अभिषेक कुमार, अनामिका सिंह, प्रियंका तिवारी, शबाना परवीन, नीतू यादव, संगम वर्मा कृष्णा सिंह आदि ने निभाई। संचालन नीरज राय एवं प्रदीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया।

महिला से अवैध संबंध बनाने का दबाव, इंकार पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के टोला शिवन राय गांव में जेठ ने अपने अनुज बधू के साथ अवैध संबंध बनाने, अश्लील हरकत मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर बैरिया पुलिस ने बुधवार को दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी उषा देवी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके पति रोजगार के सिलसिले में मुंबई रहते हैं। ऐसे में वह अपने नाबालिग बच्चों के साथ झोपड़ी में रहकर सब्जी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। आरोप है कि 31 मार्च की शाम सब्जी बेचकर घर लौटते समय रास्ते में उनके जेठ ओमप्रकाश साह चारपाई पर बैठकर शराब पी रहे थे। रास्ते से हटकर झोपड़ी में जाने की बात कहने पर उन्होंने महिला का हाथ पकड़कर चारपाई पर खींच लिया और अश्लील हरकत करते हुए अवैध संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगे। इंकार करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उनका मुंह बंद करने का भी प्रयास किया गया। पीड़िता के अनुसार शोर सुनकर आसपास के लोग और उनकी जेठानी रीता देवी मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि रीता देवी ने भी उन्हें अपमानित करते हुए चुप रहने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि दोनों ने उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की शिकायत पुलिस के उच्चाधिकारियों और जनसुनवाई पोर्टल पर भी की लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। इस संबंध में एसएचओ बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर ओमप्रकाश साह और उनकी पत्नी रीता देवी निवासी टोला शिवन राय के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

छठ महापर्व से पहले संवरेगा बरैया पोखरा

नगर पंचायत चेयरमैन अमरजीत सिंह ने पोखरे का किया निरीक्षण



चितबड़ागांव (बलिया)। लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर बरैया पोखरा के सुंदरीकरण एवं घाटों को आकर्षक स्वरूप देने की कवायद तेज हो गई है। छठ महापर्व से पहले पोखरे को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में नगर पंचायत चेयरमैन अमरजीत सिंह बरैया पोखरा पहुंचे और सुंदरीकरण एवं घाटों के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया कि छठ महापर्व से पहले सुंदरीकरण के सभी कार्यों को हर हाल में अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। इस पर ठेकेदार ने निर्धारित समय के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूरा कराने का आश्वासन दिया। चेयरमैन अमरजीत सिंह ने कहा कि छठ महापर्व क्षेत्र की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर बरैया पोखरा में बड़ी संख्या में छठ व्रती और श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना नगर पंचायत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के लिए स्वच्छ, सुंदर, सुरक्षित और व्यवस्थित घाट उपलब्ध हों।

डाक्टर रामसेवक विकल की पुण्यतिथि पर साहित्यकारों ने किया नमन

बलिया। ईसारी सलेमपुर गांव में बुधवार को प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रामसेवक विकल की 24वीं पुण्यतिथि पर पुण्य स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. रामसेवक विकल साहित्य कला संगम ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित समारोह में साहित्यकार डॉ. आदित्य कुमार 'अंशु' की पुस्तक 'प्रज्ञा पुष्प' का विमोचन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुस्तक परिचर्चा, कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ कोषागार अधिकारी आनंद दुबे ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सत्येंद्र शर्मा रहे। डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय, डॉ. फतेहचंद बेचैन, डॉ. शैलेश सिंह शौर्य और डॉ. गयाशंकर प्रेमी ने 'प्रज्ञा पुष्प' की विषयवस्तु और साहित्यिक पक्षों पर चर्चा की। उन्होंने पुस्तक को समाज का दर्पण बताया। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में 50 से अधिक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। समारोह में साहित्यकारों को विकल प्रज्ञा सम्मान, विकल गौरव सम्मान, विकल स्मृति सम्मान और विकल शिक्षक श्री सम्मान से नवाजा गया। वहीं डॉ. सुनील कुमार ओझा, डॉ. सेराज अहमद, सीताराम शर्मा, सुनील कुमार सरदासपुरी सहित नौ पत्रकारों को विकल पत्रकार सम्मान प्रदान किया गया। अध्यक्षता रत्नेश ओझा 'राही' और संचालन डॉ. सुनील कुमार ओझा ने किया। अंत में आनंद कुमार ने आभार जताया।

कार-आटो की टक्कर में घायल महिला की मौत

फेफना (बलिया)। फेफना थाना क्षेत्र के बन्धैता गांव के पास गड़वार-फेफना मुख्य मार्ग पर बुधवार सुबह ब्रेजा कार और ऑटो की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में घायल 70 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में कार और ऑटो चालक भी घायल हो गए थे। जानकारी के अनुसार ब्रेजा कार चालक उज्ज्वल शुक्ला (45) निवासी बेलवर बारी, थाना सुखपुरा, गड़वार की तरफ से फेफना आ रहा था। वहीं ऑटो फेफना की तरफ से जा रहा था। बताया जा रहा है कि टक्कर के समय कार चालक मोबाइल पर वीडियो कॉलिंग कर रहा था। इसी दौरान बन्धैता मोड़ के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक राजू गुप्ता (20) और ऑटो में सवार बन्धैता निवासी इंद्रावती देवी (70) गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं कार चालक उज्ज्वल शुक्ला को भी चोटें आईं। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर फेफना थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय बलिया पहुंचवाया। इलाज के दौरान इंद्रावती देवी की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि घायलों के परिजन भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

रास्ते के विवाद में युवक को पीटा, तीन पर मुकदमा

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर बैरिया पुलिस ने बुधवार की शाम तीन आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली। जमालपुर निवासी मनोज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि एक नवंबर की शाम रास्ते के विवाद को लेकर कृष्णा सिंह, अशोक सिंह और मनीष कुमार उर्फ छोटू सिंह ने उनके साथ गाली-गलौज की थी। आरोप है कि दो नवंबर की सुबह जब वह मंदिर जा रहे थे, तभी तीनों आरोपितों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई और सिर फट गया। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। इस संबंध में एसएचओ बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पंडित वृंदावन मिश्र की मनी पुण्यतिथि, दी गयी श्रद्धांजलि

बलिया। सोबईबांध स्थित पं. वृंदावन मिश्र शिक्षण संस्थान में गुरूवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. वृंदावन मिश्र की 31वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस



अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी एवं जेपी विचार मंच के संयोजक द्विजेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में पं. वृंदावन मिश्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वे लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के नारे 'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' से बेहद प्रभावित थे। इसी विचार को आत्मसात कर वे स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और देश की आजादी के लिए कई बार जेल भी गए। उन्होंने कहा कि पं. वृंदावन मिश्र का त्याग, संघर्ष और देशप्रेम सदैव याद किया जाएगा। स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में उनकी स्मृतियां हमेशा जीवित रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। इस मौके पर डॉ. श्यामनंदन मिश्र, संतोष शुक्ल, लक्ष्मण यादव, मीना शुक्ल, उषा राय, अमृता, राजकुमारी तिवारी, कमलावती यादव, अक्षय यादव, मुन्ना तिवारी, शिवशंकर (पीटी) और मनोज यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

साधन सहकारी समितियों पर डीएपी नहीं

बेल्थरारोड (बलिया)। तहसील क्षेत्र के सभी साधन सहकारी समितियों पर डीएपी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। क्रय विक्रय बेल्थरारोड,उपकेंद्र सेमरी को छोड़ कर विकास खंड में 15 साधन सहकारी समितियां है। क्रय विक्रय केंद्र बेल्थरारोड और उपकेंद्र सेमरी पर भी गोदाम में डीएपी नहीं है। केवल सचिव कार्यालय खोलकर किसानों को आजकल कह कर सांत्वना दे रहे हैं। क्रय विक्रय केंद्र बेल्थरारोड के सचिव योगेंद्र पांडेय ने बताया कि विकास खंड के बिठुआ, ससना बहादुरपुर, बहुता, बांसपार बहोरवा तुर्तीपार, तिरनई खिजिरपुर, टगुनिया, दोथ, इब्राहिमपट्टी आदि समितियों पर खाद के अभाव में किसानों में हाहाकार मचा हुआ है तथा गोदामों पर ताला लटका हुआ है। डीएपी न मिलने से किसानों को गेहूं की फसल बोने में देरी हो रही है।

नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा छठ महापर्व



बलिया। लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। पूजा सामग्री और फल-सब्जियों की खरीदारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। पर्व को लेकर महिलाओं और पुरुषों में खासा उत्साह है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाए जाने के कारण इसे षष्ठी व्रत या छठ कहा जाता है। यह पर्व संतान की सुख-समृद्धि, रक्षा और दीर्घायु की कामना के लिए किया जाता है। ज्योतिषाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि छठ व्रत करने से पारिवारिक सुख और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस पर्व को स्त्री-पुरुष समान रूप से श्रद्धा के साथ मनाते हैं। उन्होंने बताया कि छठ पूजा की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इसके अगले दिन शनिवार को खरना किया जाएगा। खरना के दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर, रोटी, मूली और फल आदि का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद लगातार 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। महापर्व के तीसरे दिन रविवार को व्रती नदी और जलाशयों के तट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन होगा। मान्यता है कि छठी मैया की पूजा से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

एक नजर इधर भी

खौलते पानी में गिरा छह वर्षीय बालक, झुलसा

बलिया। सिकंदरपुर क्षेत्र के कैथवाली गांव में गुरुवार को लक्ष्मी माता के भंडारे की तैयारी के दौरान छह वर्षीय बालक खौलते पानी में गिरकर झुलस गया। हादसे के बाद परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। जानकारी के अनुसार, गांव में लक्ष्मी माता के भंडारे के लिए प्रसाद तैयार किया जा रहा था। इसके लिए एक बड़े बर्तन में आलू उबाले जा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी राजू का छह वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। बताया जाता है कि खेलते समय एक लड़की से धक्का लगने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह खौलते पानी से भरे बर्तन में जा गिरा। बालक की चीख सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तत्काल बर्तन से बाहर निकाला। हादसे में वह झुलस गया। इसके बाद परिजन उसे सीएचसी सिकंदरपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। परिजनों के अनुसार, उपचार के बाद बालक की हालत में सुधार है।

प्रभु श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

बलिया। आदर्श रामलीला कमेटी नगवा के रंगमंच पर बुधवार की रात कमेटी के कलाकारों द्वारा राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया। अजीत चौबे ने भगवान की आरती करके मंचन का शुभारंभ कराया। रामलीला में पहुंचे जय गणेश जयकांताचार्य, भाजपा नेता टुनजी पाठक, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश पाठक, कांग्रेस नेता ओमप्रकाश तिवारी, नेता हर्ष नारायण सिंह एवं स्थानीय थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने भगवान का माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अध्यक्ष बरमेश्वर पाठक, मंत्री हरेराम पाठक, कोषाध्यक्ष अनिल पाठक एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रकाश पाठक द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। रामलीला को सफल बनाने में जवाहरलाल पाठक, राज नारायण पाठक, दीपक पाठक, जागेश्वर मितवा, हरिशंकर पाठक, सुनील पाठक, कृष्णकांत पाठक, राधा पाठक, गायक गिरधर पाठक, भोला पाठक एवं बाल कलाकार अमन दुलारा आदि मौजूद रहे।

अनबुझ कारणों से लगी आग, हजारों की संपत्ति राख

बैरिया (बलिया)। दोकटी थाना क्षेत्र के श्रीपतपुर गांव में गुरुवार की तड़के सुबह लगी आग में निसार अली का खपरैल व मढ़हे का आशियाना जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में खाद्यान्न,कपड़े नगदी के अलावा साइकिल व अन्य घरेलू सामान जल गया है। पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी सरकारी कर्मचारी, अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

छठ पर्व को लेकर घाटों पर तैयारी शुरू

बांसडीह (बलिया)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं। छठ पर्व को लेकर व्रती महिलाओं और उनके परिजनों में उत्साह देखा जा रहा है। पर्व के मद्देनजर नदी, तालाबों और पोखरों के किनारे साफ-सफाई का कार्य शुरू हो गया है। वहीं, छठ घाटों पर महिलाओं के परिजन पूजा के लिए बेदी बनाने में जुट गई हैं। घाटों पर लोग मिट्टी से बेदी बनाकर उसे आकर्षक रूप देने में लगी हैं। बेदी बनाने के बाद उसे रंग-रोगन कर सजाया जाएगा। छठ पूजा में बेदी का विशेष महत्व होता है। इसी पर व्रती महिलाएं पूजन सामग्री रखकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। पर्व को लेकर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ने लगी है। पूजा में इस्तेमाल होने वाले बांस के सूप, दउरा, फल और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी की तैयारी चल रही है। छठ पर्व नजदीक आते ही घाटों पर रौनक बढ़ने लगी है। व्रती महिलाएं और उनके परिवार के सदस्य घाटों को व्यवस्थित करने में जुटे हैं। नगर पंचायत प्रशासन घाटों की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर रहा हैं। पोखरों में बैरिकेडिंग किया जा रहा है।

नौ घंटे तक भीषण जाम में जकड़ा रहा भरौली गोलंबर

२२ किमी तक लगी वाहनों की कतार, एंबुलेंस भी फंसी, कई यात्रियों की छूटी ट्रेन



नरहीं (बलिया)। छठ पर्व पर वाहनों की बढ़ी संख्या और चेकिंग के चलते भरौली गोलंबर पर बुधवार की रात 11 बजे से लगा भीषण जाम बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे के बाद हटना शुरू हुआ। इस दौरान भरौली गोलंबर से गाजीपुर मार्ग पर पखनपुरा तक करीब 20 किलोमीटर और बक्सर-पटना एनएच-922 पर 22 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। वहीं, बलिया मार्ग पर सोहांव तक जाम का असर रहा। जाम के चलते छठ पर्व पर घर लौट रहे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लग्जरी गाड़ियों में सवार लोगों को पांच-पांच घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ा। गाड़ियों में बैठे छोटे बच्चे बिलखते रहे। एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही, जबकि कई यात्रियों को बक्सर जाने के लिए पैदल ही सफर करना पड़ा। जाम के कारण कई यात्रियों की बक्सर रेलवे स्टेशन से ट्रेनें भी छूट गईं। स्कूली बच्चे भी समय से विद्यालय नहीं पहुंच सके। बसों का संचालन चार से पांच घंटे तक प्रभावित रहा। गाजीपुर जिले के मुहम्मदाबाद निवासी बस चालक नौशाद खान, भांवरकोल के साधू यादव ने बताया कि जाम के चलते बसें भरौली गोलम्बर पर नहीं पहुंच पा रही है पांच घंटे विलम्ब हो गया है छठ पर्व को लेकर यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। जाम के चलते चार घंटे से जाम में फंसे हुए हैं। जिससे बलिया बक्सर चलने वाली बसें चार घंटा विलंब हो गई है। भरौली निवासी अंजनी कुमार राय ने खनन अधिकारी की मौजूदगी और बक्सर में उत्पाद विभाग की देर तक चलने वाली जांच को जाम की वजह बताया। बक्सर गंगा ब्रिज चेकपोस्ट के उपनिरीक्षक अमर प्रताप सिंह ने बताया कि खनन अधिकारी के गोलंबर पर मौजूद रहने के कारण ट्रक चालक वाहन छोड़कर चले गए थे, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। बक्सर पुलिस और नरहीं पुलिस की मशक्कत के बाद बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे से यातायात सामान्य होना शुरू हुआ।

जमुना राम मेमोरियल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी, नन्हे वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

बलिया। सोहाव ब्लॉक के मानपुर चितबड़ागांव स्थित जमुना राम मेमोरियल स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। नन्हे वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों के जरिए विज्ञान को सरल ढंग से समझाया। संचालन अन्वी राय और अफजा खातून ने किया। इसके बाद मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी, सोहाव लालजी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 के बच्चों ने स्वस्थ और अस्वस्थ भोजन, पौधे के भाग, दिन और रात के प्रभाव तथा इंद्रधनुष के मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 2 (ए) की शैलजा सिंह ने पौधों के प्रकार का मॉडल दिखाया। इसके अलावा कक्षा 2 के बच्चों ने जल संचयन, जल के स्रोत, प्रकाश संश्लेषण और स्वच्छ पृथ्वी का संदेश देते मॉडल बनाए। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक तुषार नंद, वरिष्ठ समन्वयक अरविंद चौबे, कनिष्ठ समन्वयक नीतू मिश्रा और प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे। प्राथमिक विज्ञान शिक्षिका अंशिका केशरी और मानसी गुप्ता के मार्गदर्शन में बच्चों ने मॉडल तैयार किए। प्रधानाचार्य अजीत कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक तुषार नंद ने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी।



नहाय-खाय के साथ सूर्य उपासना पर्व छठ आज से

सोनभद्र। चार दिवसीय सूर्य उपासना का छठ महापर्व नहाय खाय के साथ 13 नवम्बर दिन शुक्रवार से शुरू हो जायेगा। जिसकी तैयारी में व्रती महिलायें दिन रात एक की हैं। दीपावली पर्व के समाप्त होते ही व्रती महिलायें छठ व्रत की तैयारी में जुट गई हैं। पर्व को देखते हुए बाजारों में व्रती महिलाओं की भीड़ लग गई हैं। व्रती महिलायें पूजन से संबंधित सामानों की खरीदारी में जुट गई हैं। 13 नवम्बर को व्रती महिलायें लौकी- भात खाकर पर्व का शुभारंभ करेंगी। 14 नवम्बर को व्रती महिलायें गुड़ की खीर का सेवन करेगीं। इसके बाद 15 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य देंगी। 16 नवम्बर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर पारन करेंगी और प्रसाद ग्रहण करेंगी।

लोक आस्था के महापर्व छठ को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। आज

छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने किया घाटों का निरीक्षण

दोपहर में उप जिलाधिकारी अशोक कुमार गुप्ता दुद्धी और क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी ने सन क्लब सोसायटी के अध्यक्ष शिवम मद्धेशिया के साथ सततवाहिनी नदी के छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान

एसडीएम, सीओ ने किया छठ घाट का निरीक्षण

दुद्धी(सोनभद्र)। एसडीएम दुद्धी अशोक कुमार गुप्ता एवं सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने शिवाजी तालाब सहित क्षेत्र के अन्य छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने गुरूवार को क्षेत्र के रजखड़, बिडर के दुर्गावती छठ घाट और शिवाजी तालाब दुद्धी के छठ घाट का निरीक्षण कर घाटों पर महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लिया। जेबीएस महामंत्री दीपक शाह, रामलीला कमेटी अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रहरी, महामंत्री सुरेन्द्र गुप्ता ने घाट पर मंच की व्यवस्था, गंगा आरती, टेंट, डेकोरेशन, लाइट सहित अन्य सुविधाएं देने को लेकर जानकारी दिया। इस मौके पर चेयरमैन कमलेश मोहन, लेखपाल मौजूद रहे।

अधिकारियों ने घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बैरिकेडिंग, बिजली के तार का कभरिंग और पार्किंग की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने घाट पर गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर बैरिकेडिंग व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो साथ-साथ महिला पुलिस व सिविल पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए। वहीं क्षेत्राधिकारी दुद्धी ने पुलिस बल को निर्देश दिया कि छठ घाटों पर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाए और अर्घ्य के दौरान नदी में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिसकर्मी अलर्ट मोड में रहें। इस दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा समिति के पदाधिकारियों व स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और उनसे अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें, घाटों पर स्वच्छता बनाए रखें और प्लास्टिक का प्रयोग न करें। **विंढमगंज संवाददाता के अनुसार**-छठ महापर्व को देखते हुए सतत वाहिनी नदी स्थित छठ घाट की साफ-सफाई का अभियान शुरू कर दिया गया है। इस पुनीत कार्य का बीड़ा सन क्लब सोसायटी के युवाओं ने उठाया है। युवाओं की इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देखने को मिल रहा है। सफाई अभियान में क्लब के अध्यक्ष शिवम मद्धेशिया उर्फ विक्की, संयोजक देवेश चंद्र उर्फ डीसी मद्धेशिया ने आगे बढ़कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। महापर्व के दौरान स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण मिल सके।

कमरे में फंदे से लटका मिला दुकानदार का शव

जांच में जुटी पुलिस

रेणुकूट(सोनभद्र)। नगर के शिवापार्क में किराए की दुकान लेकर मोबाइल रिपेयरिंग का काम करने वाले दुकानदार का गुरुवार को कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। ओबरा के चूड़ी गली निवासी शिवशंकर अग्रहरी के 36 वर्षीय पुत्र रवि अग्रहरी पिछले करीब पांच महीने से रेणुकूट के शिवापार्क में किराए पर दुकान लेकर मोबाइल रिपेयरिंग का काम कर रहे थे। दुकान के समीप ही वह किराए के मकान में रहते भी थे। गुरुवार की दोपहर वह अपनी दुकान बंदकर कमरे में पहुंचे और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। दोपहर करीब तीन बजे जब उनसे मिलने के लिए एक व्यक्ति कमरे पर पहुंचा तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस पर दरवाजे से झांककर देखा गया तो रवि कमरे के अंदर पंखे के सहारे फंदे से लटके हुए दिखाई दिए। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने कमरे से मोबाइल फोन सहित अन्य जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम संबंधी कार्रवाई के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।

रेलवे स्टेशन मार्ग पर मिला शव, शिनाख्त नहीं

शक्तिनगर(सोनभद्र)। रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित करूलाबी के सामने गुरूवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाये जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। पुलिस शव की शिनाख्त कराने के साथ ही मामले की जांच में जुटी हुई है। आखिर मृतक कौन था और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई, यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

राबर्ट्सगंज नगर में ई-रिक्शा प्रवेश पर रोक के विरोध में चालकों का प्रदर्शन

पूर्व विधायक के नेतृत्व में चालकों ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, चुर्क से धर्मशाला चौक तक वाहनों को जाने की दी जाय अनुमति

चुर्क(सोनभद्र)। राबर्ट्सगंज नगर में प्रवेश न होने के विरोध में ई-रिक्शा चालको ने गुरूवार को वाहनों की रफ्तनी रोक कर चुर्क रामलीला मैदान के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी किया। सुबह के समय ई-रिक्शा चालकों ने अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे चालकों ने चुर्क से धर्मशाला चौराहे तक ई-रिक्शा संचालन की अनुमति की मांग की। इसके बाद समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा के नेतृत्व में चालकों के साथ एसपी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ई-रिक्शा चालक करीम खान ने बताया कि वे चुर्क से राबर्ट्सगंज तक ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इनमें कई शिक्षित बेरोजगार भी हैं, जिन्होंने बैंक से ऋण लेकर ई-रिक्शा खरीदा है। इसी व्यवसाय से होने वाली आमदनी से वे परिवार का खर्च चलाने के साथ बैंक की किस्तें भी जमा करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले ई-रिक्शा धर्मशाला चौराहे तक जाते थे और कभी-कभी शाहगंज व घोरावल तक भी रिजर्व सवारी लेकर जाते थे। लेकिन अब ट्रैफिक पुलिस द्वारा मंडी गेट, राबर्ट्सगंज से आगे जाने पर रोक लगाई जा रही है। आरोप है कि सवारी छोड़ने के लिए धर्मशाला चौराहे तक जाने पर ई-रिक्शा सीज कर कोतवाली में खड़ा करा दिया जाता है। इससे चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं, ई-रिक्शा चालक विजय पांडेय ने आरोप लगाया कि धर्मशाला चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर छोटी-बड़ी तमाम गाड़ियों का आवागमन होता है, लेकिन ई-रिक्शा चालकों को ही रोका जा रहा है। उनका कहना है कि इसी मार्ग से निजी बसें भी आती-जाती हैं और सड़क किनारे खड़ी होकर सवारियों को उतारती व बैठाती हैं, जिससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसके बावजूद बसों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने से ई-रिक्शा चालकों में असंतोष है। पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि सरकार न तो युवाओं को रोजगार दे पा रही है और न ही उन्हें स्वरोजगार करने दे रही है।



गरीब व्यक्ति अपनी जमा-पूंजी बेचकर या बैंक से कर्ज लेकर ई-रिक्शा खरीदता है, ताकि परिवार का भरण-पोषण कर सके। यदि उसे वाहन चलाने की अनुमति नहीं मिलेगी तो वह बैंक की किस्त कैसे चुकाएगा और परिवार का खर्च कैसे चलाएगा? उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक से वार्ता हुई है। एसपी ने समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन दिया है। ई-रिक्शा चालकों ने जनहित और रोजगार को ध्यान में रखते हुए चुर्क से धर्मशाला चौराहे तक संचालन की अनुमति दिए जाने की मांग की है।

छठ पर्व पर निर्धारित स्थानों पर प्रतिबंधित रहेगा ट्रैफिक

दुद्धी(सोनभद्र)। छठ पर्व के मद्देनजर गुरुवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी ने कहा कि त्यौहार को आपसी मेल मुहब्बत से मनाकर,सौहार्द की मिशाल पेश करें। उन्होंने कहा कि पर्व में किसी प्रकार की आने वाली समस्याओं से तत्काल अवगत करावें। छठ पर्व पर तालाब एवं नदी की घाट की व्यापक साफ-सफाई,विजली आदि की सुचारू व्यवस्था करने की बात लोगों ने उठाई। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन ने समय रहते सभी तैयारी पूरी कर लेने का आश्वासन दिया। छठ पर्व के दिन निर्धारित अवधि के लिए ट्रैफिक प्रतिबंधित करने की बात पुलिस प्रशासन ने कही।कोतवाल विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि त्यौहार में पुलिस की पैनी नजर रहेगी गड़बड़ी फैलाने वाले बख्शे नही जाएंगे।उन्होंने समाज के अगुआ जनों से सहयोग की अपील की। बैठक में नगर चेयरमैन कमलेश मोहन, रामलीला कामेटी अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रहरी, महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता, जेबीएस महामंत्री दीपक शाह, सुरेंद्र अग्रहरी, मोनू सिंह, मनीष जयसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों का नहीं होगा स्थानांतरण

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जारी किये गये निर्देश

सोनभद्र। जनपद में विशेष संक्षिप्त अभियान से जुड़े अधिकारियों के स्थानांतरण पर 17 नवंबर से 4 जनवरी तक रोक लगाई गई है। उक्त आशय की जानकारी जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने दी। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पुनरीक्षण कार्य से जुड़े प्रमुख अधिकारियों के स्थानांतरण पर रोक लगा दी गई है. उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आलेख्य निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की तिथि 17 नवम्बर, 2026 से अंतिम प्रकाशन की तिथि 04 जनवरी, 2027 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को आयोग की अनुमति के बिना स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की निरंतरता, प्रभावी निगरानी तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार निर्वाचन संबंधी दायित्वों के निर्वहन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना

सामाजिक एकता, भाईचारे, पारिवारिक सौहार्द का दिया संदेश

अनपरा(सोनभद्र)। रेणुसागर चित्रांश परिवार की ओर से फीनिक्स क्लब प्रेक्षागृह में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की पूजा-अर्चना भव्य आयोजन के साथ धार्मिक उत्साह, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित रेनुसागर चित्रांश परिवार के लोगों द्वारा कलम दवात की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में चित्रांश परिवार के सदस्यों ने पूरे भक्तिभाव एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त जी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर पूरा प्रेक्षागृह भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री चित्रगुप्त जी के पूजन एवं वंदन के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के बीच भगवान का पूजन कर पुष्प, अक्षत, धूप-दीप एवं नैवेद्य अर्पित किया गया। इसके बाद सामूहिक आरती कर परिवार, समाज एवं समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई। पूजा-अर्चना में उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। इस मौके पर रेनुसागर चित्रांश परिवार के अध्यक्ष ओम कृष्ण श्रीवास्तव एवं महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से भगवान श्री चित्रगुप्त जी के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। भगवान श्री चित्रगुप्त जी हिंदू धर्म में न्याय, धर्म, सत्य और कर्मफल के प्रतीक माने जाते हैं।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री चित्रगुप्त जी को कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता तथा न्याय और धर्म के प्रतीक के रूप में पूजा जाता है। वे मनुष्य को अपने प्रत्येक कर्म के प्रति सजग रहने, सत्य के मार्ग पर चलने तथा सदाचार एवं कर्तव्यनिष्ठा का पालन करने की प्रेरणा देते हैं। आयोजन के दौरान चित्रांश परिवार के सदस्यों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेनुसागर चित्रांश परिवार के उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, नगर पंचायत अनपरा के सभासद अरिसूदन उर्फ प्रथम श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्ताव, तूलिका श्रीवास्तव,स्वेता श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, काव्या श्रीवास्तव, शिवन्या श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, आकांक्षा श्रीवास्तव ने भूमिका निभाई।



नपं अध्यक्ष फूलवंती ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

डाला(सोनभद्र)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को सकुशल, स्वच्छ और भव्य वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवंती कुमारी ने नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित प्रमुख छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष फूलवंती कुमारी ने वार्ड संख्या 06 स्थित कुड़हनाला छठ घाट, वार्ड संख्या 02 स्थित हनुमान मंदिर छठ घा, वार्ड संख्या 04 स्थित चंद्र नगर छठ घाट, वार्ड संख्या 01 स्थित काली मंदिर छठ घाट तथा वार्ड संख्या 10 स्थित कोल बस्ती छठ घाट समेत नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले सभी छोटे-बड़े घाटों का मुआयना किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने घाटों तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गों की मरम्मत, संपूर्ण परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान, कचरा निस्तारण, चूने व ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव तथा पर्याप्त प्रकाश (लाइटिंग) व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अर्घ्य देने आने वाले छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। गहरे पानी वाले संवेदनशील स्थलों पर मजबूत बैरिकेडिंग और सांकेतिक लाल झंडीध्पीता लगाने के साथ-साथ महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम (वस्त्र बदलने का कक्ष) की व्यवस्था समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान सभासद नितेश निषाद,अवनीश,सभासद प्रतिनिधि डॉ. सुरेश निषाद, राजेश सहित नगर पंचायत के संबंधित कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



शतरंज प्रतियोगिता में जय, मुस्कान ने मारी बाजी

लिलासी(सोनभद्र)। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से गुरुवार को म्योरपुर स्थित हिंडाल्को पार्क में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पांडेय के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में बौद्धिक क्षमता, एकाग्रता और तार्किक सोच का विकास करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म्योरपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल मौजूद रहे। उन्होंने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

कोयले से लदे टेलर की चपेट में आने से भैंस की मौत

दूसरी घायल, हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर किया हंगामा, चालक टेलर छोड़कर फरार, पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया

अनपरा(सोनभद्र)। औड़ी-सिंगरौली मुख्य मार्ग पर एमटीसी कंपनी के समीप गुरुवार को कोयले से लदे टेलर की चपेट में आने से एक गर्भवती भैंस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे से आक्रोशित भैंस स्वामी के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुए विरोध जताया। औड़ी स्थित आरपीएल पेट्रोल पंप के समीप रहने वाले राम प्रकाश वैश्य अपनी भैंसों को चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एमटीसी कंपनी के पास मुख्य मार्ग पार करते समय उनकी दो भैंसें कोयले से लदे टेलर की चपेट में आ गईं। भिड़त इतनी जोरदार थी कि एक गर्भवती भैंस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरी भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद भैंस स्वामी के परिजनों और आसपास के लोगों ने टेलर का पीछा किया। लोगों को पीछे आता देख चालक औड़ी मोड़ के पास टेलर खड़ा कर मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और विरोध जताने लगे। इससे कुछ देर के लिए मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पहुंची अनपरा पुलिस ने टेलर को कब्जे में लेकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। भैंस स्वामी राम प्रकाश वैश्य ने बताया कि वह भैंसों से दूध का कारोबार कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। गर्भवती भैंस की मौत से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। साथ ही परिवार की आजीविका पर भी असर पड़ा है। स्थानीय लोगों ने मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही से आवागमन पर चिंता जताते हुए ऐसे वाहनों की निगरानी और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

एनसीएल खड़िया की अधिग्रहित भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण

शक्तिनगर(सोनभद्र)। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खड़िया परियोजना के कोल बेयरिंग एक्ट के तहत अधिग्रहित भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। परियोजना की जमीन पर अतिक्रमण कर बस्तियां बसाए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्र में अवैध निर्माण का दायरा अब अंबेडकर नगर से खड़िया बाजार तक फैलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, परियोजना की अधिग्रहित भूमि पर हजारों की संख्या में अवैध कब्जे कर आधा दर्जन से अधिक बस्तियां बसा ली गई हैं। इसके बावजूद परियोजना प्रबंधन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि थाना से चंद कदम की दूरी पर रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग स्थित मोती होटल के पास भी कथित रूप से अधिग्रहित भूमि पर खुलेआम पक्का निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पहले से हो रहे अतिक्रमण पर रोक नहीं लगने के कारण नए निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लोगों ने परियोजना प्रबंधन के कुछ जिम्मेदार लोगों की संभावित मिलीभगत की आशंका भी जताई है।

परियोजना प्रबंधन की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। नागरिकों ने एनसीएल प्रबंधन से मांग की है कि अधिग्रहित भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जों को चिन्हित किया जाए, नए निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो परियोजना की जमीन पर अवैध कब्जे और निर्माण का दायरा और अधिक बढ़ सकता है।

डीजल चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनसीएल परियोजना की खदानों से डीजल चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एनसीएल सुरक्षा अधिकारी एवं एवं अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और क्षेत्राधिकारी पिपरी के मार्गदर्शन में शक्तिनगर पुलिस ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार

७० लीटर डीजल, बोलेरो कैंपर बरामद

कर्मचारियों की संयुक्त टीम की मदद से डीजल चोरी के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी का लगभग 70 लीटर डीजल, डीजल निकालने में इस्तेमाल होने वाले पाइप व अन्य उपकरण तथा एक बोलेरो कैंपर वाहन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध आरोपियों की पहचान प्रितेश कुमार 35 वर्ष निवासी पोखरा थाना बरगवां, राजेश यादव 24 वर्ष निवासी धवई थाना चितरंगी, मारतन सिंह 23वर्ष निवासी चमरखोंड़ गोरवी, थाना सिंगरौली, रामगोबिन्द यादव 25वर्ष निवासी जीर थाना माड़ा और राजेन्द्र कुशवाहा 32 वर्ष निवासी घरौली कला, थाना नवानगर, जिला सिंगरौली,मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 70 लीटर चोरी का डीजल, मध्य प्रदेश नंबर की बोलेरो कैंपर और डीजल निकालने के उपकरण बरामद किए हैं। इस मामले में थाने में बीएनएस की धारा 303(2), 317(2) और 3(5) में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय, बीना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक घनश्याम तिवारी, कांस्टेबल सत्यम सरोज तथा एनसीएल के सुरक्षा अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।



चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व छठ आज से

कांवल। आस्था, पवित्रता और सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ आज से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। सनातनी घरों में छठमाता के पारंपरिक गीत गूंजने लगे हैं, वहीं बाजारों में भी छठ पूजा से जुड़ी सामग्री की दुकानें सज गई हैं। व्रती महिलाओं ने पूजन सामग्री जुटाने और प्रसाद तैयार करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। छठ महापर्व के पहले दिन अर्थात आज व्रती महिलाएं सुबह स्नान-ध्यान कर भगवान सूर्य की आराधना करेंगी और चार दिवसीय व्रत का संकल्प लेंगी। इसके बाद आम की लकड़ी से मिट्टी के चूल्हे पर नए अरवा चावल का भात, चने की दाल और कद्दू की सब्जी तैयार की जाएगी। इसे छठी मइया को भोग लगाने के बाद व्रती महिलाएं स्वयं ग्रहण करेंगी और प्रसाद के रूप में परिजनों में वितरित करेंगी। इसी के साथ महापवज़् के अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ होगा।

कल होगा खरना

कांवल। शनिवार को खरना का विधान होगा। इस दिन व्रती महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगी। शाम को स्नान के बाद विधि-विधान से छठी मइया की पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद गुड़ से बने रसियाव (खीर), शुद्ध घी से बनी रोटी और केले का भोग लगाया जाएगा। पूजा के बाद व्रती महिलाएं खरना का प्रसाद ग्रहण करेंगी और परिवार तथा परिचितों के बीच प्रसाद वितरित करेंगी। खरना के साथ ही 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत की शुरुआत होगी।

तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

कांवल। महापर्व के तीसरे दिन रविवार को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगी। इस अवसर पर छठमाता के पारंपरिक गीत गाते हुए महिलाएं सिर पर पूजा की देउरी और सूप-दउरा लेकर गाजे-बाजे के साथ गंगा घाटों, नदियों और सरोवरों की ओर प्रस्थान करेंगी। घाटों पर सामूहिक रूप से छठी मइया की कथा सुनने और पूजा-अचज़्ना के बाद डूबते सूयज़् को अघ्यज़् दिया जाएगा।

सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य

कांवल। सोमवार को महापर्व के अंतिम दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न होगा और व्रती महिलाएं व्रत का पारण करेंगी। मान्यता के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला छठ महापर्व भगवान सूर्य और छठी मइया की उपासना को समर्पित है। इस पर्व में शारीरिक और मानसिक शुद्धता के साथ नियम, संयम और पवित्रता का विशेष महत्व है। व्रती महिलाएं लगभग 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली और आरोग्य की कामना करती हैं। छठ के चारों दिनों में घरों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। पूजा के प्रसाद में शुद्धता और सात्विकता का पूरा ख्याल रखा जाता है। जिन घरों में छठ का व्रत होता है, वहां चार दिनों तक लहसुन-प्याज का सेवन भी वर्जित रहता है।

बाजारों में सजीं छठ पूजन सामग्री की दुकानें

कांवल। सूर्योपासना के महापर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। जनपद के प्रमुख बाजारों में छठ पूजा के लिए अस्थायी दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों पर नया चावल, गुड़, सूप-दौरा, गन्ना, फल-फूल सहित पूजन की अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। छठ पूजा में प्रयोग होने वाले दुकानदारों द्वारा बिक्री के लिए सूप-दउरा दूर-दूर से मंगाए हैं। बाजारों में सेब, केला सहित विभिन्न मौसमी फलों की भरपूर आवक है। पर्व को लेकर खरीदारी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। दुकानदारों को उम्मीद है कि जैसे-जैसे छठ पूजा की तिथियां नजदीक आएंगी, बाजारों में ग्राहकों की भीड़ और बढ़ेगी।

स्मृति द्वार का अनावरण आज

ऊंज। क्षेत्र के स्व. पं.मुरलीधर पांडेय पूर्व विधायक का गेट का अनावरण 13 नवंबर को 11:30 बजे विधायक विपुल द्वारा उद्घाटन कराया जाएगा यह जानकारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य रेनू पांडेय ने दी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त

ज्ञानपुर। जनपद में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार की रात पुलिस ने जिलेभर में सघन पैदल गश्त और चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी सहित जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों ने पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान भदोही कोतवाली क्षेत्र के कस्बा राजपुरा की गलियों, बाजारों और प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, सीओ भदोही सुमित त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भदोही और चौकी प्रभारी राजपुरा ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। वहीं जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले चौराहों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों और संवेदनशील स्थलों पर पुलिसकर्मी भ्रमणशील रहे। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और लगातार गश्त करने के निर्देश दिए। पुलिस की ओर से स्पष्ट किया गया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों पर नजर रखी जा रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश, क्षेत्राधिकारियों ने की समीक्षा

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में बुधवार को क्षेत्राधिकारी औराई राजीव कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी भदोही सुमित त्रिपाठी ने अपने-अपने कार्यालयों में अर्दली रूम आयोजित किया। इसमें संबंधित सर्किल के सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं विवेचक शामिल हुए। अर्दली रूम के दौरान लंबित आंशिक विवेचना, अग्रेतर विवेचना और पुनर्विवेचना से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। क्षेत्राधिकारियों ने संबंधित विवेचकों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का गुण-दोष के आधार पर निष्पक्षता के साथ शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। विवेचनाओं में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक मामले में निधाज़्रित प्रक्रिया का पालन किया जाए। इसके साथ ही प्राप्त जनशिकायतों, विभिन्न माध्यमों से मिले प्रार्थना पत्रों, लंबित आईजीआरएस शिकायतों तथा एसआईडी क्रिएट से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित पुलिसकमिज़्यों को इन मामलों में आवश्यक कारज़्वाई करते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विवेचनाओं और जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जर्जर एप्रोच और उखड़ी गिट्टी बन रही हादसों का सबब, ग्रामीणों में आक्रोश

ज्ञानपुर। ज्ञानपुर मुख्यालय से निकलने वाले करीब 20 किलोमीटर लंबे नथईपुर मार्ग की बदहाली राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क की गिट्टी जगह-जगह उखड़ने के साथ ही कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं। वहीं, पुलों के एप्रोच की हालत भी खतरनाक हो गई है। एप्रोच के अगल-बगल बने गड्ढों से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ठकुराइन तारा में बने पुल के एप्रोच के दोनों तरफकई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं। यही स्थिति ज्ञानपुर ब्लॉक के दशरथपुर में बने पुल के एप्रोच की भी है। यहां भी जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक जरा सी चूक होने पर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर नाराजगी भी जताई है। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 20 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण हाल ही में कराया गया है, लेकिन कुछ ही समय में सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है। कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं तो कहीं सड़क की चौड़ाई भी सिकुड़ी हुई दिखाई दे रही है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और मानकों के पालन पर सवाल उठने लगे हैं। शासन की ओर से आवागमन सुगम बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर सड़कों और पुलों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और कार्यदायी संस्था की कथित लापरवाही से निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क और पुलों के एप्रोच की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम ने किया निरीक्षण

सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों और सुरक्षा इंतजामों की जांच की, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

ज्ञानपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार, 12 नवंबर को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, निगरानी और रख-रखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में लगाए गए अग्निशमन उपकरणों की वैधता अवधि और उनकी कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अग्निशमन यंत्र निर्धारित मानकों के अनुरूप हमेशा क्रियाशील स्थिति में रहने चाहिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण कर निगरानी व्यवस्था की स्थिति भी देखी। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता से जुड़ा बेहद संवेदनशील विषय है। इसलिए इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वेयरहाउस से संबंधित सुरक्षा व्यवस्थाओं और अभिलेखों का भी अवलोकन किया। अधिकारियों को निदेज़्शित किया कि निधाज़्रित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से दुरुस्त रखी जाएं। सुरक्षा उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के साथ ही निगरानी व्यवस्था को भी प्रभावी बनाए रखा जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन से जुड़ी महत्वपूर्ण सामग्री की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक कृषि रामप्रवेश, एआर कोऑपरेटिव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय में जल्द बनेगा चार बेड का आईसीयू वार्ड

गंभीर मरीजों को मिलेगी बेहतर उपचार सुविधा, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

ज्ञानपुर। महाराजा चेत सिंह जिला चिकित्सालय में जल्द ही चार बेड का अत्याधुनिक आईसीयू (इंटेंसिव केयर यूनिट) वार्ड स्थापित किया जाएगा। इसके बनने से गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल दूसरे बड़े अस्पतालों में रेफर करने की मजबूरी भी काफी हद तक कम होगी। जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरज प्रकाश ने बताया कि अस्पताल में चार बेड का आईसीयू वार्ड स्थापित करने के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है। इसके लिए आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ पैरामेडिकल कर्मचारियों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की मांग भी की गई है। शासन से स्वीकृति और संसाधन उपलब्ध होने के बाद आईसीयू वार्ड को शुरू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रस्ताव के मुताबिक, आईसीयू संचालन के लिए चार स्टाफ नर्स, चार वार्ड ब्वाय, एक फार्मासिस्ट, दो फिजिशियन, एक ईसीजी टेक्नीशियन, एक निश्चेतक, एक कंप्यूटर ऑपरेटर, एक आईसीयू विशेषज्ञ और एक फिजियोथेरेपिस्ट की आवश्यकता है। वहीं, आईसीयू के लिए आधुनिक उपकरणों की भी मांग की गई है। इसमें चार इन्फ्यूजन पंप/सिरिंज पंप, चार क्रैश कार्ट, चार इनवेसिव वेंटिलेटर, चार डिफिब्रिलेटर, चार नॉन इनवेसिव वेंटिलेटर और तीन अतिरिक्त 12-लीड ईसीजी मशीन शामिल हैं। अस्पताल में फिलहाल एक ईसीजी मशीन उपलब्ध दर्शाई गई है। सीएमएस डॉ. धीरज प्रकाश के अनुसार, चार बेड का आईसीयू शुरू होने से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को विशेष निगरानी में उपचार देने में सहूलियत होगी। गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में भी यह व्यवस्था महत्वपूर्ण साबित होगी। आईसीयू शुरू होने से जिले के मरीजों को स्थानीय स्तर पर गंभीर उपचार की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गोपीगंज। पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस-प्रयागराज रेल खंड पर अतरौरा हाल्ट के पास गुरुवार को सुबह दानापुर-उधना एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने से लवकुश कुमार (20 वर्ष), निवासी घनश्यामपुर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर आरपीएफ के दीपक कुमार व संजय यादव मौके पर पहुंच गए थे। गोपीगंज कोतवाली के घनश्यामपुर निवासी स्व. जीतलाल का पुत्र लवकुश लगभग एक माह पूर्व अपने बहन के घर अतरौरा गया था। गुरुवार को लगभग साढ़े नौ घंटे विलंब से चल रही दानापुर-उधना एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर रेलवे पुलिस दीपक कुमार व संजय यादव मौके पर पहुंच गए थे। घटनास्थल से लौटे रेलवे पुलिस ने बताया कि मृतक घनश्यामपुर गांव का निवासी है, वह एक माह से अपनी बहन के घर रहता था। शव को बरौत चौकी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।



शिकायतकर्ता से खुद संपर्क कर समस्याओं का करायें समाधान - सीडीओ

ज्ञानपुर। ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला और एडीएम न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण से पहले शिकायतकर्ता से स्वयं संपर्क कर समस्या की जानकारी लें। केवल पोर्टल पर आख्या अपलोड करना पर्याप्त नहीं है। अधिकारी मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन करें और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी संदर्भ डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। समीक्षा में सामने आया कि एक से 12 नवंबर तक आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर कुल 1280 फीडबैक प्राप्त हुए।

चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में मौत

तीन बेटियों और दो बेटों के सिर से उठा पिता का साया

सुरियावां। भैया दूज के पर्व पर बहन से मिलने जा रहे दो चचेरे भाइयों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे जौनपुर जिले के पाली निगोह में पल्सर और डिस्कवर बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पल्सर सवार दोनों भाइयों की जान चली गई। गुरुवार को घटना की जानकारी उनके पैतृक गांव कैड़ा (लखईपुर) पहुंची तो पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मृतकों की पहचान कैड़ा (लखईपुर) निवासी रामलोलारख उपाध्याय (42) पुत्र राम सहोदर उपाध्याय और उनके चचेरे भाई राजू कुमार उपाध्याय (40) पुत्र जानकी उपाध्याय के रूप में हुई है। दोनों गुजरात की एक कंपनी में काम करते थे। भैया दूज पर छुट्टी लेकर पल्सर बाइक से जौनपुर के पाली निगोह स्थित अपनी बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डिस्कवर बाइक से उनकी टक्कर हो गई और दोनों की मौत हो गई। दोनों परिवारों की आजीविका का मुख्य सहारा यही दोनों थे। रामलोलारख अपने पीछे पत्नी सीमा और पांच बेटियों को छोड़ गए हैं। इनमें दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि खुशबू (16), शिवानी (13) और ईशानी (8) अभी पढ़ाई कर रही हैं। वहीं, राजू कुमार की पत्नी अनीता और दो बेटे शिव (12) तथा सत्य (8) हैं। दोनों परिवारों के बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। इस हादसे ने परिवार के पुराने जख्म भी ताजा कर दिए। रामलोलारख के पिता राम सहोदर उपाध्याय के दो बेटे थे। करीब तीन वर्ष पहले एक बेटे की मौत हो चुकी थी। अब दूसरे बेटे रामलोलारख की भी असमय मौत से बुजुर्ग माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दो कमाऊ सदस्यों की एक साथ मौत से दोनों परिवारों के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। जिस पर्व पर दोनों भाई अपनी बहन से मिलने निकले थे, वही पर्व उनके परिवारों के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गया। गांव में हर आंख नम है और दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

उर्स में शामिल होने मुबारकपुर रवाना हुए जायरीन

वरिष्ठ पत्रकार आफताब अंसारी के साहबजादे हाफिज आराफात को मिलेगी मौलाना की सनद

भदोही। हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना हाफिज अब्दुल अजीज मुहद्दिस रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के मौके पर उसमें शामिल होने के लिए गुरुवार को नगर के जमुंद मोहल्ले से एक बस हाफिज अशफाक रब्बानी के कयादत में मुबारकपुर (आजमगढ़) रवाना हुई। बस को हरी झंडी दिखाकर समाजवादी पाटीज़् के प्रदेश सचिव मो.आरिफसिद्दीकी ने रवाना किया। हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के मौके पर अल-जामियातुल अशरफिया मुबारकपुर में जश्न-ए-दस्तार फरागत का आयोजन किया गया है। नगर के जमुंद निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार आफ्ताब अंसारी के साहबजादे हाफिज आराफात मिस्बाही अल-जामियातुल अशरफिया मुबारकपुर से मौलाना की तालीम हासिल कर रहे थे। अब उनकी पढ़ाई मुकम्मल हो गई है। जश्न-ए-दस्तार फरागत में उनको मौलाना की सनद दी जाएगी। हुजूर हाफिज-ए-मिल्लत के उर्स और अल-जामियातुल अशरफिया के जश्न-ए-दस्तार फरागत में शामिल होने के लिए हाफिज आराफात मिस्बाही के परिवार के लोगों सहित जमुंद मोहल्ला व नगर के अन्य मोहल्लों के लोग भी मुबारकपुर के लिए रवाना हुए। बस में सवार लोगों में खासा उत्साह देखा गया। हाफिज अशफाक रब्बानी ने कहा कि यह मेरे परिवार सहित भदोही के लिए काफी खुशी और मुसरज़्त की बात है कि आज मेरा भतीजा हाफिज आराफात मिस्बाही अब मौलाना बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्लाह ताला उन्हें दीन की खिदमत करने की तौफीक अता फरमाए। उन्होंने कहा कि हाफिज आराफात ने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी तालीम मुकम्मल की है। उनका मौलाना बनना पूरे मोहल्ले और नगर के लिए फख्र की बात है। सपा के प्रदेश सचिव मो.आरिफ सिद्दीकी ने हाफिज आराफात मिस्बाही के वालिद आफ्ताब अंसारी को बेटे की इस कामयाबी के लिए मुबारकबाद दी। कहा कि इल्म-ए-दीन हासिल करना सबसे बड़ी नेमत है। बताया कि मुबारकपुर में होने वाले उर्स और जश्न-ए-दस्तार फरागत में देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों की संख्या में उलमा-ए-किराम, मशाइख और जायरीन शामिल होते हैं।

भागवत कथा श्रवण से मनोवांछित फल की होती है प्राप्ति - रामानंद जी

ऊंज। क्षेत्र के सोनैचा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक डॉ. रामानंद जी ने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कलियुग में भागवत कथा श्रवण मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल साधन है। श्रद्धा और भक्ति के साथ कथा सुनने वाले भक्तों के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से पापों का नाश होता है और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। जिस स्थान पर भागवत कथा का आयोजन होता है, वह स्थान तीर्थ के समान पवित्र हो जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए।

भोलेनाथ मंदिर पर हुआ रामचरितमानस पाठ, उमड़ी भीड़

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के पर्वतपुर गांव में स्थित बाबा भोलेनाथ मंदिर पर गुरुवार को रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। पाठ में समस्त ग्राम सभा के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर पर रामचरितमानस पाठ करवाने के लिए राकेश पाल की सराहना की। बताया जाता है कि राकेश पाल ने मनौती पूरी होने उन्होंने श्रद्धा भाव से मंदिर पर रामचरित मानस पाठ का आयोजन कराया। गांव के लोगों ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे दिल से भोले बाबा से कुछ मांगता है, भोले बाबा उसकी मनोकामना जरूर पूरी करते हैं। इस मौके पर दूधनाथ पाल, अनिल प्रधान, संतोष सिंह, अजय पाल, बसंता यादव, अछयबर पाल सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

रासायनिक उर्वरकों का न्यूनतम प्रयोग कर मिट्टी की सेहत बचायें किसान - ताराचंद बैरवा

किसानों को मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग की दी गयी जानकारी

ज्ञानपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां की ओर से विकासखंड डीघ में खेत बचाओ अभियान का आयोजन किया गया। इसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विज्ञान विशेषज्ञ ताराचंद बैरवा ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों का न्यूनतम प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए मृदा परीक्षण के आधार पर ही खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने किसानों को मिट्टी का नमूना लेने की सही तकनीक समझाई। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन और समन्वित रोग प्रबंधन की विस्तार से जानकारी दी। धान की फसल में लगने वाले कंडवा रोग समेत अन्य प्रमुख रोगों की पहचान और उनके नियंत्रण के उपाय भी बताए। बैरवा ने किसानों को किसान सारथी, एनपीएसएस एप के माध्यम से कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया, ताकि किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार कर सकें। इस मौके पर कृषि विभाग के सहायक कृषि अधिकारी गोविंद लाल यादव ने फसल अवशेष प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान हजरत अली, प्रगतिशील किसान फूलचंद पांडेय सहित कुल 203 किसान एवं महिला किसान मौजूद रहीं।

बिना पर्ची के प्लास्टर लगाने पर होगी कारवाई, आउटसाइडरों पर भी कसा शिकंजा

ज्ञानपुर। महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय में अब बिना पर्ची के किसी भी मरीज का प्लास्टर नहीं किया जाएगा। यदि चिकित्सक या कोई कर्मचारी बिना पर्ची के प्लास्टर लगाता पाया गया तो उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित मामले में शासन को भी पत्र भेजा जाएगा। जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धीरज प्रकाश ने बताया कि अस्पताल में प्लास्टर लगाने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सख्त व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत प्लास्टर के लिए एकल काउंटर बनाया जा रहा है। मरीजों को निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही प्लास्टर की सुविधा मिलेगी। बिना पर्ची और निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए किसी भी मरीज का प्लास्टर नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर में सक्रिय आउटसाइडरों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। यदि कोई बाहरी व्यक्ति अस्पताल परिसर में मरीजों को बरगलाते या अनधिकृत रूप से सक्रिय दिखाई दिया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएस ने स्पष्ट किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

साइबर ठगी के चार पीड़ितों को वापस मिले ३१,९१२ रुपये

ज्ञानपुर। साइबर ठगी के शिकार चार लोगों को भदोही पुलिस ने राहत दिलाते हुए उनके खातों में कुल 31,912 रुपये वापस कराए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और पीडितों को राहत पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर हेल्प डेस्क थाना औराई की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, बीसापुर निवासी सिमरन वर्मा से इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन खरीदारी के नाम पर ठगी की गई थी। टीम ने उनके खाते में सात हजार रुपये वापस कराए। सरौली निवासी राजीव बिंद ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए इंटरनेट पर जानकारी खोज रहे थे। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर टिकट बुकिंग के नाम पर उनसे धोखाधड़ी कर ली थी। उनके खाते में 5,100 रुपये वापस कराए गए। इसी तरह उगापुर निवासी प्रदीप कुमार दुबे ने अनजाने में एक फर्जी मोबाइल एप डाउनलोड कर लिया था, जिसके माध्यम से उनके खाते से रकम कट गई थी। पुलिस ने उनके 18,253 रुपये वापस कराए। वहीं, समधा दवनपुर निवासी पंकज कुमार पाल के खाते में ऑनलाइन धोखाधड़ी से निकाले गए 1,559 रुपये वापस कराए गए। चारों पीडितों ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर हेल्प डेस्क ने शिकायतों का परीक्षण कर संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया और पूरी धनराशि वापस कराई। रकम मिलने पर पीडितों ने पुलिस का आभार जताया। कार्रवाई करने वाली टीम में कांस्टेबल ऑपरेटर रणविजय चौहान, नीरज कुमार और कांस्टेबल शुभम कुशवाहा शामिल रहे। भदोही पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर बिना देरी किए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

पहले ही प्रयास में एफएमजीई परीक्षा पास कर डा. स्नेहा वर्मा ने बढ़ाया गोपीगंज का मान



गोपीगंज। प्रतिभा, मेहनत और लगन के दम पर गोपीगंज की बेटी डॉ. स्नेहा वर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर परिवार के साथ ही पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोपीगंज बस स्टैंड निवासी राकेश कुमार वर्मा उर्फ बंगाली की पुत्री स्नेहा ने पहले ही प्रयास में विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) उत्तीर्ण कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। डॉ. स्नेहा ने इसी वर्ष कजाकिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। विदेश से चिकित्सा शिक्षा हासिल करने के बाद भारत में चिकित्सकीय प्रैक्टिस के लिए आवश्यक एफएमजीई परीक्षा में शामिल हुईं और पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम माना जा रहा है। स्नेहा की प्रारंभिक शिक्षा गोपीगंज स्थित सेंट थॉमस स्कूल से हुई है। अब निर्धारित पंजीकरण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उनके लिए भारत में चिकित्सा सेवा देने का रास्ता साफहो गया है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि डॉ. स्नेहा ने अपनी उपलब्धि से न केवल परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि गोपीगंज की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा प्रस्तुत की है।

घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के औराई ब्लॉक अंतर्गत आजाद नगर पूरे टीका में राजमार्ग स्थित एक मेडिकल स्टोर संचालक की बाइक चोरी हो गई। बाइक दुकान के अंदर बने स्टील के सुरक्षा घेरे में खड़ी थी। रात में अज्ञात चोर उसे लेकर फरार हो गया। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक युवक बाइक लेकर भागता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार सदर मोहाल निवासी महेश प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. जमुना प्रसाद गुप्ता की आजाद नगर पूरे टीका में राजमार्ग के पास मेडिकल स्टोर है। वह रोज की तरह अपनी मोटरसाइकिल दुकान के अंदर बने स्टील के सुरक्षा घेरे में खड़ी कर घर चले गए थे। सुबह दुकान पहुंचने पर बाइक गायब मिली। यह देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना को लेकर पड़ोसी मानस गुप्ता ने बताया कि कुछ दिन पहले अस्पताल के सामने साइकिल चोरी हुई थी। वहीं मिर्जापुर रोड पर काली देवी पंडाल के सामने स्थित एक दुकान से मोटरसाइकिल चोरी की घटना का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने पुलिस से चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पूर्व की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद पांडेय ने मंडी चौकी प्रभारी वीरेंद्र यादव को जांच सौंपी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कस्तूरीपुर चौराहे से गोपीपुर तक सिंगल सड़क को टू-लेन बनाने की मांग

कस्तूरीपुर। सुरियावां विकासखंड के अंतर्गत कस्तूरीपुर चौराहे से गोपीपुर तक जाने वाली सड़क सिंगल लेन होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की चौड़ाई कम होने से आमने-सामने से चार पहिया वाहनों के गुजरने में दिक्कत होती है। कई बार वाहनों को एक-दूसरे को रास्ता देने के लिए रुकना पड़ता है। इससे दुघज़्टनाओं की आशंका भी बनी रहती है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि आबादी और वाहनों की आवाजाही बढ़ने के बावजूद सड़क का चौड़ीकरण नहीं कराया गया है। ऐसे में इस मागज़् पर आवागमन लगातार मुश्किल होता जा रहा है। ग्रामीणों ने जनहित में कस्तूरीपुर चौराहे से गोपीपुर तक सड़क का चौड़ीकरण कराकर टू-लेन बनाने की मांग उठाई है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमापति यादव, सैयद इसरार अहमद, संतलाल यादव, रामधनी यादव और जयनाथ गौतम सहित अन्य लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क के चौड़ीकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क टू-लेन होने से आवागमन सुगम होगा और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी।

लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत

ज्ञानपुर। लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र विश्वकर्मा का गुरुवार को भदोही जनपद पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वाराणसी से चलकर दोपहर करीब एक बजे भदोही पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष का सबसे पहले भदोही बॉर्डर स्थित पाल चौराहे पर कायज़्कताओज़् ने स्वागत किया। इसके बाद राजपुरा चौराहा और बंशीपुर तिरमुहानी पर भी पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने उनका फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रमों के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बभनौती मार्ग स्थित बड़ा खास पहुंचे, जहां उन्होंने ओमप्रकाश विश्वकर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बाजार पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यहां से वह जेपी शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, रवि विश्वकर्मा, विजय शंकर जायसवाल, जेपी शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी के बड़े पिता का निधन, पार्टीजनों ने जताया शोक

ज्ञानपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र नाथ मिश्रा (नवीन) के बड़े पिताजी पंडित राजपति मिश्रा का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार सहित भाजपा कार्यकर्ताओ और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को सुबह नौ बजे रामपुर स्थित उनके पैतृक घाट पर विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया।

सुभाषित

किसी असाध्य बीमारीको औषधियोंसे ठीक किया जा सकता है। जहर दिये गये व्यक्तिको भी औषधियोंसे ठीक किया जा सकता है। लेकिन किसी भी शास्त्र या विज्ञानमें मूर्खताका कोई इलाज नहीं है। ❐ *भर्तृहरि शतक*

आतंकी हमलेके संकेत

जम्मू-कश्मीरके कुलगाम जिलेमें बुधवारको अपराह्न लगभग सवा दो बजे सीआरपीएफ नाकेपर बाइक सवार आतंकियोंका हमला इस बातका संकेत है कि कश्मीरमें आतंकवादकी चुनौती अभी समाप्त नहीं हुई है। यह हमला केवल सुरक्षाबलोंके जवानोंको निशाना बनानेकी घटना नहीं है, बल्कि कश्मीर घाटीमें आतंकवादकी बदलती रणनीति, आतंकियोंकी छिपी गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्थाके समक्ष मौजूद चुनौतियोंकी ओर भी संकेत करता है। यह घटना इसलिए भी गम्भीर चिन्ताका विषय है कि कश्मीरमें स्थानीय आतंकियोंकी संख्या काफी कम रह जाने और आतंकवादी नेटवर्कको कमजोर करनेके सरकारी दावोंके बीच आतंकियोंने दिन दहाड़े सुरक्षाबलोंपर हमला करनेका कायराना दुस्साहस कैसे किया है। हमलेमें तीन जवान घायल हुए हैं, जिनमें एककी हालत गम्भीर है। कड़ी सुरक्षाके बीच हुए इस हमलेको अत्यन्त ही गम्भीरतासे लेनेकी आवश्यकता है। घटनाके बाद घेराबन्दी कर तलाशी अभियान भी शुरू हो गया है। सुरक्षाबलोंने भी जवाबी काररवाई की जिससे हमलावर भाग गये। लगभग १५ सेकेण्डमें ३० गोलियां चलनेकी आवाज सुनायी पड़ी। यह हमला पूरी तैयारीके साथ किया गया था। इस घटनाके अनेक पहलुओंका विश्लेषण किया जाना चाहिए। यह घटना बताती है कि जम्मू-कश्मीरमें सक्रिय आतंकी मौजूद हैं। सुरक्षाबलोंको निशाना बनानेका यह भी उद्देश्य हो सकता है कि उनमें भय उत्पन्न किया जाय जिससे कि उनकी कार्य क्षमता प्रभावित हो। अचानक हमला और तुरन्त भाग निकलनेकी रणनीति बनायी गयी थी। खुफिया सूचनाओं और जमीनी सुरक्षाके बीच समन्वयमें कमीके भी संकेत मिलते हैं। इन सभी पहलुओंकी गहराईसे जांच करनेकी आवश्यकता है। यह घटना आतंकियोंकी हताशा है या उनकी नयी रणनीति है, इसपर भी मंथन करना होगा। एक सवाल यह भी उठता है कि क्या आतंकवादी छोटे हमलोंके माध्यमसे अपनी सक्रियता प्रदर्शित करनेकी रणनीति अपना रहे हैं? इस घटनाका महत्वपूर्ण पहलू स्थानीय और विदेशी आतंकियोंके सम्भावित गठजोड़से भी जुड़ा है। एक सवाल यह भी है कि क्या कश्मीरमें आतंकवाद फिर सिर उठानेकी कोशिश कर रहा है। इस दुखद और निन्दनीय घटनाके बाद अब सुरक्षाबलोंको अपनी नयी रणनीति बनानी होगी। सीमापार आतंकवादपर कूटनीतिक दबाव बनानेकी जरूरत है। साथ ही स्थानीय जनताका भी विश्वास जीतना होगा। आतंकवादके विरुद्ध लड़ाईमें किसी प्रकारकी ढिलाईकी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

स्वच्छ सर्वेक्षण

नदी तटपर बसे शहरोंको पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेशके वाराणसीको देशका तीसरा सबसे स्वच्छ शहरका सम्मान हासिल करना काशीवासियोंके लिए गर्वकी बात है। नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवनमें स्वच्छता सर्वेक्षण २०२५-२६ के बेस्ट रिवर फ्रंट टाउन वर्गमें वाराणसीको इस उपलब्धिके लिए राष्ट्रपति पुरस्कारसे सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने वाराणसी नगर निगमको यह पुरस्कार प्रदान किया। जबकि इस श्रेणीमें मध्यप्रदेशके रीवाको पहला और छत्तीसगढ़के विलासपुरको दूसरा स्थान मिला। अभीतक इस श्रेणीमें केवल गंगा किनारे शहरोंके बीच प्रतियोगिता होती थी। यह पहली बार है जब देशमें नदी किनारे बसे शहरोंके बीच हुई प्रतियोगितामें वाराणसीको यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। पुरस्कारकी सूचना मिलते ही स्थानीय नगर निगम मुख्यालयमें उत्सवका माहौल दिखा। नगर निगमके अनुसार वर्ष २०२० से अबतक हुए सभी छह सर्वेक्षणोंमें वाराणसी लगातार शीर्ष शहरोंमें अपनी पहचान बनाये रखनेमें सफल रहा। इस बार प्रतिस्पर्धा केवल गंगाके किनारे बसे शहरोंसे नहीं, बल्कि देशकी प्रमुख नदियों वाले शहरोंसे भी थी। उत्तर प्रदेशके मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कारमें वाराणसीकी रैंकिंगपर खुशी व्यक्त करते हुए काशीवासियोंको बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धिका श्रेय नगरवासियोंकी जागरूकता, नगर निगम कर्मियोंके अथक प्रयास और स्वच्छता स्वयं सेवकोंके समर्पण और जन-प्रतिनिधियोंकी सक्रियताको दिया है। इस बारके स्वच्छ सर्वेक्षणमें अलग-अलग श्रेणियोंमें उत्तर प्रदेशके दो शहर तीसरे स्थानपर हैं। सबसे साफ नदी तट वाली श्रेणीमें जहां वाराणसी तीसरे स्थानपर रहा, वहीं दस लाखसे अधिक आबादी वाले शहरोंमें राजधानी लखनऊ नम्बर तीनपर रहा, जो प्रदेशके स्वच्छता अभियानकी सफलताको रेखांकित करता है। इसकी यथास्थिति बनाये रखनेकी जरूरत है, क्योंकि स्वच्छता ही स्वास्थ्यकी कुंजी है।

लोक संवाद

न्यायिक जीत

महोदय,- हिमाचल प्रदेशने अपनी जमीन, जल और प्राकृतिक संसाधन देकर देशकी बड़ी जलविद्युत परियोजनाओंमें योगदान दिया, लेकिन उनके लाभसे लम्बे समयतक वंचित रहा। पड़ोसी राज्योंको बिजली मिलती रही, जबकि हिमाचल अपने वैधानिक हिस्सेकी प्रतीक्षा करता रहा। सुप्रीम कोर्टके हालिया फैसलेने छह दशक पुराने इस विवादके समाधानका रास्ता खोलते हुए बिजलीके अधिकारको समयबद्ध आपूर्तिकी व्यवस्थामें बदल दिया है। हिमाचल सरकारका दावा है कि किशाऊ बहुउद्देशीय बांध समझौतेपर अपनी सहमतिको हरियाणा द्वारा सुप्रीम कोर्टमें हलफनामा दाखिल कर बीबीएमबीकी बकाया बिजलीके हिस्सेके निबटारेपर आपत्ति न जतानेसे जोड़ दिया था। किशाऊ परियोजनासे मिलने वाले अतिरिक्त पानीमें हरियाणाकी रुचिको रणनीतिक आधार बनाकर गतिरोध तोड़नेकी कोशिश की गयी। हिमाचल सरकारके हस्तक्षेपसे समाधानकी प्रक्रिया आगे बढ़ी हो सकती है, लेकिन इससे वह अधिकार पैदा नहीं हुआ, जिसे २०११ में ही न्यायिक मान्यता मिल चुकी थी। पूर्व मुख्य मंत्री, प्रेम कुमार धूमलने इस मामलेमें आपत्ति जताते हुए कहा कि हिमाचलके अधिकारोंके लिए भाजपाका योगदान १९९० में शांता कुमार सरकारके समयसे शुरू हुआ था। वर्ष १९९६ में वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्टमें मुकदमा दायर किये जानेके बाद १९९८ में सत्तामें आयी उनकी पहली सरकारने इस मामलेकी पैरवीको और मजबूत किया। भाखड़ा बांधके निर्माणसे तत्कालीन बिलासपुर रियासतके बड़े भूभाग जलमग्न हुए, जबकि ब्यास परियोजनाओंके कारण कांगड़ाके लोगोंको विस्थापन झेलना पड़ा। हिमाचलने अपने क्षेत्रीय और जनसंख्या संबंधी योगदानके आधारपर बीबीएमबीकी बिजलीमें ७.१९ प्रतिशत हिस्सेदारीका दावा किया। पंजाब और हरियाणाको उनके हिस्से मिलते रहे, जबकि हिमाचलको रियायती दरपर सीमित बिजली आवंटित की जाती रही। वर्ष १९९६ में वीरभद्र सिंह सरकारने संविधानके अनुच्छेद १३१ के तहत सुप्रीम कोर्टका दरवाजा खटखटाया। २७ सितंबर, २०११ को अदालतने भाखड़ा-नंगल और ब्यास परियोजनाओंसे हिमाचलके ७.१९ प्रतिशत अधिकारको मान्यता दी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांतकी अध्यक्षता वाली पीठने आखिरकार नकद भुगतानके बजाय बिजलीकी आपूर्तिके माध्यमसे देनदारीका निबटारा किया। हिमाचलकी पूंजीगत लागतकी देनदारी ४२०.७७ करोड़ रुपये निर्धारित की गयी, जिसमें पंजाबको २४९.२३ करोड़ और हरियाणाको १७१.५५ करोड़ रुपये दिये जाने थे। प्रति यूनिट ३.८५ रुपयेकी दरसे लगभग १,०९३ मिलियन यूनिट बिजलीका समायोजन इस देनदारीके विरुद्ध किया गया। इसके बाद हिमाचलका शुद्ध बिजली अधिकार ११,९७३ मिलियन यूनिट रह गया। पंजाब और हरियाणा अगले २० वर्षोंतक अक्तूबरसे मार्चके बीच बिजलीकी कमी वाले मौसममें प्रतिवर्ष लगभग ६५३ मिलियन यूनिट बिजलीकी आपूर्ति करेंगे। भाखड़ा-नंगल परियोजनाके लिए दोनों राज्योंके बीच ५८:४२ और ब्यास परियोजनाके लिए ६०:४० का अनुपात निर्धारित किया गया है। सुप्रीम कोर्टने अपने निर्देशोंको बाध्यकारी बनाया है। हिमाचलके लिए यह बिजली महत्वपूर्ण आर्थिक संसाधन साबित हो सकती है। सरकारका अनुमान है कि छह रुपये प्रति यूनिटकी दरसे बिजली बेचनेपर राज्यको सालाना लगभग ५०० करोड़ रुपये मिल सकते हैं। ऊंची दरोंपर यह राशि १,००० करोड़ रुपयेतक पहुंच सकती है। **-के. एस. तोमर, वाया ईमेल।**

वैश्विक चर्चाओंका हिस्सा नहीं भारत

तीन दशकसे अधिक समयसे भारतीय शेयरोंमें निवेशका इतना खराब विदेशी रुझान देखनेको मिल रहा है। भारत अब वैश्विक चर्चाओंका हिस्सा नहीं है। सितंबर २०२४ में भारतीय बाजारोंके अपने उच्चतम स्तरपर पहुंचनेके बादसे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक ६५ अरब डालरकी राशि बाहर भेज चुके हैं।

❐ आकाश प्रकाश

बीते एक दशकमें विशुद्ध रूपसे देखें तो भारतको शून्य विदेशी निवेश मिला है। विदेशी निवेशकोंके पास मौजूद भारतीय शेयरोंका कुल मूल्य ९३० अरब डालरसे घटकर लगभग ६७५ अरब डालर रह गया है। विदेशी निवेशकोंकी हिस्सेदारी भी पिछले १५ वर्षोंके निचले स्तरपर पहुंच गयी है। वैश्विक निवेशकोंके बीच भारतको लेकर यही समझ बन गयी है कि पोर्टफोलियोमें भारतीय शेयरोंका वजन कम रखा जाय। एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इंडेक्समें भारतका वेटेज सितंबर २०२४ के २१ फीसदीसे घटकर आज लगभग दस फीसदी रह गया है। महज एक कम्पनी टीएसएमसीका इस मानक सूचकांकमें भार पूरे भारतके भारसे ५० फीसदी अधिक है! उभरते बाजारोंकी तीन दिग्गज कम्पनियां यानी टीएसएमसी, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स और एसके हाइनिक्स मिलकर इस सूचकांकमें ३० फीसदी हिस्सेदारी रखती हैं जो भारतके कुल भारसे लगभग तीन गुना है। सितम्बर २०२४ में अपने शिखरपर पहुंचनेके बादसे भारतीय शेयरोंमें डालरके संदर्भमें लगभग २५ फीसदीकी गिरावट आयी है जबकि इसी अवधिमें उभरते बाजारोंके सूचकांक लगभग ५० फीसदी चढ़े हैं।



इस तरह पिछले दो वर्षोंमें हमारा प्रदर्शन ७५०० आधार अंक यानी ७५ फीसदी कमजोर रहा। इसने कितने लोगोंके करियर तबाह कर दिये हैं और कई फंडोंको भारी नुकसान पहुंचाया है। ऐसे अनेक फंड हैं जिनका भारतमें अधिक निवेश करनेके कारण पिछले २४ महीनोंमें ही दस वर्षोंका प्रदर्शन रिकार्ड तबाह हो गया है। हालांकि यह तर्क है कि भारतका सापेक्ष और निरपेक्ष प्रदर्शन जल्द ही पलट सकता है और उसमें सुधार देखनेको मिल सकता है। आखिर एशियाकी तीन कम्पनियोंका सूचकांकमें कुल भार भारत जैसे आकार और संभावनाओं वाले देशसे तीन गुना कैसे हो सकता है। यह बात हास्यास्पद लगती है कि एशियाकी तीन प्रौद्योगिकी कम्पनियोंका किसी सूचकांकमें भार दुनियाकी कुल आबादीके लगभग ४० फीसदीके बराबर हो सकता है। पहली बार पूछा जा रहा है कि क्या भारतके लिए अलगसे निवेश आवंटन रखनेकी जरूरत है। कई निवेश आवंटनकर्ताओंको नहीं लगता कि भारत इतना महत्वपूर्ण है कि उसके लिए विशेष रूपसे निवेश आवंटित किया जाय। भारतपर अलगसे दांव लगाने और जोखिम उठानेकी जरूरत क्या है जब भारतीय बाजारका प्रदर्शन इतना खराब रहा है। बीस साल पहले हर निवेश आवंटनकर्ताके पास चीन और ब्राजीलके लिए अलगसे निवेश राशि होती थी जबकि भारतको लेकर बहस होती थी। समयके साथ यह धारणा बन गयी कि उभरते बाजारोंमें निवेश करनेके लिए भारत, चीन और ब्राजीलके लिए अलग-अलग पूंजी आवंटन जरूरी है।

निवेश आवंटनकर्ताओंकी अनिच्छा एक बड़ा नकारात्मक संकेत है। इससे देशमें आने वाले विदेशी इक्विटी निवेशकी मात्राके साथ-साथ पूंजीके स्रोतोंकी विविधता भी सीमित होगी। किसी देशमें विशेष आवंटनके बजाय सामान्य निवेशके माध्यमसे मिलने वाला निवेश स्वभावत: बाजारके चक्रीय उतार-चढ़ावपर अधिक निर्भर होता है। सोचमें यह बदलाव क्यों आया है। सबसे पहला कारण उभरते बाजारोंके सूचकांकमें भारतकी घटती हिस्सेदारी है। अब हमारा भार केवल दस फीसदी रह गया है जो पहलेकी तुलनामें आधा है। वहीं ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन मिलकर उभरते बाजारोंके सूचकांकका ७० फीसदी हिस्सा रखते हैं। ऐसेमें क्या भारतमें निवेश करनेकी जरूरत है। पिछले दस वर्षोंमें भारतीय बाजारने वैसे भी उभरते बाजारोंके सूचकांकोंकी तुलनामें सालाना लगभग १८० आधार अंक यानी १.८ फीसदी कम रिटर्न दिया है। यहांतक कि २० वर्षोंके आधारपर भी भारतका प्रदर्शन बहुत मामूली रहा है। यह धारणा भी कमजोर पड़ रही है कि कम्पनियोंकी गुणवत्ता, विकासकी निरन्तरता और उद्यमशीलताकी ऊर्जाके कारण भारतमें निवेश करना जरूरी है। अब यह विश्वास कम हो रहा है कि भारतके पास आने वाले कई दशकोंतक मजबूत आर्थिक विकासकी सम्भावनाएं हैं। कई निवेशक इस निष्कर्षपर पहुंच गये हैं कि भारत शायद इतना रिटर्न नहीं दे पायगा जिससे निवेशकोंको पर्याप्त निरपेक्ष रिटर्न मिल सके। उनकी गणना इस प्रकार है।

पिछले बीस वर्षोंमें रुपयेके संदर्भमें निफ्टी सूचकांकने सालाना लगभग १०.५ फीसदीका रिटर्न दिया है। यदि इसमें पूंजीगत लाभ करका लगभग १५ फीसदी प्रभाव मान लिया जाय जो अल्पकालिक पूंजीगत लाभ करकी २० फीसदी दर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर की १२.५ फीसदी दरका औसत है तो रिटर्न घटकर लगभग ८.९ फीसदी रह जाता है। यदि रुपयेके मूल्यमें सालाना लगभग चार फीसदीकी गिरावटको भी शामिल किया जाय जो २० वर्षोंका औसत है तो डालरके सन्दर्भमें रिटर्न घटकर लगभग छह फीसदी रह जाता है। जब अमेरिकी इक्विटीमें सौ सालका सालाना रिटर्न लगभग दस फीसदी है तो छह फीसदीके पीछे कोई क्यों भागेगा। तर्क है कि निफ्टीका २५ वर्षोंका रिटर्न दस फीसदी नहीं, बल्कि लगभग १३.५ फीसदी है। निफ्टीके आंकड़े बाजारसे मिलने वाले वास्तविक रिटर्नको कम करके दिखाते हैं। महंगी दरोंके बीच अन्तर कम होनेके कारण यह मान लेना भी तर्कसंगत नहीं है कि रुपयेके मूल्यमें लगातार चार फीसदी सालाना गिरावट आती रहेगी। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि निवेशक क्या कह रहे हैं।

सभी निवेश आवंटनकर्ता पूंजीगत लाभ करको लेकर नाराज हैं। दुनियाके किसी अन्य प्रमुख बाजारमें उन्हें इस तरहका कर नहीं देना पड़ता। इस करके कारण लम्बी अवधिमें अनुमानित वार्षिक चक्रवृद्धि रिटर्न लगभग दो फीसदी अंक कम हो जाता है। यह धारणा बन गयी है कि भारतमें कारोबार करना काफी जटिल है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके कारण वैश्विक स्तरपर सबसे अधिक नुकसान उठाने वाले देशोंमें भी भारतको देखा जा रहा है। इसकी वजह यह है कि एआई-केन्द्रित दुनियामें भारतके अनुकूल जनसांख्यिकी और कुशल दफ्तरी कार्यबलकी प्रासंगिकता घट रही है। वैश्विक स्तरपर मूल्य सृजनको गति देने वाले नवाचार और शोध एवं विकासको भारतकी कमजोरियां माना जा रहा है। इस तर्कका खंडन किया जा सकता है लेकिन बहुतसे निवेश आवंटनकर्ता इसपर विश्वास करते हैं। यदि भारत एक स्वतंत्र निवेश परिसंपत्ति वर्गके रूपमें अपना आकर्षण खो देता है तो यह चिन्ताका विषय होगा। इससे देशमें दीर्घकालिक संरचनात्मक निवेश पूंजीका प्रवाह कम होगा और वैश्विक निवेश आवंटनकर्ताओंकी नजरमें भारतकी प्रासंगिकता भी घटेगी। तमाम आंकड़े भारतको लेकर और अधिक नकारात्मक होनेका कारण बननेके बजाय बाजारमें विपरीत रुझानके संकेतक हैं। इनमेंसे अधिकांश कारक चक्रीय प्रकृतिके हैं और समयके साथ परिस्थितियां बदलेंगी। इस बीच हमें इस बातका ध्यान रखना होगा कि वैश्विक निवेशकोंके निवेश विकल्पोंकी सूचीमें भारतकी स्थिति और नीचे न खिसक जाय।

पिछले बीस वर्षोंमें रुपयेके संदर्भमें निफ्टी सूचकांकने सालाना लगभग १०.५ फीसदीका रिटर्न दिया है। यदि इसमें पूंजीगत लाभ करका लगभग १५ फीसदी प्रभाव मान लिया जाय जो अल्पकालिक पूंजीगत लाभ करकी २० फीसदी दर और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ करकी १२.५ फीसदी दरका औसत है तो रिटर्न घटकर लगभग ८.९ फीसदी रह जाता है। यदि रुपयेके मूल्यमें सालाना लगभग चार फीसदीकी गिरावटको भी शामिल किया जाय जो २० वर्षोंका औसत है तो डालरके सन्दर्भमें रिटर्न घटकर लगभग छह फीसदी रह जाता है।

जनताके असंतोषको दर्शाते परिणाम

ट्रम्प अपनी नीतियों, ईरानके साथ युद्धके कारण हारे या फिर अमेरिका केवल यूरोप और दुनियाके अन्य हिस्सोंमें चल रहे एक बड़े राजनीतिक आन्दोलनको प्रतिबिंबित कर रहा है। ट्रम्पने हमेशा शक्ति प्रदर्शनमें विश्वास किया है।

❐ सी. देवी

अमेरिकी मध्यावधि चुनावोंमें डोनाल्ड ट्रम्पकी हार रिपब्लिकन पार्टीके लिए एक झटकेसे कहीं अधिक है। यह हर जगहके राजनेताओंके लिए एक चेतावनी है कि एक बार हासिल की गयी सत्ताको कभी भी स्थायी या गृहीत नहीं माना जा सकता। कांग्रेसके दोनों सदनोंपर नियंत्रण हासिल करते हुए डैमोक्रेट्सकी व्यापक जीतने आम अमरिकियोंके बढ़ते असंतोष को उजागर कर दिया है, जो ऐसे नेतृत्वसे निराश थे, जो उनके रोजमर्राके सरोकारोंसे लगातार कटता जा रहा था। सवाल यह है कि क्या ट्रम्प अपने घमंड, अपनी नीतियों, ईरानके साथ युद्धके कारण हारे या फिर अमेरिका केवल यूरोप और दुनियाके अन्य हिस्सोंमें चल रहे एक बड़े राजनीतिक आन्दोलनको प्रतिबिंबित कर रहा है। इसका उत्तर शायद इन सभी कारकोंका एक संयोजन है। ट्रम्पने हमेशा शक्ति प्रदर्शनमें विश्वास किया है। उनकी राजनीतिक शैली टकराव वाली है, उनकी भाषा अक्सर कठोर होती है और उनका आत्मविश्वास कभी-कभी घमंडकी सीमाको छूने लगता है। उन्होंने बार-बार खुदको अमेरिकाको बचानेमें सक्षम एकमात्र व्यक्तिके रूपमें पेश किया है। लेकिन एक समय ऐसा आता है जब सत्ताका निरन्तर प्रदर्शन उन लोगोंको भी दूर करने लगता है, जिन्होंने कभी इसका समर्थन किया था। कई अमेरिकी इस निष्कर्षपर पहुंचते दिखे कि उनके राष्ट्रपति अपनी कठिनाइयोंको समझनेकी बजाय अपने अधिकारका प्रदर्शन करनेमें अधिक चिंतित थे। हालांकि अर्थव्यवस्था चुनावी परिणामका सबसे शक्तिशाली स्पष्टीकरण बनी हुई है। ट्रम्पने कीमतें नीचे लाने और आम अमेरिकियोंके जीवनमें सुधार करनेका वादा किया था। इसकी बजाय, किरानेका सामान, आवास, स्वास्थ्य सेवा और रोजमर्राकी जरूरतोंका खर्च परिवारोंपर भारी पड़ता रहा। मुद्रास्फीति केवल एक आर्थिक आंकड़ा नहीं, यह किसी परिवारके बचत करनेमें सक्षम होने और अगले वेतनके दिनतक जीवित रहनेके लिए संघर्ष करनेके बीचका अंतर है।

अमेरिकी उद्योगोंकी रक्षाके उद्देश्यसे बनायी गयी उनकी टैरिफ नीतियोंने भी आर्थिक अनिश्चितता और उच्च लागतमें योगदान दिया। जिन मतदाताओंको तत्काल राहतकी उम्मीद थी, वे यह सवाल उठाने लगे कि क्या ये नीतियां वास्तवमें उनके पक्षमें काम कर रही हैं। अमेरिकी मतदाता ट्रम्पको एक और मौका देनेके लिए तैयार रहे होंगे लेकिन धैर्यकी भी एक सीमा होती है। ईरानके साथ युद्ध एक और निर्णायक कारक बन गया। इस संघर्षने अनिश्चितता, बढ़ती ऊर्जा लागत और यह सवाल पैदा किया कि अमेरिका एक और लम्बे सैन्य जुड़ावमें क्यों शामिल हुआ। ऐसे समयमें जब परिवार जीवनयापनकी लागतसे जूझ रहे थे, युद्धपर भारी राशि खर्च करनेके विचारको उचित ठहराना बेहद मुश्किल हो गया। ट्रम्पने खुद स्वीकार किया कि ईरान युद्धने चुनावको प्रभावित किया था। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि विदेश नीति, जो अक्सर आम मतदातासे दूर दिखाई देती है, अंतत: घरेलू बजटमें अपना रास्ता तलाश ही लेती है। ईंधनकी ऊंची कीमतें, अंतरराष्ट्रीय बाजारोंमें अनिश्चितता और तनाव बढ़नेका डर हर किसीको प्रभावित करता है।

यूरोपने लोकलुभावन पार्टियोंके उदय, विरोध प्रदर्शनों और राजनीतिक अस्थिरताको देखा है। आर्थिक तंगी, जनताके असंतोष और बदलती राजनीतिक निष्ठाओंके दबावमें सरकारें गिर गयी हैं या कमजोर हो गयी हैं। फिर भी यह प्रवृत्ति एक समान नहीं है। कुछ देशोंमें, लोकलुभावन आन्दोलन मजबूत हो रहे हैं, दूसरोंमें मतदाता उन्हें खारिज कर रहे हैं। सांझा सूत्र यह है कि पारम्परिक राजनीतिक निष्ठाएं कम भरोसेमंद होती जा रही हैं। मध्य पूर्वमें अनिश्चितता एक और आयाम जोड़ती है। युद्ध, विस्थापन, ऊर्जा असुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय तनावने यह भावना पैदा की है कि दुनिया तेजीसे अस्थिर होती जा रही है। हर जगह नागरिक पूछ रहे हैं कि क्या उनकी सरकारें उनके आर्थिक हितोंकी रक्षा करने और एक सुरक्षित भविष्य प्रदान करनेमें सक्षम हैं। विश्वासका एक गहरा संकट भी है। राजनेताओंको अब उनके भाषणोंसे नहीं, बल्कि इस बातसे आंका जाता है कि वे परिणाम देते हैं या नहीं। बड़ी घोषणाएं, अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और शक्तिका प्रदर्शन बेरोजगारी, महंगे आवास या खाद्य पदार्थोंकी बढ़ती कीमतोंकी भरपाई नहीं कर सकते। इसलिए ट्रम्पकी हारकी व्याख्या केवल एक व्यक्तिकी अस्वीकृतिके रूपमें नहीं की जानी चाहिए। यह राजनीतिक व्यक्तित्वकी सीमाओं और जनताके असंतोषकी उपेक्षाके परिणामोंको दर्शाती है। उनके विरोधियोंके पास अब बदलावके वादोंको पूरा करनेका अपना कठिन कार्य हो सकता है। चुनाव जीतना एक बात है, सफलतापूर्वक शासन करना दूसरी। आर्थिक वृद्धि, बुनियादी ढांचा और अंतरराष्ट्रीय स्थिति महत्वपूर्ण हैं लेकिन आम नागरिक किफायती जरूरतें, रोजगार, सुरक्षा और सम्मान भी चाहता है। कोई भी सरकार यह नहीं मान सकती कि उसकी लोकप्रियता आर्थिक तंगीसे अछूती रहेगी। दुनिया एक ऐसे दौरमें प्रवेश कर रही है, जिसमें मतदाता अधिक तत्काल उत्तरोंकी मांग कर रहे हैं। उनके पास घमंड, राजनीतिक नाटकबाजी और अधूरे रह जाने वाले वादोंके लिए कम धैर्य है। अंतत: ट्रम्पकी हार हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्रके पास सत्ताकी ज्यादतियोंको सुधारनेका एक तरीका है। मतपेटी उन लोगोंकी आवाज बन जाती है जो खुदको अनसुना महसूस करते हैं और जब वह आवाज इतनी मजबूत हो जाती है तो सबसे शक्तिशाली नेताको भी सुनना ही पड़ता है। अमेरिकासे मिला सन्देश स्पष्ट है-कोई भी नेता जनतासे बड़ा नहीं है और कोई भी राजनीतिक जनादेश स्थायी नहीं है।

आत्मबोध

सत्यका प्रकाश

❐ अंशुल

प्रकाश सत्यका अभिन्न अंग है। कोई संत जब सत्यकी व्याख्या करता है तो वह प्रकारान्तरसे प्रकाशकी बात कर रहा होता है। झूठ मात्र अन्धकारका प्रतिनिधित्व करता है। सत्य साहस देता है और अन्धेरा भय उत्पन्न करता है। जिस तरह दीपावलीकी अमावस्या सर्वाधिक अंधेरी होती है, उसी तरह जीवनमें भी कभी-कभी ऐसा गाढ़ा अन्धकार आ जाता है, जिसे चीरकर बाहर आना बहुत कठिन होता है। किन्तु उसी ठोस तमसमें मात्र एक कर्मका दीप जल जाय तो अन्धेरा गायब हो जाता है। वास्तवमें अन्धेरेका कोई अस्तित्व ही नहीं है। प्रकाशका अभाव अन्धकारका सृजन करता है। आप पायंगे कि जीवनमें जो अन्धेरा आया है वह आपके मनकी उपज है। वास्तवमें जब आय कर्मसे विरत होते हैं तभी तमसको फैलनेका अवसर मिलता है। कर्म प्रकाशका जन्मदाता है। गीतामें श्रीकृष्ण कहते हैं कि मनुष्य बिना कर्मके रह ही नहीं सकता। तुलसीने गाया- कर्म प्रधान विरुव करि राखा। कर्म करते रहो तो फिर तमस कभी नजदीक आ ही नहीं सकता। निष्क्रिय जीवन अन्धेरों-संकटों-समस्याओंसे भरा होता है और सक्रिय जीवन, प्रकाश, सुख एवं समाधान प्रधान होता है। निराशा अन्धकारकी जननी है। आशा प्रकाशकी ओर उन्मुख करती है। सत्य प्रकाशकी तरह सरल, स्वाभाविक और मुधर होता है। प्रकाश समारोह है, उत्सव है जीवनका और अन्धकार मृत्यु है। प्रकाश हमें जीनेकी कला सिखाता है। हर समय हमारा मार्ग प्रकाशित करता है। उपनिषद् कहती है जब पूर्णसे पूर्ण निकाल लिया जाता है तो जो शेष रहता है, वह भी पूर्ण है। अर्थात् प्रकाशसे प्रकाशकी ओर चलते रहो तो कभी तमस मार्गमें आयेगा ही नहीं। जैसे पुनर्जीवन इसलिए नहीं है कि मृत्यु है, पुनर्जीवन इसलिए है कि जीवन है। हम सब कुछ सकारात्मक सोचें, सकारात्मक देखें तो अन्धेरा कभी हमारे सामने नहीं आयगा। हम निष्क्रिय होकर बैठे हैं, अत: सामने अन्धेरा है। हम जैसे ही सक्रिय हो जायंगे सामने प्रकाश ही प्रकाश फैल जायगा। हम जीवनमें अन्धेरेको, असत्यको प्रश्रय ही क्यों दे। हम इसे माने ही क्यों? वास्तविक तो यही है कि अन्धेरा कभी था ही नहीं। सूरज नहीं है, इसलिए रात्रि है। सूरजका अभाव रात्रिका कारण है और सूर्योदय रात्रिका अवसान। इसीसे हम सत्य, कर्मकी ओर प्रवृत्त रहें तो प्रकाश ही प्रकाश हो जायगा। दीपावलीका दीपोत्सव हमें यही सिखाता है। हर समय कर्मका दीप जलाते रहो यही जीवनका मर्म है।

आंकड़ोंकी बाजीगरीमें आत्मनिर्भरता गायब

❐ पूरन चंद सरीन

विश्व बैंकके आंकड़ोंपर सरकारको अपनी पीठ थपथपाने और विपक्षी आलोचनाको पटखनी देनेका अवसर मिल गया है। परन्तु असली सवाल यह है कि शहरी हो या देहाती, सामान्य नागरिकके जीवनमें कितना बदलाव आयाघ् विश्व बैंकको अप्रैल २०२६ की रिपोर्ट के अनुसार २०११-१२ से २०२३-२४ के बीच भारतमें निम्न-मध्यम आय वाले देशोंके लिए निर्धारित गरीबी रेखा, प्रति व्यक्ति प्रतिदिन ३९६ रुपये (२०२१ की क्रय-शक्तिके आधारपर) की आमदनी हुई। मतलब कि गरीबी रेखासे नीचे रहने वाली आबादी लगभग ५८ प्रतिशतसे घटकर १६ प्रतिशत रह गयी और करीब ५० करोड़ लोग गरीबी रेखासे ऊपर आये। अत्यधिक गरीबी यानी प्रतिदिन २८३ रुपयेसे कमपर जीवन बिताने वालोंका अनुपात भी २७ प्रतिशतसे घटकर ढाई प्रतिशत रह गया। ध्यान रहे कि यह विश्लेषण २०२१ में किसी व्यक्तिकी खरीददारी करनेकी क्षमतापर आधारित था और अब २०२६ है। इसलिए पूछा जाना चाहिए कि क्या इस आमदनीसे जीवन समृद्ध, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकता है।

इन आंकड़ोंका राजनीतिक पक्ष भी कम दिलचस्प नहीं है। सत्ताधारी दल इन्हें अपनी नीतियों और नेतृत्वकी सफलताका प्रमाण बताता है। विपक्ष बेरोजगारी, महंगी, किसानोंकी परेशानी और सरकारी योजनाओंकी कमियोंको सामने लाकर सरकारको घेरता है। राजनीतिमें यह स्वाभाविक है लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब आंकड़े राजनीतिक हथियार बन जाते हैं। उल्लेखनीय है कि गरीबीमें कमी एक लम्बी प्रक्रियाका परिणाम होती है। इसमें आर्थिक विकास, लोगोंकी मेहनत, रोजगार, कृषि और उद्योगकी स्थिति, पहलेसे चल रही योजनाएं और वर्तमान सरकारकी नीतियां, सभीकी भूमिका होती है। इसका पूरा श्रेय किसी एक सरकारको देना न्याय नहीं होगा। लगभग ८० करोड़ लोगोंको मुफ्त अनाज, किसानोंको प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधिके तहत सालाना ६,००० रुपये, उज्ज्वला योजनाके तहत गैस कनैक्शन, शौचालय निर्माणके लिए सहायता, गरीबोंके लिए आवास, स्वास्थ्य बीमा और महिलाओंके लिए अलग-अलग राज्योंमें नकद सहायता जैसी सुविधाओंका महत्व नकारा नहीं जा सकता। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग लोगोंको सामाजिक सुरक्षा देना कोई मुफ्तखोरी नहीं, बल्कि कल्याणकारी राज्यका दायित्व है।

राहत और विकास दो अलग-अलग चीजें हैं। मुफ्त गैस कनेक्शन मिलना और नियमित रूपसे सिलैंडर भरवा पाना दो अलग बातें हैं। शौचालय बन जाना और पानीकी नियमित उपलब्धता होना भी अलग बातें हैं। किसानके खातेमें ६,००० रुपये आना राहत हो सकती है, लेकिन खेतीकी लागत, फसलका उचित मूल्य, सिंचाई और बाजारकी समस्याओंका पूरा समाधान नहीं। मुफ्त राशन पेट भर सकता है लेकिन परिवारकी स्थायी आमदनी नहीं बन सकता। विडंबना यह है कि केन्द्र या राज्यकी कोई और किसी भी दलकी सरकार हो, कोई यह नहीं जानना चाहता कि इन योजनाओंसे लाभार्थियोंके जीवनमें दीर्घकालीन बदलाव कितना आया। क्या बच्चोंकी शिक्षा बेहतर हुई। क्या महिलाओंको आर्थिक स्वतंत्रता मिली। क्या युवाओंको कौशल और रोजगार मिला। क्या परिवार कुछ वर्षों बाद सरकारी सहायताके बिना भी अपनी जरूरतें पूरी करनेकी स्थितिमें पहुंचा। आजका पढ़ा-लिखा युवा केवल राहत नहीं चाहता, नौकरी चाहता है, अपना कारोबार शुरू करना चाहता है और अपने परिवारका भविष्य सुरक्षित करना चाहता है। भारत सरकारके आंकड़े बताते हैं कि १५ से २९ वर्षके युवाओंमें बेरोजगारी दर दस प्रतिशत थी। शहरी युवाओंमें यह १४ प्रतिशत रही। केवल पांच प्रतिशत युवाओंने ही औपचारिक व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। लगभग हर चौथा युवा न रोजगारमें था, न शिक्षामें और न ही प्रशिक्षणमें। यह केवल बेरोजगारीकी कहानी नहीं है, बल्कि हमारे कौशल और अवसरोंके बीचकी खाईं है। अपना छोटा उद्योग या कारोबार शुरू करने वाला व्यक्ति बैंकसे कर्ज, लाइसैंस, निरीक्षण, सरकारी मंजूरी और भुगतानमें देरी जैसी अड़चनोंसे जूझता है। कहीं उसे सिफारिशकी जरूरत पड़ती है, कहीं रिश्वत दिये बिना काम नहीं होता। ऐसे माहौलमें आत्मनिर्भर बननेका सरकारी नारा जमीनपर कितना कारगर है, यह समझना कोई रॉकेट साइंस नहीं है। यूरोपके कई देशोंमें व्यापक सामाजिक सुरक्षा है। पेंशन, बेरोजगारी भत्ता और स्वास्थ्य सुविधाएं हैं लेकिन इनके साथ कौशल प्रशिक्षण, अप्रैंटिसशिप और रोजगारमें वापसीकी व्यवस्था भी जोड़ी जाती है। जर्मनीकी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रणाली इसका उदाहरण है, जहां पढ़ाईके साथ उद्योगोंमें काम सीखनेका अवसर मिलता है। डेनमार्कमें बेरोजगार व्यक्तिको सहायता देनेके साथ उसे रोजगारके योग्य बनानेपर जोर दिया जाता है। एशियामें चीन, वियतनाम और बंगलादेशने उद्योग, निर्यात, विनिर्माणके साथ रोजगारके अवसर बढ़ानेपर जोर दिया। बड़े पैमानेपर औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचेने गरीबी घटानेमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन देशोंकी नीतियां भारतमें ज्योंकी त्यों लागू नहीं की जा सकतीं लेकिन एक सबक स्पष्ट है, सामाजिक सहायता जरूरी है लेकिन यदि स्थायी रूपसे आर्थिक प्रगतिका सपना साकार करना है तो रोजगार और आमदनीके अवसर पैदा किये बिना कोई चारा नहीं।

क्या गरीब परिवारका बच्चा अच्छी शिक्षा पा रहा है। क्या किसानकी आमदनी सम्मानजनक है। क्या युवाको योग्यताके अनुसार रोजगार मिल रहा है। क्या छोटा व्यापारी बिना रिश्वत और सिफारिशके अपना काम कर सकता है। क्या महिलाओंको सहायताके साथ आर्थिक स्वतंत्रता भी मिल रही है। सरकारकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं होनी चाहिए कि उसने कितने करोड़ लोगोंको मुफ्त सुविधाएं दीं, बल्कि यह होनी चाहिए कि कितने करोड़ लोग अब उन सुविधाओंपर निर्भर हुए बिना सम्मानपूर्वक अपना जीवन चला सकते हैं। गरीबी घटाना बड़ी उपलब्धि है लेकिन गरीबीसे बाहर आये व्यक्तिको फिरसे गरीबीमें न लौटने देना उससे भी बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्रमें सरकारका मूल्यांकन इस बातसे नहीं होना चाहिए कि उसने जनताको कितना दिया, बल्कि इस बातसे होना चाहिए कि उसने जनताको अपने दमपर कितना कमाने, आगे बढ़ने और सम्मानपूर्वक जीने योग्य बनाया।

नई खबर...

इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन ने इन्फोसिस पुरस्कार 2026 के छह युवा रिसर्चर्स के नामों की घोषणा की

बेंगलुरु- इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन ने आज इन्फोसिस पुरस्कार 2026 के छह विजेताओं की घोषणा की। यह पुरस्कार छह कैटेगरी - इकोनॉमिक्स, इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंस, ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज, लाइफ साइंसेज, मैथमैटिकल साइंसेज और फिजिकल साइंसेज में दिया जाता है। वर्ष 2009 में अपनी शुरुआत के बाद से



इन्फोसिस पुरस्कार उन लोगों की शानदार उपलब्धियों को सम्मानित करता रहा है, जिनकी रिसर्च और अकादमिक काम ने ज्ञान को आगे बढ़ाने के साथ-साथ भारत और दुनिया की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हर कैटेगरी के विजेता को एक गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट और 1,00,000 अमेरिकी डॉलर (या भारतीय रुपये में इसके बराबर राशि) दी जाती है। इन्फोसिस पुरस्कार 2026 के विजेताओं का चयन जाने-माने स्कॉलर्स और एक्सपर्ट्स के इंटरनेशनल जूरी पैनल ने किया। वर्ष 2024 से इस पुरस्कार का फोकस 40 साल से कम उम्र के रिसर्चर्स को सम्मानित करने पर है। इसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को उनके करियर की शुरुआती स्टेज में पहचान देना है। युवा रिसर्चर्स को मिलने वाला यह प्रोत्साहन आने वाली पीढ़ी के स्कॉलर्स और फ्यूचर इनोवेटर्स के लिए प्रेरणा बनेगा। इन्फोसिस पुरस्कार 2026 के विजेताओं की घोषणा इन्फोसिस साइंस फाउंडेशन के ट्रस्टियों - श्री श्रीनाथ बटनी (प्रेसिडेंट, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज), श्री के. दिनेश, श्री क्रिस गोपालकृष्णन, डॉ. प्रतिमा मूर्ति और श्री एस. डी. शिबुलाल ने की।

देश के प्रतिष्ठित परिधान निर्माता एवं रिटेल ब्रांड कैंटाबिल

मऊ- देश के प्रतिष्ठित परिधान निर्माता एवं रिटेल ब्रांड कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में अपनी व्यावसायिक उपस्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए मऊ में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ किया है। कंपनी के विस्तार अभियान की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। मऊ के 263/4बी, शारदा नारायण हॉस्पिटल के सामने, सहादतपुरा, मऊनाथ भंजन, उत्तर प्रदेश में स्थित यह स्टोर विकसित किया गया है। आकर्षक साज-सज्जा और व्यवस्थित डिस्प्ले के साथ तैयार किए गए इस स्टोर में पुरुषों के लिए कैजुअल, पार्टी वियर और फॉर्मल वियर की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए फैशन के अनुरूप विभिन्न प्रकार की आकर्षक एक्सेसरीज भी पेश की गई हैं।

केएफसी इंडिया ने पेश किया सॉसी ऑल न्यू कोरियन डंक्ड रेंज

यह फेस्टिव सीजन बहुत ज्यादा सॉसी होने वाला है। केएफसी इंडिया ने पेश की है, ऑल-न्यू कोरियन डंक्ड रेंज, जिसमें है केएफसी के सिग्नेचर क्रिस्पी चिकन के साथ बोल्ड कोरियन फ्लेवर्स। गोचुजंग हीट, टोस्टेड सीसेम और उमामी किक के साथ इसकी हर बाईट फ्लेवर में डंक्ड है। क्रिस्पी चिकन। एंडलेस सॉस। और बहुत सारा ड्रिप। इस नई रेंज में केएफसी का सिग्नेचर क्रंच पंची सॉस के साथ मिलेगा, जो हर बाईट को फ्लेवर में ड्रिप कर देता है। तो आपका केएफसी फेवराइट चाहे जो हो, पर अब आप उसका स्वाद कोरियन पंच के साथ ले सकेंगे। यह रेंज बोल्ड सॉसी कोरियन अपग्रेड के साथ केएफसी के सिग्नेचर मेन्यू आइटम्स लेकर आई है, जिसमें क्लासिक जिंगर बर्गर से लेकर बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स, ज्यूसी विंग्स और हॉट एंड क्रिस्पी शामिल हैं। ऑल-न्यू कोरियन डंक्ड रेंज 10 नवंबर 2026 से भारत में 1,400 से अधिक केएफसी रेस्टोरेंट्स पर डाइन-इन और टेक-अवे के लिए उपलब्ध होगी। इसका शुरुआती मूल्य ?89 है। इसे केएफसी ऐप, वेबसाईट और प्रमुख फूड डिलीवरी ऐप्स से ऑर्डर भी किया जा सकता है। तो इंतजार ना करें, बल्कि तुरंत ऑल-न्यू कोरियन डंक्ड रेंज ऑर्डर करें!

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से काबली चना व राजमा की कीमतों में भी 300/400 रुपये क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। जबकि दाल मिलों की मांग कमजोर होने से दलहनों में उड़द, अरहर व चने की कीमतों में 100 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। त्योहारी मांग समाप्त होने से चीनी के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। उठाव न होने से गुड़-शक्कर व खांडसारी में भी नरमी का रुख रहा। स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने तथा मांग बढने से सरसों व इसके तेल के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आपूर्ति कमजोर होने से बिनौला, सोया व चावल तेल की कीमतों में भी 50/100 रुपये की सुर्खी रही। किराना जिंसों में मांग बढने से काली मिर्च, बड़ी इलायची के भाव 5/10 रुपये प्रति किलो बढ़ गए। मेवों में उठाव न होने से बादाम कैलिफोर्निया के भाव 500 रुपये प्रति 40 किलो तथा गिरी के भाव 50/70 रुपये प्रति किलो घट गए।

अनाज-दाल

ग्राहकी निकलने तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढ़कर 1121 चावल सेला 10400/10500 रुपये तथा स्टीम 11000/11200 रुपये तथा 1509 चावल सेला 8500/8600 रुपये, स्टीम 8700/8800 रुपये तथा 1401 स्टीम के भाव 9600/9700 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। दाल मिलों की मांग सुस्त पड़ने से उड़द 100 रुपये घटकर देसी 9200/9500 रुपये तथा रंगून एफएक्यू 10450/10480 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। लेमन अरहर भी उठाव न होने से 100 रुपये घटकर 10250/10350 रुपये तथा देसी के भाव 10850/10950 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। राजस्थानी चना भी मांग के अभाव में 100 रुपये घटकर 7825/7850 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। इसके समर्थन में चना दाल 100 रुपये घटकर 8800/9200 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई। जबकि आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से राजमा के भाव 200/400 रुपये बढ़कर चीन के भाव 14600/15400 रुपये तथा इंडियन ब्राजील के भाव 14000/14400 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। स्टाकिस्टों की बिकवाली घटने से काबली चना भी 300 रुपये बढ़कर महाराष्ट्र के भाव 8700/9000 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 32/2026 — दिनांकः 09.11.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

निविदा सं.	विवरण	मात्रा	ई.म.डी.(₹)	निविदा खुलने की तिथि
19267755	2x500 केवीए आईजीवीटी आधारित होटल लोड कनवर्टर	02 सेट	4,31,880/-	16.12.2026

नोटः (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) सलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। (4) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म /लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (5) उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

2560/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक यानी 0.04 प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक गया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 12,563.33 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.44 प्रतिशत गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार में कारोबार लगभग स्थिर रहा। वित्तीय और रियल्टी शेयरों में खरीदारी ने सूचना प्रौद्योगिकी, दैनिक उपभोग के सामान और वाहन कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली के असर को संतुलित किया। विदेशी निवेशकों की मजबूत लिवाली से बाजार को सहारा मिला। नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से अर्थव्यवस्था को राहत मिली लेकिन वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उतार-चढ़ाव और अमेरिका में महंगाई के ऊंचे आंकड़ों के कारण वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल और ब्याज दरों को लेकर चिंता बनी रही। इससे बाजार में व्यापक तेजी सीमित रही। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार के दौरान तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 772.75 अंक बढ़त के साथ 81,879.40 अंक और निफ्टी 210.40 अंक चढ़कर 25,255.05 अंक पर बंद हुआ था, जो करीब नौ महीने का उच्चतम स्तर था।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004/99 — REGD.No.D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13102026-277100
CG-DL-E-13102026-277100

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5379] नई दिल्ली, सोमवार, 12 अक्टूबर, 2026/अश्विन 20, 1948
No. 5379] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 12, 2026 / ASVINA 20, 1948

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 12 अक्टूबर 2026

का.आ. 5593 (E) (अ)—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. **4527 (E) तारीख 14 अगस्त 2026**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी जिले के गाँव-देईपुर, सिरिहिरा, सजोई, मटुका, कपसेठी, कुरौना, झबरा, परमंदापुर, तालुक-राजातालाब में **NH731B के कि.मी. 49.2 से कि.मी. 89.266** तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "द टाइम्स ऑफ़ इंडिया" और "आज", दानों की तारीख 6 सितंबर 2026 दोनों में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

उत्तर प्रदेश राज्य के वाराणसी जिले के गाँव-देईपुर, सिरिहिरा, सजोई, मटुका, कपसेठी, कुरौना, झबरा, परमंदापुर, तालुक-राजातालाब में NH731B के कि.मी. 49.2 से कि.मी. 89.266 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

7846 GI/2026

जिला : वाराणसी
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 12/10/2026
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

फाइल नंबर : CE-RO/NH(O)/NH-731B/2021-22/3D
शेख अमीन खान, निदेशक

नोटः इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं.	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04022	नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर))	14:30	गोरखपुर	04:10	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	14.11.2026 को
04058	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20		मंगलवार	
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	30.11.2026 तक
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2026 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में चार दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जं.	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में दो दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.	15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.	20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.	07:25	अयोध्या कैंट	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट	14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.	06:45	अयोध्या कैंट	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट	13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में चार दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में तीन दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में दो दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
07621	हजूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:40	हजूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन	07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट	10:15	सप्ताह में दो दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो	22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन	12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	16.11.2026 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	19.11.2026 तक
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में तीन दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में दो दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.	09:00	अयोध्या कैंट	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में दो दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05281	मुजफ्फरपुर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	06:30	आनन्द विहार (ट.)	05:00	तिथिवार	बुधवार	18.11.2026 को
05282	आनन्द विहार (ट.)	07:00	मुजफ्फरपुर जं.	04:50		गुरुवार	19.11.2026 को
04067	पटना जं.	18:00	नई दिल्ली	14:00	तिथिवार	शुक्रवार	13.11.2026 को

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

विधि विद्यार्थियों ने निकाली विधिक जागरुकता रैली

वाइसचांसलर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, विद्यार्थियों ने लिया जागरुकता का संकल्प

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केंद्र के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधि संस्थान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधिक जागरूकता रैली भी निकाली गई। कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक प्रो. विनोद कुमार ने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं और गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विधि के विद्यार्थियों की समाज में कानूनी



जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को जरूरतमंद लोगों तक उनके अधिकारों एवं नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में विधिक सेवा केंद्र के सह-संयोजक डॉ. इंद्रजीत सिंह ने नि:शुल्क विधिक सहायता से संबंधित नियमों, केंद्र की जागरूकता गतिविधियों तथा आमजन को उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना विधिक सेवा का प्रमुख उद्देश्य है।

कार्यक्रम का संचालन विधिक सेवा केंद्र के संयोजक डॉ. मंगला प्रसाद यादव ने किया। स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन केंद्र के सह-संयोजक डॉ. दिनेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के बाद विधि संस्थान के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता रैली निकाली। रैली में विद्यार्थियों ने नि:शुल्क विधिक सहायता, नागरिक अधिकारों एवं विधिक सेवाओं की उपयोगिता से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

विद्यार्थियों ने गरीब, वंचित एवं दिव्यांगजनों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देने तथा जरूरतमंदों तक विधिक सहायता पहुंचाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर डॉ. विपिन सिंह, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. शुभम सिंह, डॉ. आश्रया दुबे, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. राजन तिवारी सहित विधि संस्थान के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

टेलर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बक्शा। थाना क्षेत्र के ढेरापुर (कलीचाबाद) गांव में 45 वर्षीय टेलर ने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दिया गुरुवार सुबह कमरें का दरवाजा बन खुलने पर परिजनों ने ताला तोड़ा तो कमरें का दृश्य देख हाहाकार मच गया। सूचना पर पहुँची शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी है। उक्त गांव निवासी निवासी प्रमोद गौड़ अलीगंज बाजार में कपड़ा सिलाई का कार्य कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था। बुधवार की रात्रि खाना खाकर घर के एक कमरे में सोने चला गया। सुबह देर तक न उठने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आहट न पाकर दरवाजा तोड़ा गया तो प्रमोद फन्दे बनाकर झूलता दिखा। घटना को देख परिवारजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतक की पत्नी गुड़िया देवी पुत्री काजल, सानू, एवं पुत्र निखिल एवं लकी का रोककर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि आत्महत्या का कारण पता नही चल सका है। पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है।

एक नज़र इधर भी

माता पिपरी भवानी मंदिर का जीर्णोद्धार, पूजा-भंडारे में उमड़े ग्रामवासी



जंघई। मीरगंज थाना क्षेत्र के असवां गांव में स्थित ग्राम देवी माता पिपरी भवानी के प्राचीन मंदिर का गुरुवार को जीर्णोद्धार किया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य भूमिका प्रकाश मिश्र पुत्र स्व. दया शंकर मिश्र के सुयोग्य पुत्र ने जीर्ण-शीर्ण मां पिंपरी भवानी मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। वहीं समस्त ग्रामवासियों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। जीर्णोद्धार के उपलक्ष्य में गांव में पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने माता पिपरी भवानी से प्रार्थना की कि माता इस कार्य को सफल बनाएं और गांव में सुख-समृद्धि बनाए रखें। कार्यक्रम में गांव के बड़ी संख्या में लोग सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामलोलारख मिश्र, लालचंद्र मिश्र, शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य असवां प्रकाश मिश्र प्रश मिश्र, कमलेश मिश्र, शिवलखन मिश्र, आशाराम, जयशंकर मिश्र, प्रेमशंकर मिश्र, नीरज, धीरज, राहुल मिश्र सहित सारे ग्रामवासी मौजूद रहे।

हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिंगरामऊ पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बृजेश यादव उर्फ भिन्डी पुत्र स्व. राधेश्याम यादव निवासी मेढ़ा, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त थाना सिंगरामऊ में दर्ज मुकदमा संख्या 121/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में वांछित था। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अब्दुल वहाब, कांस्टेबल सौरभ सिंह और कांस्टेबल दीपू यादव शामिल रहे।

राज कालेज के सेवानिवृत्त शिक्षक महाबल यादव का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर

93 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, कॉलेज परिसर में आयोजित हुई शोकसभा; शिक्षकों ने व्यक्त की श्रद्धांजलि

जौनपुर। स्थानीय राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक महाबल यादव (93) का बुधवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके सम्मान में कॉलेज परिसर में शोकसभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। शोकसभा में प्रधानाचार्य डॉ. संजय चौबे ने कहा कि महाबल यादव अत्यंत मृदुभाषी, अनुशासित एवं उत्कृष्ट शिक्षक थे। उनका पूरा जीवन शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित रहा। वे सदैव समय से विद्यालय पहुंचते थे और अपने कर्तव्यों



का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते थे। अपने सरल स्वभाव, मधुर व्यवहार और शिक्षण शैली के कारण वे छात्र-छात्राओं के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

अन्य वक्ताओं ने भी उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाबल यादव का निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। एक आदर्श शिक्षक के रूप में उनके योगदान और अनुशासित जीवनशैली को सदैव याद किया जाता रहेगा। ज्ञात हो कि मूल रूप से धर्मापुर क्षेत्र के उत्तरगांवा गांव निवासी महाबल यादव इसी विद्यालय में अध्यापक रहे जीयाराम यादव के बड़े भाई थे। जीयाराम यादव भी राजा श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में कॉलेज के उप प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शोकसभा में प्रेमचंद, डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रवि प्रकाश सिंह, डॉ. रमेश चंद्र, रामप्रताप, बृजभूषण, राघवेंद्र सिंह, पवन कुमार साहू, रामप्रताप, अरविंद कुमार, डॉ. नागेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार यादव, यादव सुभाष, संजय विमल, रंजना चौरसिया, पूजा सिंह, ज्योति सिंह, रंजना प्रजापति, राजेश कुमार श्रीवास्तव, सुभाष मिश्र, अखिलेश कुमार मौर्य सहित कॉलेज के समस्त छात्र छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत शिक्षक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

जौनपुर। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अर्न्तगत स्व-गणना कार्यक्रम को सफलतापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जाने हेतु समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम मे उपस्थित समस्त अधिकारीगण को निर्देश दिया कि जनगणना के द्वितीय चरण में स्व-गणना कार्य 16 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ होकर 30 नवम्बर 2026 तक की जायेगी जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार जानकारी को गंभीरता से समझें और किसी भी प्रकार की समस्या या शंका होने पर संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर उसका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वीर एकलव्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने करवायी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

सुजानगंज। क्षेत्र के ग्राम सभा बौरई वीर एकलव्य फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा स्व. राम अकबाल निषाद अध्यापक की स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई, इसमें काफी



संख्या में बच्चे भाग लिए प्रतियोगिता के लिए फार्म वितरण 1 नवंबर से प्रारंभ था सैकड़ो बच्चे इस परीक्षा में शामिल हुए बता दें कि यह सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रति वर्ष कराई जाती है जिसमें क्षेत्र के काफी बच्चे भाग लेते हैं यह परीक्षा बहुविकल्पी तथा ओएमआर शीट अत्यधिक परीक्षा प्रणाली पर कराई गई, जिससे बच्चों को इस परीक्षा को देने के तरीके के विषय में जानकारी हो सके परीक्षा ट्रस्ट के चेयरमैन जयसिंह निषादवंशी एडवोकेट के दिशा निर्देश में संपन्न हुई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक फूल चंद्र पाल व फाउंडेशन के पदाधिकारी सह संस्थापक पन्नेलाल, अनुशासन मंडल प्रमुख राम सकल निषाद, प्राथमिक विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम राम बच्चन निषाद प्रियंका निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर लोगों को किया जागरूक

डोभी। ब्लॉक परिसर के सभागार में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, न्याय पाने के उपायों और नि:शुल्क विधिक सहायता की सुविधाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां दीं। बीडीओ अरविंद कुमार यादव ने राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी होनी चाहिए,



जिससे किसी भी समस्या या अन्याय की स्थिति में वह कानूनी सहायता प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और जरूरत पड़ने पर नि:शुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजीत कुमार ने किया। उन्होंने भी कार्यक्रम के उद्देश्य और विधिक जागरूकता के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रमेश कुमार यादव, प्रवीण सिंह, राजेश कुमार यादव, रमेश गौतम, अमित सिंह अजीत कुमार लिपिक धनंजय कुमार सहित ब्लॉक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

डाक्टर पर जानलेवा हमला, चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

डोभी। चंदवक थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में बुधवार शाम गोमती नदी पुल के पास गोलबंद होकर मनबढ़ों ने डॉक्टर पर जानलेवा हमला कर दिया। हमला करने के बाद पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी डॉ. सुनील निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह बरैछवीर से घर बुधवार शाम आ रहा था। गोमती नदी पुल के पास गांव के ही निसार, राज, रियाजू व निजामूगोलबंद हो मारने पीटने के साथ ही जान मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। गंभीर चोट के कारण वह बेहोश हो गया। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

प्रथम पुण्य तिथि पर याद किये गये सुबेदार मेजर रामकरन यादव

डोभी। क्षेत्र के आचार्य बलदेव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कोपा पतरही, के शिल्पी सुबेदार मेजर रामकरन यादव की प्रथम पुण्यतिथि तिथि पर



एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मैनेजमेंट गुरु डॉ. अनिल कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोशिएशन ने अपने पिताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं उनकी पूजा करके उन्हें नमन किय। महाविद्याल परिवार के सभी सदस्यों ने मेजर साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। संस्था के सभी लोग उनको प्यार से बाबूजी कहकर बुलाते थे।

बाबूजी सबके आदर्श थे। आज उनको याद कारके सम्पूर्ण परिवार की आंखे नम हो गई थी। आज की श्रद्धांजलि सभा में डॉ. संतोष यादव, डॉ. कमलेश कुमार, डॉ. संजय यादव, डॉ. अन्नू, मिथिलेश यादव फौजी, विवेक यादव, राहुल यादव, संतोष कुमार गौड़, संत यादव, इन्द्रसेन यादव, मनीष, अरविंद, सुन्दरम, आशीष, अमित, परमेश पाल, विपिन पाल, जयकेश आदि उपस्थित रहे।

बाईपास पर नहीं थम रहा उपद्रवियों का उत्पात

जंघई। मछलीशहर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के जंघई बाईपास पर असामाजिक तत्वों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और विद्युत उपकरण चोरी करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में उपद्रवियों ने जंघई फ्लाईओवर और सेमरी अंडरपास के पास लगे सड़क सुरक्षा संकेतक बोर्डों तथा रात के अंधेरे में चमकने वाले रेडियम रिफ्लेक्टर टेप को जगह-जगह तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इतना ही नहीं, चोरों ने सेमरी अंडरपास पर लगी पांच स्ट्रीट लाइटों के बॉक्स खोलकर उनके कीमती उपकरण और एमसीबी फिर से निकाल लिए हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले अराजक तत्वों ने जंघई फ्लाईओवर पर लगी 26 स्ट्रीट लाइटों के बॉक्स से ऑटोमैटिक किट, एमसीबी, स्विच और लोहे के ढक्कन चुरा लिए थे। इसके बाद से ही कार्यदायी संस्था स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन कंपनी को उन लाइटों को डायरेक्ट जोड़कर और एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाकर शाम को ऑन तथा सुबह ऑफ कराना पड़ रहा है।

बैंक के भीतर वृद्ध का ५० हजार चोरी, खोजबीन में जुटी पुलिस

जफराबाद। क्षेत्र के कबूलपुर में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नेहरूनगर की शाखा में गुरुवार को एक वृद्ध की जेब से 50 हजार रुपये की चोरी हो गयी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर सीसी टीवी से फुटेज तलाश कर मामले की खोजबीन में लग गई। जलालपुर क्षेत्र के नीलकंठ पुर गांव निवासी तेजबहादुर चौहान ने बैंक पहुंच कर अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाला। उसके बाद वह बैंक के अंदर ही बेंच पर बैठकर कैशियर द्वारा दिये गये रुपयों को गिनने लगे। पैसा गिनकर उन्होंने अपने पैंट की जेब में रख लिया। उसके बाद उन्होंने बैंक के अंदर लगी प्रिंटर मशीन से अपने पासबुक पर प्रिंट करने लगे। उसी दौरान जेब से किसी ने उनका 50 हजार रुपये को निकाल लिया। उसके बाद बैंक से निकलने के पहले जब वृद्ध अपने जेब को देखने लगे तो जेब में पैसा नही था। वह बैंक के भीतर ही शोर मचाने लगे। पैसा चोरी होने से बैंक में हड़कंप मच गया।घटना की जानकारी पर थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बैंक के भीतर लगे सीसी टीवी से घटना की पूरी जानकारी लिया।घटना के समय वृद्ध के पास एक युवती व एक महिला मौजूद थी। बताया जाता है कि जेब से एक लड़की ने पैसा निकाला है। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि मामले का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मछलीशहर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के जमुहर नहर के पास बुधवार की रात अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की



इलाज के लिए बीएचयू ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार अश्वनी कुमार बुधवार की दोपहर अपनी बहन के घर मछलीशहर गए हुए थे। रात करीब साढ़े नौ बजे घर लौटते समय भिखारीपुर जमुहर के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।

हादसे के बाद उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर भिजवाया गया। जहाँ चिकित्सक ने नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। किंतु इलाज हेतु बी एच यू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वाराणसी जाते समय रास्ते में ही युवक की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना बाबत प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि अभी दुर्घटना कैसे हुई इसकी जाँच में पुलिस जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कोई विधिक कार्रवाई कि जाएगी। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक दो भाई पांच बहनो में सबसे छोटा था।

वाहन चालकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं - राजेन्द्र पाल गौतम

वाहन चालक कल्याण समिति का राष्ट्रीय सम्मेलन

बक्शा। ब्लॉक राष्ट्रीय राज्यमार्ग के उत्तर गुरुवार की शाम वाहन चालक कल्याण समिति द्वारा चालक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान, मध्यप्रदेश सहित यूपी के दर्जनभर जनपदों के वाहन चालकों ने प्रतिभाग किया। वाहन चालक कल्याण समिति के वाहन चालकों को संबोधित करतें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी प्रदेश प्रभारी कांग्रेस राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि वाहन चालकों के साथ अन्याय बर्दास्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वाहन चालक चाहे गर्मी हो, भीषण ठंडी हो, बारिश हो, भीषण आंधी तूफान हो अनाज व दवाओं जैसी जरूरतमंद सामानों को समय से पहुचाने का कार्य करता है परन्तु आज भी नगर निगम, आरटीओ एवं पुलिस विभाग द्वारा वाहन चालकों मजदूरों का शोषण किया जाता है उन पर डंडे बरसाए जाते हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि वाहन चालकों का दुर्घटना बीमा के अलावा सस्ती शिक्षा सहित हर सरकारी सुविधाओं का उतने ही हकदार है जितने सभी वर्गों के लोग है।

उन्होंने देश एवं प्रदेश की सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है वोट मांगने तो हाथ जोड़कर आते है जीतकर जाने के बाद आपके ही हाथ को मरोड़ने का कार्य करते है। सम्पूर्ण भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेशचंद्र



यादव ने कहा कि चालकों की अनदेखी किसी भी सरकार को महंगी पड़ेगी। उन्होंने संगठन की प्रमुख मांगो को लेकर मुख्य अतिथि को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान जिला प्रबंधक अजीत कुमार यादव, जिलाध्यक्ष वृजेश कुमार यादव ने वाहन चालको को सम्मानित किया। इस मौके पर रमाशंकर पटेल, अरविंद, मध्यप्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष संतोषी यादव, धमेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार, सतेंद्र तिवारी, राकेश यादव, रामसिंह यादव मंचासीन रहें। संचालन ऑटो चालक संघ प्रदेश अध्यक्ष कृपाशंकर पाठक ने किया।

जाम का वीडियो बना रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ा

सुइथाकला। स्थानीय क्षेत्र के सराय मोहिउद्दीनपुर चौराहे पर गुरुवार शाम लगे जाम का वीडियो बनाना कुछ युवकों को भारी पड़ गया। वीडियो बनाने के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा युवकों को पकड़कर पुलिस बूथ में ले जाने का मामला सामने आया। हालांकि, काफी देर तक चली बातचीत के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार, शाम करीब चार बजे चौराहे पर वाहनों के बेतरतीब खड़े होने के कारण जाम लग गया था। इससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद बड़ागांव निवासी कुछ युवक जाम का वीडियो बनाने लगे। बताया जाता है कि इसकी जानकारी पुलिसकर्मियों को हुई, तो चौकी पर तैनात एक कांस्टेबल युवकों को उनके मोबाइल फोन सहित चौराहे स्थित पुलिस बूथ के अंदर ले गया। इस दौरान युवकों के साथ हाथापाई होने की भी चर्चा रही। हालांकि, युवकों द्वारा अपना परिचय देने के बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें मोबाइल फोन वापस कर दिया और छोड़ दिया। घटना को लेकर चौराहे पर काफी देर तक चर्चाओं का दौर चलता रहा। इस संबंध में चौकी प्रभारी शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि युवकों को समझा-बुझाकर छोड़ दिया गया।

अज्ञात कारणों से लगी आग, लाख रुपये का नुकसान

डोभी। चंदवक बाजार के गाजीपुर मार्ग पर दक्षिणी पटरी पर गुमटी में खोली गई फुट वियर व मोबाइल की दुकान में बुधवार रात्रि अज्ञात कारणों से आग लग गई। भुक्तभोगियों को घटना की सुबह जानकारी हुई। तब तक सारे समान जलकर खाक हो चुके थे। अगलगी की घटना में लाख रुपये से ऊपर का नुकसान हुआ है। बरौटी निवासी सरफुद्दीन व चंदवक निवासी मुस्तकीम ने गाजीपुर रोड पर गुमटी में मोबाइल व इलेक्ट्रिक सामानों के रिपेयरिंग व फुट वियर की दुकान खोल रखी है। दोनों लोग रोज की भांति दुकान बंद कर घर चले गए। रात में दोनों गुमटियों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। सरफुद्दीन की दुकान में रखा मोबाइल, टीवी, पंखा व अन्य सामान जल गया। वहीं मुस्तकीम की दुकान में रखा जूता चप्पल सहित अन्य सामान जल गए। घटना की सुबह जानकारी होने पर भुक्तभोगियों ने पुलिस व राजस्वकर्मी को सूचना दी। अगलगी की घटना में लाख रुपये से ऊपर का नुकसान हुआ है।

नगर पंचायत प्रतिनिधि ने छठ पूजा को लेकर घाट पर तैयारियों का लिया जायजा

श्रद्धालुओं की सुविधा पर दिया जोर

सिरकोनी। छठ पूजा पर्व को लेकर जफराबाद घाट पर तैयारियां तेज हो गई हैं। पर्व के मद्देनजर नगर पंचायत प्रतिनिधि डॉ. सरफराज खान ने घाट पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट की साफ-सफाई, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।



उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए छठ पूजा से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने पर जोर दिया। डॉ. सरफराज खान ने कहा कि छठ पूजा आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर घाट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही घाट पर साफ-सफाई बनाए रखने की आवश्यकता बताई।

११ घंटे थमेगा रेलवे फाटक पर वाहनों का पहिया

१३ की रात नौ बजे से १४ की सुबह आठ बजे तक बन्द रहेगा रेलवे फाटक

मुंगराबादशाहपुर। उत्तर रेलवे के प्रतापगढ़ जंघई रेल खण्ड पर स्थित रेलवे स्टेशन बादशाहपुर के पश्चिम केबिन (किमी 864/10-12) पर समपार संख्या-64 एस पी एल पर आवश्यक रेल पथ अनुरक्षण (ट्रैक मेंटेनेंस) कार्य कराये जाने हेतु रेल सुरक्षा एवं संरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए इस रेलवे फाटक को 13 अक्टूबर की रात 9 बजे से 14 अक्टूबर की सुबह 8 बजे तक कुल 11 घंटे सड़क यातायात के लिए पूरी तरह बन्द रखा जाएगा। उक्त जानकारी उत्तर रेलवे प्रतापगढ़ के वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता रेल पथ ने दी। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को भेजे गए पत्र में वरिष्ठ मंडल अभियंता रेल पथ ने उक्त समय पर ट्रैफिक डायवर्जन और पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि रेलवे फाटक बन्द होने से वाहनों को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े इसके लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में प्रयागराज से जौनपुर जाने वाले वाहन फूलपुर से जंघई मछली शहर होते हुए अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना होंगे। जबकि बदलापुर शाहगंज जाने वाले वाहन फूलपुर गाजी का बाग होते हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे। जौनपुर से प्रयागराज जाने वाले वाहन मछलीशहर जंघई होते हुए फूलपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होंगे जबकि बदलापुर शाहगंज की ओर से प्रयागराज जाने वाले वाहन गाजी का बाग फूलपुर होते हुए अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना होंगे। रेल प्रशासन ने आम जनमानस एवं वाहन स्वामियों से असुविधा से बचने के लिए निर्धारित अवधि में वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करने की अपील की है।

विद्यालय से इनवर्टर, बैट्री, सीपीयू चोरी, अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

पवांरा। कम्पोजिट विद्यालय जखनिया में खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा सीपीयू , इनवर्टर व बैट्री चोरी कर लिया गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। जानकारी के अनुसार कम्पोजिट विद्यालय जखनियां के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मिश्र ने थाने पर लिखित तहरीर दिया कि दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज के उपलक्ष्य में विद्यालय चार दिन तक बंद था। बारह नवम्बर दिन गुरुवार को विद्यालय सुबह साढ़े आठ बजे खोला गया तो पता चला कि कक्षा आठ में लगे स्मार्ट बोर्ड का सीपीयू , दो बैट्री 110एमएच व एक इनवर्टर जिसकी कीमत लगभग चालीस हजार रुपये है खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। ग्राम प्रधान पंकज मिश्रा ने बताया कि इसके पूर्व ग्राम सभा में ही स्थित प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर में भी चार बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। इस प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया गया है और जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जायेगा।

चार दिवसीय डाला छठपूजा आज से शुरू

चंदौली। बिहार से निकल यूपी व अन्य राज्यों में पहचान बना चूके आस्था व मन्नतों का चार दिवसीय महापर्व छठपूजा को लेकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों सहित मुगलसराय में तालाबों व सरोवरों पर साज सजावट के साथ घाटों की साफ-सफाई युद्धस्तर पर चल रही है। छठ पूजा करने वाले तालाबों व सरोवरों के किनारे छठपूजा के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिए है। 4 दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 13 नवंबर, शुक्रवार को नहाय खाय से होगी, जो 16 नवंबर, सोमवार को उगते सूर्य (उषा अर्घ्य) देने के पश्चात समाप्त होगी। छठ महापर्व के दौरान बांस से बने सूप और टोकरी जिसे स्थानीय भाषा में 'डाला' या 'दउरा' भी कहते हैं, कि काफी महिमा है। छठ पर्व के दौरान व्रती महिलाएं बांस की सुपली में पूजा सामग्री रखकर सूर्य देव और छठी मैय्या को अर्घ्य देती हैं। लेकिन

शुक्रवार को नहाय-खाय से होगी शुरूआत

बदलते समय के साथ मार्केट में पीतल या अन्य धातुओं से बनी टोकरी और सूप मौजूद है। छठ करने वाले अधिकतर लोग इस महापर्व के दौरान धातुओं से बनी टोकरियों का इस्तेमाल पूजा के लिए करते हैं। लेकिन क्या ऐसा करना धार्मिक नजरिए से सही माना जाता है। बांस के दउरे की जगह ले रहा पीतल और स्टील का सूप, छठ पूजा की इस बदलती परंपरा पर क्या कहते हैं, छठ पूजा में बांस के सूप और दउरा का पारंपरिक महत्व है, दीवाली-धनतेरस के बाद लोगों को छठ पूजा का बेसब्री से इंतजार होता है। वैसे तो छठ का पर्व पूरे देश में मनाया जाता है, छठ पर्व के दौरान व्रती महिलाएं बांस की सुपली में पूजा सामग्री रखकर सूर्य देव और छठी मैय्या को अर्घ्य देती हैं। लेकिन बदलते समय के साथ मार्केट में पीतल या अन्य धातुओं से बनी टोकरी और सूप मौजूद हैं। छठ करने वाले अधिकतर लोग इस महापर्व के दौरान धातुओं से बनी टोकरियों का इस्तेमाल पूजा के लिए करते हैं। तेजी से बदलती दुनिया का असर भारतीय तीज-त्योहारों पर भी देखने को मिल रहा है। छठ आते ही मार्केट में बांस से तैयार हुए दउरी और सुपली मिलने लग जाते हैं। कई लोग छठ पूजा के दौरान इनका इस्तेमाल करते हैं। समय के साथ बांस से बनने वाला दउरा और सुपली का स्थान पीतल की सुपली ने ले लिया है। इसका सबसे बड़ा कारण है इनका टिकाऊपन होना। जहां बांस से बनी इन सामग्रियों को हर साल छठ पूजा पर नया खरीदना पड़ता है, वहीं पीतल से बने सुपली और दउरा एक बार खरीद लेने से बार-बार इस्तेमाल किया जाता है।



माल गोदाम रोड स्थित तालाब की सफाई करता कर्मचारी। छाया: आज

चोरों ने दो स्थानों से लाखों रुपये के सामान पर किया हाथ साफ

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बेखौफ चोर एक के बाद एक चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस अब तक किसी भी बड़ी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है। इससे पुलिस की कार्यशैली और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सेमरा गांव में बुधवार की देर रात चोरों ने सुरेश यादव के घर को निशाना बनाते हुए नकदी और महिलाओं के कीमती आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। वही प्राथमिक विद्यालय मजीदहा में चोरी को अंजाम दिया। सेमरा गांव निवासी सुरेश यादव खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बुधवार की रात करीब दो बजे चोर घर के पीछे से छत पर चढ़े और सीढ़ी के रास्ते घर में दाखिल हो गए। इसके बाद उन्होंने घर में रखे बड़े बक्सों और बैगों को खंगालकर पत्नी, बहन और बेटियों के सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर ली। पीड़ित सुरेश यादव के मुताबिक, गुरुवार की सुबह करीब चार बजे जब उनकी नींद खुली तो घर का बाहरी दरवाजा खुला देखकर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। अंदर जाकर देखा तो बड़े बक्सों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दो छोटे बक्से और एक बड़ा बैग गायब मिला। चोर बक्से में रखे भैंस की बिक्री के 12 हजार रुपये नकद के साथ सोने के झुमके, लॉकेट, मंगलसूत्र, मंटिका, अंगूठियां, सिकड़ी और चांदी की पायल, करधनी व पैंजनी सहित बड़ी संख्या में आभूषण उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार, उनकी बहन के आभूषण भी चोरी हुए हैं। चोर कपड़े और अन्य घरेलू सामान भी अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी होते ही पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची बलुआ पुलिस और हल्का प्रभारी ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

चन्दौली। आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के क्रम में 12 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक, आकाश पटेल द्वारा पुलिस कार्यालय में (जनता दर्शन) (जनसुनवाई) का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उन्हें न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पीड़ितों की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उन्हें न्याय दिलाना चन्दौली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फरियादियों द्वारा दिए गए प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) तथा थाना प्रभारियों से दूरभाष पर वार्ता की और प्रकरणों के त्वरित व पारदर्शी निराकरण हेतु कड़े निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई के दौरान कार्यालय आने वाले प्रत्येक नागरिक, आवेदक एवं फरियादी के साथ शिष्ट, संवेदनशील और विनम्र व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक आवेदक की समस्या को पूरी तन्मयता से सुनकर गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष और त्वरित विधिक कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगीय सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निस्तारण कर आख्या प्रेषित करें। आज आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

आपरेशन कन्विक्शन में एक को सजा

चंदौली। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत प्रभावी पैरवी, वैज्ञानिक विवेचना एवं साक्ष्य संकलन के फलस्वरूप थाना मुगलसराय पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट में अभियुक्त इमरान राइन पुत्र मुमताज राइन निवासी हाथीरथ चौमुहानी विशेश्वरगंज वाराणसी हालपता ग्राम चौरहट थाना मुगलसराय चन्दौली को मा0 न्यायालय स्पे0 जज एससी/एसटी कोर्ट जनपद चन्दौली द्वारा (पीठासीन अधिकारी) सत्यजीत पाठक 12 नवम्बर को अभियुक्त को दोष सिद्ध करते हुए 02 वर्ष 04 माह 17 दिवस की सजा से दण्डित किया गया।

पोखरे में मिला महिला का शव

चकिया। नगर के मां काली मंदिर पोखरे में गुरुवार की सुबह अज्ञात महिला का उतराया हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गयी। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। घंटो प्रयास के बाद भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। गुरुवार की सुबह काली मंदिर पोखरे पर टहलने गए लोगों ने पोखरे में 40 वर्षीय महिला का शव उतराया हुआ देखा तो शोर मचाने लगे। देखते देखते लोगों की वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोखरे से शव को बाहर निकलवाया। महिला ने लाल और पीले रंग की छींट दार साड़ी पहनी हुई थी और गले में काले रंग के धागे में एक चाबी लटकी हुई थी। कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि महिला केशव को जिला अस्पताल के मर्चरी में रखवा दिया गया है।

हाइटेंशन तार की चपेट में आने से बिजली मिस्त्री की मौत

धानापुर। विजयदशमी पोखरे पर छठ पूजा की तैयारियों के दौरान गुरुवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। पोखरे पर पोस्टर लगा रहे 18 वर्षीय बिजली मिस्त्री कार्तिक की हाईटेंशन बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र का निवासी था। जानकारी के अनुसार, डाला छठ के मद्देनजर विजयदशमी पोखरे पर लाइटिंग और पोस्टर लगाने का काम कराया जा रहा था। इसके लिए वाराणसी से बिजली मिस्त्री कार्तिक को बुलाया गया था। गुरुवार शाम पोस्टर लगाने के दौरान वह ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर धानापुर थाना प्रभारी सूर्य प्रकाश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बिजली का करंट लगने से मिस्त्री की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षिप्त

चार घंटे होगी बिजली कटौती

मुगलसराय। जिले के पीडीडीयू नगर में गुरुवार, 12 नवंबर को चार घंटे बिजली कटौती होगी। चंदासी उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी के फीडर नंबर 01, 02, 03 और 04 सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेंगे। टाउन नंबर-03 के बंटवारे के काम के तहत केबल डाली जाएगी। इसके लिए संबंधित फीडरों की बिजली बंद की जाएगी। इन फीडरों से जुड़े इलाकों में तय समय तक बिजली नहीं रहेगी। उपखंड अधिकारी (विद्युत) दीपक पटेल ने इसकी जानकारी दी और उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि तय समय में काम पूरा कर बिजली चालू करने की कोशिश की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से बिजली कटौती से पहले जरूरी काम निपटाने और पानी समेत अन्य जरूरी इंतजाम करने की अपील की है।

ड्राइवरों का बेमियादी हड़ताल का ऐलान

चंदौली। उत्तर प्रदेश में ड्राइवर महासंगठन ने 12 नवंबर से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन 'स्टेयरिंग छोड़ो' अभियान चलाने का ऐलान किया है। इस अभियान के तहत चालक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए चंदौली संगठन के उपाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने अलीनगर डिपो और मुगलसराय स्थित चंदासी कोयला मंडी पहुंचकर ट्रक और टैंकर चालकों से संपर्क किया। इस दौरान उन्होंने चालकों को अभियान की जानकारी देते हुए संगठन की प्रमुख मांगों से अवगत कराया और आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। दुर्गेश कुमार ने बताया कि ड्राइवरों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के साथ बीमा, पेंशन, उचित वेतन, कैशलेस इलाज और उत्पीड़न से मुक्ति जैसी मांगों को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चालकों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा।

उपजाऊ जमीन अधिग्रहण का किसानों ने किया विरोध

चंदौली। विंध्य एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए किसानों की उपजाऊ जमीन के अधिग्रहण का विरोध तेज होने लगा है। इस दौरान किसानों ने एक्सप्रेसवे के लिए उनकी उपजाऊ जमीन अधिग्रहित किए जाने पर आपत्ति जताते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों का कहना था कि उनके पास खेती योग्य यही जमीन है। जो उनके परिवार के भरण-पोषण और आजीविका का एकमात्र आधार है। जमीन अधिग्रहित होने से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा। डीएम से मुलाकात के बाद किसान न्याय मोर्चा आरोप लगाया कि विंध्य एक्सप्रेसवे की योजना से बड़े औद्योगिक घरानों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि योजना की पीडीआर में अडानी रोडवेज के नाम से सड़क निर्माण का उल्लेख है।

छठपूजा को लेकर नगर पंचायत, पुलिस मुस्तैद

सैयदराजा। लोक आस्था के पावन पर्व छठ पूजा को भव्य, दिव्य और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व से पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और नगर पंचायत के जन प्रतिनिधियों की संयुक्त टीम ने नगर पंचायत के सरोवर के सभी छठ घाटों के चारों ओर पैदल घूमकर तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। घाटों पर इस बार दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन की ओर से ऐतिहासिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बिक्रम दहिया, क्षेत्राधिकारी सदर नामेंद्र रावत, उप जिलाधिकारी सदर, सैयदराजा थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, व राहुल जायसवाल सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष आभा जायसवाल एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



महाविद्यालय के कमरे में मिली युवक की लाश

मुगलसराय। कोतवाली क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोतवाली अंतर्गत चंधासी स्थित एक महाविद्यालय के एक कमरे के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

हेलमेट नियमों के पालन के लिए किया जागरूक

चन्दौली। जनपद में चलाए जा रहे (यातायात माह) जागरूकता अभियान के अंतर्गत 12 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात कृष्ण मुरारी शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक यातायात-प्रथम सत्य प्रकाश यादव द्वारा संयुक्त रूप से थाना अलीनगर व थाना मुगलसराय क्षेत्र में सघन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अलीनगर व मुगलसराय क्षेत्र में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर यातायात नियमों का महत्व समझाया गया। इसके साथ हीए सुरक्षा के दृष्टिकोण से चालकों को गुणवत्तापूर्ण हेलमेट नि:शुल्क वितरित किए गए।

युवक पर गला दबाकर जानलेवा हमले का आरोप

मुगलसराय। गुरुवार को कुत्ते को टहलाकर घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट कर गला दबाकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। मामले में शिकायतकर्ता अविनाश कुमार अग्रवाल ने पुलिस प्रशासन से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग की है। अविनाश कुमार अग्रवाल, पुत्र मुरारी प्रसाद अग्रवाल, निवासी 79 न्यू महाल सट्टी और वर्तमान पता मकान संख्या 101, रविनगर मुगलसराय ने बताया कि उनका भाई अपने कुत्ते को टहलाकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में अभिषेक यादव, पुत्र सारनाथ यादव ने कथित तौर पर उसे पीछे से रोक लिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और गला दबाते हुए जमीन पर गिरा दिया। इतना ही नहीं, उसे घसीटते हुए अपनी गौशाला के पास ले गया और उसके सीने पर चढ़कर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह अपने स्टाफ को छोड़कर वापस लौटा तो उसने अपने भाई को जमीन पर पड़ा देखा। इस दौरान आरोपी उसके भाई का गला दबाए हुए था। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुगलसराय थाना प्रभारी और डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोप है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पीड़ित के भाई ने पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल से न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस, पशु तस्करों में मुठभेड़, हत्थे चढ़ा एक तस्कर

चंदौली। कोतवाली क्षेत्र के कोडरिया-बसारिकपुर मार्ग पर गोवंश तस्करी कर रहे तस्करों ने पीछा कर रही पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वही अन्य तस्कर खेतों के रास्ते फरार हो गए। मौके से पुलिस ने क्रूजर वाहन में लदे एक गाय और एक सांड को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान सकलडीहा हाईवे की तरफ से आ रहे संदिग्ध क्रूजर वाहन को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस के पीछा करने पर वाहन सवार बदमाशों ने टीम को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद कुछ बदमाश चलती गाड़ी से उतरकर खेतों में भागने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने आत्मरक्षा में दो राउंड हवाई फायर किए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सूरज उर्फ गोलू पटेल निवासी लमही, थाना पहड़िया, वाराणसी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पांच हजार रुपये और गांजा पीने के लालच में गोवंश तस्करी में शामिल हुआ था। वाराणसी से छुट्टा गोवंश को क्रूजर में लादकर बिहार ले जाया जा रहा था। वाहन में विकास चौहान, बाबू यादव, संतु यादव और शिवकुमार सोनकर भी सवार थे। पुलिस ने बताया कि शिवकुमार सोनकर ने विकास चौहान के कहने पर पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। पुलिस ने क्रूजर वाहन समेत दो गोवंश बरामद किए हैं। मामले में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई जुट गई।

सर्कस मोड़ मार्ग पर जलभराव से राहगीर परेशान

मुगलसराय। नगर के सर्कस मोड़ मार्ग पर जलभराव की समस्या से स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों को प्रतिदिन परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं सड़क पर जलभराव के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य राहगीर आते-जाते हैं। सड़क पर पानी जमा होने से लोगों को यह अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि कहां गड्ढा है और सड़क कितनी गहरी है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी काफी दिक्कत होती है। खासकर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को मजबूरी में इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।

जाम के झाम से बेखबर कस्बा प्रभारी

सकलडीहा। कस्बे में आए दिन लगने वाले जाम से आमजन, राहगीरों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे की सड़कों पर अतिक्रमण और बेतरतीब खड़े वाहनों के चलते यातायात व्यवस्था बेपटरी नजर आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कस्बा सकलडीहा स्थित डायट में पदोन्नति को लेकर शिक्षकों की काउंसलिंग की जा रही है। जिसमें चार पहिया वाहनों से लेकर बड़े पैमाने पर शिक्षकों का जमावड़ा रहा परंतु कस्बा की जाम की समस्या को लेकर पूरी तरह से लापरवाह कस्बा प्रभारी आराम से कोतवाली में बैठकर अपनी ड्यूटी निभाते नजर आए जाम में घंटों फंसे रहे स्कूली बच्चे पूरी तरह बेहाल दिखाई दिए, वहीं जाम की समस्या से निजात दिलाने की जिम्मेदारी संभालने वाले कस्बा प्रभारी की कार्यशैली को लेकर स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का आरोप है कि कस्बे में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और जाम से राहत दिलाने के बजाय कस्बा प्रभारी अन्य गतिविधियों में अधिक व्यस्त नजर आते हैं। आरोप है कि थाने पर अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को उनकी शिकायतों पर गंभीरता से सुनवाई करने के बजाय अपनी नौकरी के खट्टे-मीठे अनुभवों के किस्से सुनाए जाते हैं। जाम की खबर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र निषाद ने तत्काल मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को संभाला। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन समय रहते यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाए तो कस्बे को रोजाना लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

यूबीआई के १०८वें स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

चंदौली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, चंदौली द्वारा राधा कृष्ण पैलेस में बैंक का 108वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस गरिमामयी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद के माननीय सदस्य (एमएलसी) श्री धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख राजीव कुमार सिंह ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय प्रमुख राजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय आश्वासन प्रमुख अभिषेक, ईबीसी प्रमुख श्री पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिकारियों, स्टाफ सदस्यों और बैंक के सम्मानित ग्राहकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और केक काटकर किया गया। अपने स्वागत भाषण में क्षेत्रीय प्रमुख श्री राजीव कुमार सिंह ने वर्ष 1919 से शुरू हुई बैंक की 108 वर्षों की शानदार यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने चंदौली क्षेत्र की उपलब्धियों को साझा करते हुए ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं देने, वित्तीय समावेशन, डिजिटल बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लक्ष्यों को पूरा करने के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दोहराया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बैंक के 108वें स्थापना दिवस पर पूरे बैंकिंग परिवार को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में बैंक की 108 वर्षों की सेवाओं, किसानों व एमएसएमई सेक्टर को समर्थन और पूर्वांचल क्षेत्र के आर्थिक विकास में इसके महत्वपूर्ण योगदान की भरपूर सराहना की। इस विशेष अवसर पर बैंक में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी कर्मचारियों, सर्वश्रेष्ठ शाखाओं और बैंक से लंबे समय से जुड़े मूल्यवान ग्राहकों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। ।



मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

चन्दौली। उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति फेज 6.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों, ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना, प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय, शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया।

टूटी फूटी खड़ंजा सड़क आने-जाने वालों के लिए बनी मुसीबत

कमालपुर। स्थानीय क्षेत्र के कमालपुर गोपालपुर धीना मार्ग दो ब्लाक के सरहद सैनिक स्व० गुलाब सिंह यादव स्मृति गेट के पास स्थित दो सौ मीटर टूटी फूटी खड़ंजा की सड़क आने जाने वालों के लिए काफी मुसीबत बनी हुई है। कमालपुर से होकर मोहन भिट्टी, चिलबिली, गोपालपुर और सीरकलपुर के रास्ते धीना रेलवे स्टेशन पहुंचती है। सड़क पक्की पिच की बनी हुई है। चिलबिली गांव धानापुर ब्लाक तथा गोपालपुर गांव बरहनी ब्लाक के अंतर्गत आते हैं। दोनों गांव के सरहद पर सैनिक स्व० गुलाब यादव समृति गेट बना हुआ है। विधान सभा एक, वोटर एक तथा जनपद एक है फिर भी सरहद की दो सौ मीटर सड़क दशकों पुरानी ईंट की टूटी फूटी सड़क आने जाने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सरहद की यह सड़क पहले एक किमी खड़ंजा की थी, पिछले साल आठ सौ मीटर पक्की पिच बना दी गई शेष दो सौ मीटर छोड़ दी गई, जो आज तक उसी तरह ज्यों की त्यों पड़ी हुई है और आने जाने वालों के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली संपर्क मार्ग अगल बगल के लोगो के लिए कम दूरी, भीड़ भाड़ रहित, बड़ी गाड़ियां कम छोटी छोटी गाड़ियां साईकील, बाईक तथा पैदल यात्रा करने वाले लोग ज्यादा आते जाते रहते हैं। स्थानीय क्षेत्र के लोग बांकेलाल बिंद, पूर्व प्रधान रामचंद्र हीरालाल, हरिलाल बिंद, सोहन बिंद, दानिश खां, रणजीत यादव, पप्पू उपाध्याय मौजूद रहे।



माता-पिता की सेवा से मिलता है जीवन में सुख,आशीर्वाद-पंडित सुखेन

चकिया। क्षेत्र के हेतिमपुर स्थित बाबा जागेश्वरनाथ धाम में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम परिसर में पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के सहयोगी राजू गिरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कथा व्यास पंडित सुखेन त्रिपाठी ने श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए माता-पिता की सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करना प्रत्येक संतान का प्रथम धर्म है। उनके आशीर्वाद से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। जिस घर में माता-पिता का सम्मान होता है, वहां सदैव सकारात्मकता और संस्कारों का वास रहता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने माता-पिता की सेवा करने और उनके प्रति सम्मान का भाव रखने की सीख दी। इस अवसर पर बाबा जागेश्वरनाथ धाम के महंत एवं प्रबंधक अनूप गिरी महाराज, समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह, रामभरोस जायसवाल, भरत माली, नरेश्वर दुबे, दिनेश बहेलिया, विजयानंद द्विवेदी, संजय सिंह, रामनिवास पांडेय, राजेश यादव, धर्मेंद्र मोदनवाल, शैलेंद्र सिंह, जयशंकर प्रसाद जायसवाल, गोविंद विश्वकर्मा, सालिक पाल, आजाद शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

एस.जी.पब्लिक स्कूल में यातायात जागरुकता कार्यक्रम

मुगलसराय। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल के निर्देशन में यातायात माह के अंतर्गत जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 नवम्बर को क्षेत्राधिकारी यातायात, कृष्ण मुरारी शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात-1 सत्यप्रकाश यादव द्वारा एस.जी. पब्लिक स्कूल, में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क पर आवागमन करते समय यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने एवं नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति भी जागरूक किया गया।



एसटीईएम लैब और मोबाइल वैन का शुभारंभ

सौ स्कूलों तक पहुंचेगी आधुनिक शिक्षा



मीरजापुर। सिटी ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मुकुचवा में बृहस्पतिवार को एसटीईएम लैब एवं एसटीईएम मोबाइल वैन का जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस पहल से सरकारी विद्यालयों के बच्चों को विज्ञान, तकनीक, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की व्यावहारिक जानकारी मिलेगी। उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी ने लैब और मोबाइल वैन का निरीक्षण कर आधुनिक उपकरणों एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। प्रधानाध्यापिका नमिता सिंह ने बताया कि इस पहल से बच्चों को प्रयोग और नवाचार के माध्यम से सीखने का अवसर मिलेगा। संस्था के सूर्य प्रताप मिश्रा ने बताया कि जनपद के 100 सरकारी विद्यालयों में एसटीईएम शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इनमें 16 विद्यालयों में लैब स्थापित की गई हैं, जबकि अन्य विद्यालयों तक मोबाइल वैन के माध्यम से आधुनिक तकनीकी शिक्षा पहुंचाई जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों में कुछ नया जानने की जिज्ञासा और सृजन की प्रवृत्ति होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन, रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच विकसित करना भी है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों को नए प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, संस्था की टीम और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।



अंगवस्त्रम पहनाकर स्वागत करते जिलाध्यक्ष। छाया : आज

तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

चील्ह। ग्राम पंचायत सागरपुर के पास लुंबिनी-दुद्धी मार्ग पर गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्विफ्ट डिजायर कार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि घटनास्थल पर ही झल्लू यादव पुत्र स्वर्गीय राम अचल यादव उम्र 75 वर्ष की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झल्लू यादव अपने दैनिक काम को लेकर साइकिल से कचहरी मिर्जापुर जा रहे थे। उधर औराई की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार, जिस पर न्यायाधीश लिखा था, ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही साइकिल बुरी तरह टूट गई और झल्लू यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जैसे ही जानकारी ग्रामीणों को हुई, भारी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कार चालक को मारने का प्रयास किया। तभी इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस को जैसे ही जानकारी हुई कि सागरपुर गांव के पास एक साइकिल सवार की मौत हो गई है, भारी संख्या में चील्ह पुलिस के साथ पड़री कोतवाली, देहात कोतवाली की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर सीओ सदर जटाशंकर मिश्र, एसपी सिटी योगेंद्र सिंह और कई चौकी इंचार्ज भी पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह से लोगों को समझा-बुझाकर मामले को शांत किया और ड्राइवर और कार में सवार एक बच्चे को थाने पर ले गई। पुलिस विधिक कार्यवाही में व्यस्त है और मृतक झल्लू यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए मिर्जापुर भेज दिया गया है। घटना को लेकर क्षेत्र में काफी तनाव है। भारी संख्या में पुलिस बल वहां तैनात है और इस समय वहां शांति व्यवस्था कायम है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाए। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। कार को कब्जे में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

भाजपा के चार मोर्चों की परिचयात्मक बैठक, संगठन मजबूती पर जोर

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के चार मोर्चों किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक बृहस्पतिवार को बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी के भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मीरजापुर जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने सभी नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक मोर्चे की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पदाधिकारी पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने पार्टी की ओर से आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संगठन की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोर्चों के पदाधिकारी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर संगठन को और मजबूत बनाएं तथा सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, रविशंकर पांडेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार पटेल, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारती और अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश गोंड सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री अलंकार जायसवाल ने किया। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने दी बधाई

एक नज़र इधर भी

नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। ड्रमंडगंज पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 21 अक्टूबर को महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर उपनिरीक्षक ईश्वरचंद तिवारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12 नवंबर को प्रीतम गुप्ता पुत्र प्रेमचंद उर्फ बग्गी गुप्ता निवासी गड़बड़ा गोकुल को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ बीएनएस, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया।

चोरी की भैंस-पड़िया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। राजगढ़ पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की एक भैंस, एक पड़िया और घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, दरवान गांव निवासी अजीत कुमार बिंद की भैंस और पड़िया चोरी होने पर 10 नवंबर को मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में संजय कुमार बिंद निवासी कुंडी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वर्ष 2025 में दर्ज टेंपो चोरी के मुकदमे में वांछित सूरज उर्फ कल्लू निवासी चुर्क, सोनभद्र को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

राष्ट्रीय पदक विजेताओं को विधायक ने किया सम्मानित

अदलहाट। क्षेत्र के रामपुर गांव में मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने 70वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता स्कूल गेम्स 2026 की अंडर-17 थांग-ता प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता बादल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बादल ने माइनस 56 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उसका खेलो इंडिया के लिए भी चयन हुआ है। इसी के साथ कांस्य पदक विजेता मनीष व मनोरमा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि बादल की मां और मामा को बधाई देता हूं, जिन्होंने मजदूरी करके भी अपने बेटे के सपनों को नहीं मरने दिया। यही असली भारत है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के साथ पूरी तरह खड़ी है। गांव के हर बच्चे को मौका मिलेगा, हर प्रतिभा को मंच मिलेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनूप जायसवाल, राजन तिवारी, राजेंद्र बिंद, मुराहू बिंद, राम किशुन, राम प्रसाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सभी योनियों में श्रेष्ठ है मानव योनि - पंकज महाराज

अदलहाट। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के प्रमुख संत पंकज महाराज ने कहा कि 84 लाख योनियों में मानव शरीर सर्वश्रेष्ठ है। यह दुर्लभ अवसर मिला है, इसलिए मनुष्य को अपने आत्मकल्याण के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन केवल खाने-पीने और सांसारिक सुखों में व्यर्थ करने के लिए नहीं, बल्कि प्रभु की प्राप्ति के लिए मिला है। सत्संग में पंकज महाराज ने कहा कि %मिली नर देह है तुमको, बनाओ काज कुछ अपना। पचो आय यही जग में जनियों रैन का सपना।% इन पंक्तियों के माध्यम से उन्होंने मानव जीवन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि प्रभु के अलावा कोई नहीं जानता कि इस दुनिया की रचना कब हुई, लेकिन इतना निश्चित है कि जीव युगों-युगों से जन्म-मरण के बंधन में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि दयालु प्रभु अपने जीवों के कल्याण के लिए धरती पर संतों को भेजते हैं। संतों का उद्देश्य जीवों को उनके वास्तविक घर तक पहुंचाना है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा, हम आए वही देश से जहां तुम्हारो धाम, तुमको घर पहुंचावना एक हमारो काम। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को नामदान देते हुए सुमिरन, ध्यान और भजन की विधि विस्तार से समझाई। साथ ही नशे से दूर रहने और शाकाहारी भोजन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में घूरन प्रसाद, संतराम चौधरी, मोतीलाल सिंह, अयोध्या के रामतेज, रमेश चंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

दो छात्राएं राज्य स्तरीय चित्र कला में चयनित

अदलहाट। क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़िया कला अदलहाट की दो छात्राएं राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में अपने आर्ट कला का जौहर दिखाएगी। लखनऊ के प्लूटो ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान विभूति खंड में 14 नवंबर को एनटीपीसी व विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण जागरुकता के तहत आयोजित चित्र कला पेंटिंग प्रतियोगिता में आंचल विश्वकर्मा कक्षा नौ व आस्था यादव कक्षा सात का चयन हुआ है। आँचल विश्वकर्मा ग्रुप बी में व आस्था यादव ग्रुप ए में उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग के आधार पर हुआ है। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय अपनी शिक्षिका अल्पना श्रीवास्तव और अपने अभिभावकों को दिया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. नागेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में चयन होने पर दोनों को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जा संचयन पर आधारित विषय पर बच्चों के द्वारा बनाई गई पेंटिंग उनकी क्रियात्मकता और कल्पनाशीलता की अद्भुत झलक है।

तीन थानों के प्रभारी बदले, विंध्याचल एसओ लाइन हाजिर

मीरजापुर। जिले में कानून व्यवस्था को और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। अपराध नियंत्रण में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के चलते विंध्याचल थाना प्रभारी अजीत कुमार सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके स्थान पर जिगना थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह को विंध्याचल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल के तहत नारायनपुर चौकी प्रभारी महेंद्र कुमार को पदोन्नत जिम्मेदारी देते हुए पड़री थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, प्रदीप कुमार सिंह को जिगना थाने की कमान सौंपी गई है। इस बदलाव को जिले में कानून व्यवस्था और पुलिसिंग को मजबूत बनाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। विंध्याचल थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं के बीच थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किए जाने को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नए थाना प्रभारियों के सामने अपने-अपने क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण और कानून व्यवस्था बनाए रखने की चुनौती होगी। पुलिस अधीक्षक के इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल तेज हो गई है।

दोहरे हत्याकांड के बाद सेमरी गांव में पसरा मातम, नम हुईं आंखें

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में दो हत्याओं के बाद बृहस्पतिवार को भी मातम पसरा रहा। मृतक गेंदालाल बिंद और प्रिंस के घर पुलिस बल तैनात रहा। घटना को लेकर गांव और आसपास के इलाकों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। गेंदालाल के परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाउस गए थे। सुबह से ही रिश्तेदारों और ग्रामीणों का घर पहुंचना जारी रहा। दुबहा गांव निवासी अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि गेंदालाल का हत्यारोपित अक्सर गमछे में ईंट-पत्थर बांधकर रखता था। घटना से कुछ देर पहले उसने दो लोगों को मारने के लिए दौड़ाया था। विरोध करने पर वह उनकी तरफ भी दौड़ा, लेकिन नाम बताने पर रुक गया। ग्रामीणों के अनुसार, आर्यन उर्फ धानी उर्फ अवध नारायण पर पहले भी दांत से काटने और गमछे में ईंट-पत्थर बांधकर हमला करने के आरोप लगते रहे हैं। वहीं, केशव प्रसाद के घर पर भी मातम पसरा रहा। परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे लोगों की आंखें माता-पिता के आंसू देखकर नम हो जा रही हैं।

दिव्या मित्तल ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात

छानबे। अपहरण के बाद 12 वर्षीय प्रिंस की जघन्य हत्या के मामले में बृहस्पतिवार शाम पांच बजे पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल सेमरी गांव पहुंचीं। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए न्याय की मांग की। मृतक के पिता केशव प्रसाद ने आरोप लगाया कि अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं दादा रामदास ने पुलिस की लापरवाही को बच्चे की मौत का जिम्मेदार ठहराया। उनका आरोप है कि उन्हें गैपुरा चौकी और विंध्याचल थाने में करीब 20 घंटे तक एक अभियुक्त की तरह बैठाकर रखा गया। प्राथमिकी भी दूसरे दिन दर्ज की गई। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी और बच्चे का शव बरामद करने में भी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। दिव्या मित्तल ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अफसोसजनक है कि 17 मुकदमों का आरोपी आखिर खुलेआम कैसे घूम रहा था। पीड़ित परिवार को थाने में बैठाना और उनका मोबाइल ले लेना भी बिल्कुल गलत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले को गंभीरता से उठाया जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। घटना से गांव में पहले से ही शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

ओवरब्रिज पर अनियंत्रित कार ने रेलिंग तोड़ी, चालक सुरक्षित

छानबे। जिगना ओवरब्रिज के पास बुधवार देर रात एक अनियंत्रित कार डिवाइडर की रेलिंग तोड़ते हुए दूसरे लेन में पहुंच गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। जिगना थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी कमलेश कुमार यादव बीएमडब्ल्यू कार से प्रयागराज से अपने घर लौट रहे थे। चालक के अनुसार, सामने अचानक ट्रेलर आ जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस दौरान करीब 20 मीटर तक रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चालक अकेले सवार था। वाहन पर एजीए हाईकोर्ट लिखा हुआ है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

घर के दरवाजे पर खड़ी स्कार्पियो चोरी

कछवां। विकासखंड मझवां की ग्राम पंचायत बाड़ापुर में चोरों ने घर के दरवाजे पर खड़ी महिंद्रा स्कॉर्पियो पर हाथ साफ कर दिया। रात में परिवार के लोग सोते रहे और चोर गाड़ी लेकर फरार हो गए। सुबह वाहन गायब देखकर मालिक के होश उड़ गए। जानकारी के अनुसार, बाड़ापुर निवासी हनी सिंह पुत्र जटाशंकर सिंह बुधवार रात करीब 10 बजे अपनी स्कॉर्पियो लेकर घर पहुंचे थे। उन्होंने रोज की तरह गाड़ी दरवाजे पर खड़ी की और सोने चले गए। बृहस्पतिवार सुबह उठे तो दरवाजे से स्कॉर्पियो गायब थी। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद हनी सिंह ने कछवां थाने पहुंचकर स्कॉर्पियो चोरी होने की तहरीर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना से क्षेत्र में वाहन चोरों को लेकर लोगों में चिंता बढ़ गई है।

शराब की दुकान बंद कराने की मांग पर महिलाओं का हंगामा

छानबे। शराब की दुकान के पास बुधवार शाम गेंदालाल की हत्या और शराबियों के आतंक से नाराज महिलाओं ने बृहस्पतिवार को दुबहा (बघेड़ाकला) स्थित देशी शराब की दुकान पर जमकर हंगामा किया। दोपहर करीब डेढ़ बजे महिलाओं ने तोड़फोड़ करते हुए दुकान में आग लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची जिगना, लालगंज और विंध्याचल पुलिस ने समझा -बुझाकर महिलाओं को शांत कराया। दुबहा, बौड़ई और सेमरी गांव की महिलाओं का आरोप है कि शराब की वजह से आए दिन घटनाएं हो रही हैं। इससे घर बर्बाद हो रहे हैं और चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। महिलाओं ने शराब की दुकान तत्काल बंद कराने की मांग की। थानाध्यक्ष लालगंज वेद प्रकाश पांडेय और थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने महिलाओं को समझाकर शांत कराया। हंगामे के दौरान शराब की दुकान बंद थी।



परिजनों ने मुलाकात करती दिव्या मित्तल। छाया : आज

हादसों का हाटस्पाट बना जलालपुर चौराहा

ब्रेकर लगाने की मांग अनसुनी, रात में राहगीरों की जान पर मंडरा रहा खतरा

जमालपुर। विकासखंड जमालपुर के जीवनाथपुर-कंचनपुर स्टेट हाईवे स्थित जलालपुर चौराहा हादसों का केंद्र बन गया है। यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। चौराहे के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग ग्रामीण कई बार कर चुके हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, चकिया मार्ग से आने वाले वाहन चालक अक्सर रास्ता समझने में चूक कर जाते हैं। जीवनाथपुर मार्ग पर जाने के बजाय सीधे गड्ढे में पहुंच जाते हैं। इससे वाहन क्षतिग्रस्त होने के साथ जान-माल का नुकसान भी हो रहा है। विशेषकर रात के समय राहगीरों के लिए यह चौराहा बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि अब तक सैकड़ों वाहन यहां दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जितेंद्र कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, कुंदन सिंह, बुलंद सिंह और शक्ति सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से चौराहे के दोनों तरफ तत्काल स्पीड ब्रेकर बनवाने और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

दुष्कर्म, एससी-एसटी में युवक गिरफ्तार

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीया किशोरी को घर से भगाकर दुष्कर्म करने के आरोपित युवक को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में किशोरी की मां ने बेटी के लापता होने का बीते 21 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कराया था। किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आने पर युवक के विरुद्ध पाक्सो, दुष्कर्म व एससी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार, एसआई ईश्वर चंद्र तिवारी, कांस्टेबल हेमंत नामदेव ने क्षेत्र के सेमरा तिराहे से आरोपी प्रीतम गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार ने बताया कि किशोरी को बहला फुसलाकर घर से भगाने पाक्सो दुष्कर्म व एससी-एसटी के दर्ज मुकदमे के आरोपित युवक प्रीतम गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

मड़िहान तिराहे पर आये दिन चेकिंग से राहगीर और दुकानदार परेशान

मड़िहान। स्थानीय तिराहे पर थाना पुलिस द्वारा आए दिन चलाए जा रहे चेकिंग अभियान को लेकर स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों में नाराजगी के साथ चर्चा तेज हो गई है। लगातार चेकिंग के चलते जहां राहगीरों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, वहीं तिराहे के आसपास दुकान लगाने वाले व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। खासकर दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी चेकिंग अभियान के कारण दुकानदारी में कमी आने की बात दुकानदारों ने कही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि दीपावली पर बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद रहती है, लेकिन तिराहे पर लगातार पुलिस चेकिंग और वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने से ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी हुई। इसका सीधा असर उनकी बिक्री पर पड़ा है। वहीं बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी असुविधा उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का मानना है कि सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की चेकिंग जरूरी है, लेकिन अभियान के दौरान आम नागरिकों और व्यापारियों की सहूलियत का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। लोगों ने मांग की है कि चेकिंग अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था भी बनी रहे और बाजार का कारोबार तथा आम लोगों का आवागमन भी प्रभावित न हो। पुलिस की लगातार चेकिंग को लेकर इन दिनों मड़िहान कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

दिसंबर के प्रथम सप्ताह में शुरू होंगी कृषि, लॉ एवं बीएड की परीक्षाएं


मीरजापुर। माँ विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुलपति प्रो. शोभा गौड़ की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के सामान्य प्रशासन, वित्त, परीक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सामान्य प्रशासन के अंतर्गत संचालित कार्यों एवं उनकी प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। वित्त विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के बजट एवं अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। वहीं परीक्षा विभाग की ओर से आगामी परीक्षाओं की तैयारियों एवं अब तक हुई प्रगति से कुलपति को अवगत कराया गया। विश्वविद्यालय की अन्य शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। कुलपति ने सभी विभागों के कार्यों की विस्तार से जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में परीक्षा नियंत्रक ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाएं 23 नवम्बर से प्रारंभ हो रही है। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2026 तक विस्तारित की जाती है। उन्होंने बताया कि कृषि, एलएलबी, बीए-एलएलबी, बीपीएड, बीएड एवं एमएड की परीक्षाएं दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होंगी। कुलपति ने आगामी परीक्षाओं को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय कार्यों में नियमितता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर भी जोर दिया।

मोबाइल हैक कर छह बार में निकाले रुपये, पुलिस ने कराये वापस

मीरजापुर। साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर एक व्यक्ति के खाते से छह बार में 20,800 रुपये निकाल लिए। जिगना थाना साइबर क्राइम टीम की सक्रियता से पीड़ित को 17,639 रुपये वापस मिल गए। खाते में रकम वापस आने पर पीड़ित ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए आभार जताया। जानकारी के अनुसार, मिश्रपुर गांव निवासी श्याममनी यादव पुत्र जयनारायण ने 13 अगस्त 2025 को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि मोबाइल हैक होने के बाद साइबर ठगों ने छह बार में कुल 20,800 रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर लिया। शिकायत मिलने के बाद जिगना थाने की साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन और क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए 19,390 रुपये की धनराशि होल्ड कराई। इसके बाद पीड़ित के खाते में 17,639 रुपये वापस करा दिए गए। रकम वापस मिलने पर श्याममनी यादव थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों सहित साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया।

भारतके पारंपरिक ज्ञानमें छिपा विकासका रास्ता-भागवत

नागपुर (एजेंसी)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि भारत अपने पारंपरिक ज्ञान और अनुभव का उपयोग करके दुनिया को विकास का एक नया मॉडल दे सकता है, जो समाधान के लिए लगातार भारत की ओर देख रही है। भागवत ने कहा, हम प्रकृति के मालिक नहीं हैं हम इसका एक हिस्सा हैं। उन्होंने मानव जीवन, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच तालमेल बिठाने की जरूरत पर जोर दिया। वे नागपुर जिले के रामटेक में %दत्ता मेघे फाउंडेशन% के पशु चिकित्सा और कृषि कॉलेज के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा कि मानव कल्याण के लिए जैव विविधता, पारिस्थितिकी, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी हैं। उन्होंने ऐसी जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया, जिसमें केवल अपने ही नहीं, बल्कि सभी के भले का ध्यान रखा जाए। भागवत ने कहा कि जीवन के प्रति हमारा नजरिया ऐसा होना चाहिए जिसमें सिर्फ मेरे जीवन की नहीं, बल्कि सबके जीवन




की बात हो। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया के सामने विकास का एक नया मॉडल पेश करना चाहिए, जो हमारे पारंपरिक ज्ञान, जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण और आत्मनिर्भरता पर आधारित हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंसान, जानवर और प्रकृति सब आपस में जुड़े हुए हैं। उन्होंने आगे कहा, दुनिया समाधान के लिए तेजी से भारत की ओर देख रही है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि इंसानों, जानवरों और पर्यावरण की भलाई सुनिश्चित करने के लिए लोगों को संयम बरतना चाहिए और विकास के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सफलता या प्रसिद्धि मिलने के बाद लोगों को अहंकारी नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें उन लोगों को याद रखना चाहिए जो पीछे छूट गए हैं।

उन्होंने बताया कि आधुनिक दुनिया पहले इंसानों को प्रकृति का स्वामी मानती थी और समझती थी कि प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल बिना किसी बुरे परिणाम के किया जा सकता है, लेकिन अब उसे एहसास हो रहा है कि सभी जीव एक-दूसरे पर निर्भर हैं। भागवत ने कहा कि वन हेल्थ (एक स्वास्थ्य) की अवधारणा, जो इंसानों, जानवरों और पर्यावरण के स्वास्थ्य को आपस में जोड़ती है।

टॉक्सिकमें इंटीमेट सीन देकर घिरीं कियारा आडवाणी

बॉलीवुड में शादी के बाद अभिनेत्रियों के ऑनस्क्रीन किरदारों और उनके फैसलों को लेकर अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं। खासकर जब कोई अभिनेत्री शादी और मां बनने के बाद पर्दे पर बोल्ड या इंटीमेट सीन करती है, तो उसे सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही कुछ कियारा आडवाणी के साथ भी हुआ, जब फिल्म टॉक्सिकमें यश के साथ उनके इंटीमेट सीन को लेकर उन्हें जमकर ट्रोल किया गया। अब अभिनेत्री ने इस पूरे विवाद पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और बताया है कि इस मामले पर पति सिद्धार्थ मल्होत्रा का क्या रिएक्शन था।



कॉफी विद करण सीजन 9 में सिद्धार्थ के साथ पहुंचीं कियारा ने बताया कि शादी और मां बनने के बाद फिल्म में उनके ऑनस्क्रीन चुनावों को लेकर इंटरनेट पर कई तरह के सवाल उठाए गए थे। कियारा ने साफ किया कि सोशल मीडिया पर हो रही बातों से सिद्धार्थ को कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने इस मुद्दे को कभी परेशानी नहीं माना और न ही इस बारे में उनसे कोई सवाल किया। अभिनेत्री ने कहा, उन्हें इसकी परवाह नहीं थी। उन्होंने कभी इस बारे में बात नहीं की। हमने इस पर कभी चर्चा भी नहीं की। इसका उन पर कोई असर नहीं पड़ा और वह बिल्कुल भी परेशान नहीं थे। सोशल मीडिया पर हुई आलोचना को लेकर कियारा ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं को इस तरह की बातों का सामना दशकों से करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, यह कई वर्षों से, दशकों से होता आ रहा है। ऐश्वर्या से लेकर कई शानदार अभिनेत्रियों को इसका सामना करना पड़ा है। कियारा ने यह भी बताया कि उस समय उन्हें अपनी तरफ से कोई सफाई देने की जरूरत महसूस नहीं हुई, क्योंकि इंटरनेट पर कई लोग पहले ही इस दोहरे रवैये पर सवाल उठा रहे थे।

ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन की मौत

औरंगाबाद (आससे)। औरंगाबाद जिले में गुरुवार को सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर नगर थाना क्षेत्र के रतनुआ पेट्रोल पंप के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में 8 साल के मासूम समेत उसके पिता और नाना की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवादा जिले के पकड़ीबरावां थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी 48 वर्षीय राजकुमार चौहान, उनके 8 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार और उनके ससुर भगवान दास के रूप में हुई है। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमें भगवान दास के पुत्र नीतीश चौहान, उनकी बहन तथा राजकुमार की पत्नी किरण कुमारी शामिल हैं। सभी घायलों को पहले औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजकुमार चौहान मुंबई में नौकरी करते थे। वह पत्नी किरण और बेटे रितेश के साथ बस से बनारस पहुंचे थे।

केजरीवाल और बेटी हर्षिता को जान से मारने की धमकी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी हर्षिता केजरीवाल को जान से मारने की धमकी मिली है।धमकी देने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए सात करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। पैसे नहीं देने पर केजरीवाल और उनकी बेटी की हत्या करने की धमकी दी गई है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के तिलक नगर से विधायक जरनैल सिंह को धमकी भरे फोन कॉल और व्हाट्सऐप मैसेज मिले हैं। आरोपी ने विधायक से कहा कि वह यह संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचा दें। इसके बाद जरनैल सिंह ने 6 नवंबर को मोहाली के एसएसपी से इसकी शिकायत की।विधायक जरनैल सिंह के मुताबिक, उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। इसके बाद उसी नंबर से व्हाट्सऐप पर भी धमकी भरे संदेश भेजे गए। आरोपी के व्हाट्सऐप प्रोफाइल पर एच नाम दिखाई दे रहा था। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया और सात करोड़ रुपये देने की मांग की। रकम नहीं देने पर अरविंद केजरीवाल और उनकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत मिलने के बाद मोहाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जेलों में सुरक्षा और सुधार पर डीजी जेल ने की समीक्षा

लखनऊ (आससे.)। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उत्तर प्रदेश के महानिदेशक कारागार पी. सी. मीना ने कारागार मुख्यालय लखनऊ से प्रदेश के सभी जेल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक की।बैठक में सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक कारागार, वरिष्ठ अधीक्षक, अधीक्षक और प्रभारी अधीक्षक शामिल हुए।बैठक में नए जेल वार्डरों की नियुक्ति जल्द व नव चयनित जेल वार्डरों की नियुक्ति की सभी औपचारिकताएं तय समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए। डीजी ने कहा कि नियुक्ति में किसी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वही कहा कि मानव संपदा पोर्टल पर रिकॉर्ड अपडेट होगा।सभी कार्मिकों के सेवा अभिलेख और वार्षिक चरित्र प्रविष्टियां मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को अभिलेख समयबद्ध ढंग से पूर्ण और अपडेट करने के निर्देश दिए गए।इसके अलावा ई-प्रिजन्स अर्ली रिलीज प्रोसेसिंग मॉड्यूल को शुरू करने की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया गया, ताकि पात्र कैदियों की समय से रिहाई हो सके। डीजी जेल नें कारागारों में लगे सीसीटीवी कैमरों की मुख्यालय स्थित वीडियो वॉल से कनेक्टिविटी की समीक्षा की गई। डीजी ने कैमरों की निर्बाध कनेक्टिविटी और प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए अधिकारियों द्वारा की जा रही रात्रिकालीन गश्त की समीक्षा की गई। डीजी ने नियमित रूप से रात्रि गश्त सुनिश्चित करने और सुरक्षा के प्रति पूरी सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए।

महानिदेशक कारागार ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूरी की जाए।

गाजा में फिर बरसे इस्राइली बम, सर्जन समेत छह की गयी जान

नयी दिल्ली (आससे.)। इस्राइल ने गुरुवार तड़के दक्षिण गाजा के नासिर अस्पलात की एक इमारत पर हवाई हमला किया। गाजा की नागरिक सुरक्षा सेवा के एक प्रवक्ता ने बताया कि इसमें कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। जिनमें एक सर्जन भी शामिल है, और 20 अन्य लोग घायल हो गए। बाद में इस्राइली सेना ने कहा कि उसने हमास के एक वरिष्ठ आतंकी और समूह की सशस्त्र शाखा के अन्य सदस्यों को निशाना बनाया था, जो खान यूनिस स्थित अस्पताल के अंदर से अपनी गतिविधियां चला रहे थे। एक बयान में, सेना ने हमास पर आरोप लगाया कि वह अस्पताल परिसर का इस्तेमाल सैन्य अभियानों के लिए एक कमांड सेंटर के तौर पर कर रहा है। इसमें हथियारों को जमा करना, कमांड-एंड-कंट्रोल रूम चलाना, और अस्पताल की सुविधाओं का इस्तेमाल लड़ाकों के लिए निगरानी चौकियों और आश्रय स्थलों के रूप में करना शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि इस्राइली हवाई हमले में अस्पताल का सर्जरी विभाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चिकित्साकर्मियों ने मारे गए सर्जन की पहचान रेजिक अबूशिरा के रूप में की है। अस्पताल के अंदर कमरों में मलबा और फर्नीचर बिखरा पड़ा है। टूटी हुई छतों से तार लटक रहे थे।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022478
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

HDFC BANK
We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थीं जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, HDFC बैंक लिमिटेड ("बैंक") द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए थे जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत गिरवीकर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है। नीलामी नीचे उल्लिखित शाखा(ओं) में सुबह 9:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.स.	ऋण नं	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी स्थान (शाखा पता)	निलामी तिथि
1	4001200136	कु. इंदु यादव	218300	एचडीएफसी बैंक लि., बिबटोला, तहसील-बैरिया, बैरिया, जिला-बलिया उत्तर प्रदेश-277201	14-12-2026
2	76072132	शुभांजली मिश्रा	598200	एचडीएफसी बैंक लि., बिल्डिंग नंबर 77 साहबगंज, नोगरा बादशाहपुर, (उत्तर प्रदेश), जौनपुर, उत्तर प्रदेश 222202	23-11-2026
3	75903200	विकास राय	233100	एचडीएफसी बैंक लि., डी-3062, ए-1, गंगा बाग कॉलोनी, मदन मोहन मालवीय मार्ग, वाराणसी, उत्तर प्रदेश प्रदेश 221005	23-11-2026
4	76040122	इशिता एनी जोसेफ	42100		23-11-2026
5	75231161	प्रीति भारती	110800	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, भवन संख्या 50, मोहल्ला महातवन, खसरा नंबर 773/2, 777 भाग, 775 भाग, कराबा गरियाहू, जौनपुर, उत्तर प्रदेश 222161	23-11-2026
6	76051241	अजीत कुमार राय	164900	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, बस स्टैंड के पास, क्रॉसिंग बलिया रोड, तहसील और पोस्ट, सिकंदरपुर, बलिया, उत्तर प्रदेश 277303	23-11-2026
7	75016234	संतोष कुमार	103000		23-11-2026
8	4000872142	राजकुमार कुमार सिंह	90000	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, एसएच /8/27, बी-शिवपुर बाईपास रोड, शिवपुर वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221003	14-12-2026
9	75288592	अक्षय कुमार	18000		23-11-2026
10	74277827	शिव शंकर	29800	एचडीएफसी बैंक लि., गाटा का नगर निगम का मकान नंबर 111341 ग्राम जलालपुर तहसील भदोही में स्थित, उत्तर प्रदेश 221401	23-11-2026
11	4001068295	स्वतंत्र मिश्रा	199900	एचडीएफसी बैंक लि., अपर ग्राउंड फ्लोर सर्वे नं. 74/2, ग्राम महेशपुर, परगना जिला अमानत, तहसील सदर, जिला वाराणसी, यूपी - 221106	23-11-2026
12	74576022	मोहम्मद सलमान	553000	एचडीएफसी बैंक लि., बी 20/44, ए -2 गुंजन कॉम्प्लेक्स, भेलूपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221010	14-12-2026
13	74565476	शमीम अहमद	248000		23-11-2026
14	4001065893	फिरोज अनवर	77000		23-11-2026
15	76007264	राजा खरवार	116500	एचडीएफसी बैंक लि., बरौली तहसील बदलापुर, जिला जौनपुर, बरौली, उत्तर प्रदेश 222125	23-11-2026
16	4000496081	रवि यादव	82900		23-11-2026
17	75979203	धीरज कुमार उपाध्याय	85000		14-12-2026
18	76071530	रवि यादव	62400		23-11-2026
19	76071258	रवि यादव	51900		23-11-2026
20	4000829377	दरियाही कुमार	50500		23-11-2026
21	75837004	शिवांशु सिंह	85800	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, खसरा नंबर 2386, गाँव मिंडारा, परगना कौल असला, वाराणसी, उत्तर प्रदेश प्रदेश 221206	23-11-2026
22	74277825	अजीत कुमार गुप्ता	52300		23-11-2026
23	4001307287	अभय कुमार	96800	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, सी 26.35 डी, राम कटोरा, लहुराबीर, उत्तर प्रदेश, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221001	23-11-2026
24	75551140	दीपक राय	45000	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, खसरा नं-865, ग्राम कपसार, परगना कसवार, सरकारी राजतालाब, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221311	23-11-2026
25	76069145	मनोज कुमार सिंह	48500	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, नई संख्या 300 केए, गाँव खजूरी टप्पा उपरध्वा, परगना, तहसील लालगंज, जिला-मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश 231211	23-11-2026
26	74665683	महेश कुमार जायसवाल	39800		14-12-2026
27	76096731	राघवेंद्र प्रताप सिंह	171700	एचडीएफसी बैंक लि., ज्योति टॉवर, सहादतपुरा, मऊ नाथ भंजन, उत्तर प्रदेश 275102	23-11-2026
28	75405264	मोहम्मद अनीस	165000		23-11-2026
29	75291871	मोहम्मद अनीस	124500		23-11-2026
30	75852595	मनोज कुमार यादव	75300		23-11-2026
31	75711761	रेनु चौहान	42400		14-12-2026
32	75226990	मोहम्मद अनीस	37000		23-11-2026
33	4001548625	हिमांशु सिंह	115000	एचडीएफसी बैंक लि., खसरा नं 1914, गाँव बढ़ागांव, परगना कोलहसला, तहसील पिंड्रा, जिला वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221204	23-11-2026
34	75318541	विनोद यादव	207500	एचडीएफसी बैंक लि., परिसर संख्या 297, वार्ड संख्या 4, जमालपुर, मोहम्मदाबाद, उत्तर प्रदेश 276403	14-12-2026
35	75495506	मनीष कुमार सिंह	174000		14-12-2026
36	76072348	दीपक कुमार सिंह	108000	एचडीएफसी बैंक लि., राहूपुर, चुनार, मिर्जापुर, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश 231304	14-12-2026
37	74387338	सत्य भारती	10000		14-12-2026
38	4000950813	प्रीति सिंह	70000	एचडीएफसी बैंक लि., वार्ड नंबर- 11, संजय नगर, जीटी रोड, चंदौली, उत्तर प्रदेश 232104	23-11-2026
39	75931193	शिवम कुमार	125000	एचडीएफसी बैंक लि., जमनिया बाजार कॉलेज रोड, निकट, जमानिया रेलवे स्टेशन, जमानिया, उत्तर प्रदेश 232329	23-11-2026
40	4001103242	बिक्रम सिंह यादव	111000	एचडीएफसी बैंक लि., 587/588, एस. एम. प्लॉट नंबर 347/6, मौजा बदासी, मुगलसराय, उत्तर प्रदेश 232101	23-11-2026
41	75862201	संजय कुमार	98500		23-11-2026
42	4000406264	अखिलेश त्रिपाठी	31000		14-12-2026
43	75182970	जितेंद्र चौहान	24000		14-12-2026
44	75944020	शिवा नंदू सोनकर	48000	एचडीएफसी बैंक लि., भूतल, एसए 22/175 ए -4,कुल कोहना, जिला। वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221007	23-11-2026
45	4001367230	संजीव कुमार गुप्ता	557900	एचडीएफसी बैंक लि., खसरा नंबर 895, गाँव और नगर पंचायत-कोपागंज, तहसील और जिला-मौउनाथ भंजन, कोपागंज, उत्तर प्रदेश 275305	14-12-2026
46	76077161	सोनू कुमार गुप्ता	168000		23-11-2026
47	75345576	मनोज कुमार	53300		14-12-2026
48	75403519	संदीप राम	43500		14-12-2026
49	75794709	बृजेश कुमार	103100	एचडीएफसी बैंक लि., कृषि भवन के सामने, गाँव निधी, बैलेसा, आजमगढ़ वाराणसी रोड, उत्तर प्रदेश 276001	23-11-2026
50	4000588414	नितिन कुमार गौतम	60600	एचडीएफसी बैंक लि., 496, कृपा शंकर, नगर, नियर फूल खान क्रासिंग, मछलीशहर जौनपुर, मछलीशहर जौनपुर, उत्तर प्रदेश 222143	23-11-2026
51	75678080	आशु सिंह	223500	एचडीएफसी बैंक लि., मकान नंबर 247, वार्ड नंबर 5, ग्राम रसरा अंदर, जिला- बलिया, रसरा उत्तर प्रदेश 221712	14-12-2026
52	76041530	आशु सिंह	96000		14-12-2026
53	4001324623	विपिन कुमार सिंह	1571800	एचडीएफसी बैंक लि., मकान नं. एस-4/73-ई-2, मौर्य विहार, समक्ष पहाड़िया मंडी, पहाड़िया सारनाथ, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221007	14-12-2026
54	4001497067	करण वर्मा	155000		23-11-2026
55	75978433	संजय सैन	118000		14-12-2026
56	75259564	दिवाकर कुमार पांडेय	77300		23-11-2026
57	75818174	मनीष यादव	29000		23-11-2026
58	4001582853	अनूप सिंह	77300	एचडीएफसी बैंक लि., जेआर इंडस्ट्रीज, डाकघर -बेलथरा रोड, जिला-बलिया, बलिया, उत्तर प्रदेश 221715	23-11-2026
59	75970412	ओमकार यादव	361000	एचडीएफसी बैंक लि., प्लॉट नंबर 501/2, 502/2, 504/2, साई टॉवर, मेन मार्केट, सैदपुर (गाजीपुर), गाजीपुर, उत्तर प्रदेश 233304	23-11-2026
60	75971269	रामनिधि तिवारी	172000		23-11-2026
61	75906815	अमित त्रिपाठी	139200		23-11-2026
62	75439359	जितेंद्र मौर्य	102000		23-11-2026
63	75453062	रुद्र प्रताप यादव	186700	एचडीएफसी बैंक लि., प्लॉट नंबर 843, ऐलवल, निकट त्रिमुहा, नि. आजमगढ़, उत्तर प्रदेश 276001	23-11-2026
64	72150543	अजीत कुमार सिंह	79971		14-12-2026
65	75128864	नागेंद्र नारायण सिंह	64000		23-11-2026
66	460904903	अरुण कुमार राय	61000		23-11-2026
67	4001321173	मनोज कुमार सिंह	285000	एचडीएफसी बैंक लि., परिसर संख्या 154, खसरा का हिस्सा नंबर 329एमआई, ताड के दाउद, दलित बस्ती, दक्षिण रॉबर्ट्सगंज, परगना बढ़हर, तहसील रॉबर्ट्सगंज, जिला-सोनभद्र यूपी 231216	14-12-2026
68	4000439931	दिलीप कुमार तिवारी	247000		14-12-2026
69	4000406900	प्रतिमा मिश्रा	126000		23-11-2026
70	4001180106	प्रतिमा मिश्रा	118500		23-11-2026
71	75182168	शैलेश कुमार	78500		14-12-2026
72	4000202229	सुजीत कुमार ओझा	68000		14-12-2026
73	75530238	वीना चतुर्वेदी	325000	एचडीएफसी बैंक लि., परिसर संख्या 32 और 32 ए, टाउन हॉल, बलिया, उत्तर प्रदेश 277001	23-11-2026
74	76107986	रघुनंदन प्रसाद	117300		14-12-2026
75	76063244	रमेश सिंह यादव	66000	एचडीएफसी बैंक लि., सरायला रोड, वार्ड नं 09, नियर बैंक ऑफ बरौदा, दिलदार नगर, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश 232326	23-11-2026
76	4001389101	धीरज दुबे	124000	एचडीएफसी बैंक लि., यूनिट नंबर 1, प्लॉट नंबर 154/2 ए, मकबूल आलम रोड, वाराणसी व्यापार केंद्र, वाराणसी, उत्तर प्रदेश 221002	23-11-2026
77	4001168507	मनोज कुमार सिंह	96000	एचडीएफसी बैंक लि., वार्ड नंबर 8, मकान नंबर 101, नियर अभय मंदिर, मोहल्ला डनकीनगंज, मिर्जापुर,उत्तरप्रदेश 231001	23-11-2026

नीलामी को सख्ती से "जैसा है वहाँ है", "जैसा है वह है", और "जो कुछ है वही है" के आधार पर किया जाएगा। बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी. नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह माना जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (क) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा तुरंत पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है। यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं। नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा।

तारीखः 13.11.2026
स्थानः वाराणसी

हस्ता./- अधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

शेष

किश्तवाड़...

दोनों के शव गोलियों से छलनी हालत में बरामद किए गए हैं। खास बात यह है कि उनके सर्विस हथियार मौके से नहीं मिले हैं। इससे घटना में आतंकियों की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है. हालांकि, अधिकारियों ने अभी किसी आतंकी हमले की पुष्टि नहीं की है।

यूपी : चुनावी...

लड़ने की तैयारी में हैं। ऐसे में ओवैसी और चंद्रशेखर की पहल से विपक्षी खेमे में एक और राजनीतिक विकल्प सामने आ चुका है। उम्मीद की जा रही है कि गठबंधन के एलान के बाद प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण जन्म लेंगे।ओवैसी ने गठबंधन की घोषणा के अवसर पर कहा कि मैं यकीन से कहता हूं भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोकने के लिए ये मजबूत विकल्प होगा। इन चुनाव में बीजेपी को रोकने के साथ ही बेरोजगारों, किसानों के मुद्दों पर हमारी लड़ाई होगी। मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार चंद्रशेखर आजाद होंगे। इस मौके पर उन्होंने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा और कहा कि लगभग पूरे मुस्लिम समाज ने सपा का समर्थन किया पर वो भाजपा को नहीं हटा सके। ये मोर्चा भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प बनेगा।

न्यूज की तरह...

तीन करोड़ लखपति दीदियों और 12 करोड़ घरों में शौचालय जैसी उपलब्धियां भी देश की विकास यात्रा का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री ने मीडिया से भारतीय प्रतिभाओं, नवाचारों और सफलता की कहानियों को अधिक जगह देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में संचार सबसे बड़ी ताकत है और भारत के पास दुनिया को बताने के लिए उपलब्धियों की अनेक कहानियां हैं। इन्हें वैश्विक स्तर पर पहुंचाना भी देश सेवा का माध्यम है। उन्होंने पत्रकारिता से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने, युवाओं को इसकी गिरफ्त से बचाने और स्वच्छता, डीपफेक, राष्ट्रीय एकता तथा सामाजिक सद्भाव जैसे मुद्दों को प्रमुखता देने का आग्रह किया।

महंगाईपर...

रोजमर्रा के उत्पाद भी आम आदमी की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार चीनी उत्पादन में चार गुना तक वृद्धि और 36 लाख टन पुराने स्टॉक की मौजूदगी का दावा कर रही है, तो आम जनता को महंगाई से राहत क्यों नहीं मिल रही है? दालों की उपलब्धता को लेकर भी उन्होंने सरकार के दावों पर सवाल खड़े किए। जयराम रमेश ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई-20) को लेकर भी सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या जनता को महंगाई और मिलावटी पेट्रोल की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है? उन्होंने कहा कि जनता को सरकारी दावों और नीतिगत वादों के बजाय महंगाई पर प्रभावी अंकुश चाहिए। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा, 'आपने पहले कहा था- सब चंगा सी, अब तो सब महंगी सी।'

यूपी : संस्कृत..

विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। पहली पाली सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। नौ फरवरी को सभी स्तरों और वर्गों के विद्यार्थियों की अनिवार्य संस्कृत की परीक्षा होगी। इसके बाद 10 फरवरी को सामाजिक विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भौतिक विज्ञान और व्यवसाय अध्ययन समेत अन्य विषयों की परीक्षाएं होंगी।12 फरवरी को हिंदी, पालि, प्राकृत और नेपाली जैसे भाषा विषयों की परीक्षा होगी। 13 फरवरी को विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, भूगोल और इतिहास के पेपर निर्धारित किए गए हैं। 15 फरवरी को संस्कृतशास्त्र, विभिन्न वेद, व्याकरण, साहित्य, दर्शन, ज्योतिष, आयुर्वेद और प्राच्य विज्ञान एवं वाणिज्य से जुड़े विषयों की परीक्षाएं होंगी। 16 से 19 फरवरी के बीच अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, तुलनात्मक दर्शन, संगीत, वाद्य संगीत, लेखाशास्त्र और अन्य वैकल्पिक विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विषयों के अनुसार अलग-अलग समय-सारिणी निर्धारित की गई है। परिषद ने जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा कार्यक्रम का अपने स्तर से और प्रधानाचार्यों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराएं। जिला सूचना अधिकारी, लखनऊ से भी विज्ञप्ति को जनहित में समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का अनुरोध किया गया है। विद्यार्थियों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी कक्षा और वर्ग के अनुसार विषयवार समय-सारिणी का मिलान कर परीक्षा की तैयारी करें।

अखिलेश ने...

नारों और बहकावे में आकर साम्प्रदायिक शक्तियों को वोट दे देते हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि केवल बयानबाजी से सरगर्मी पैदा करने वालों का सच जनता समझती है। ऐसे मोर्चों से लोकतंत्र मजबूत होता है, बशर्ते उनके पीछे अपने समाज की भलाई की मंशा हो। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई दल किसी की सियासत की कठपुतली बनकर रह जाता है तो जनता उसे चुनाव में सबक सिखा सकती है। अखिलेश ने उम्मीद जताई कि राजनीति में 'वोटों की ठेकेदारी प्रथा' खत्म होगी और हर दल अपने समाज के हित में काम करेगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिसका आधारभूत वोट ज्यादा होगा, परिवर्तन चाहने वाली जनता उसी की ओर जाएगी। उनके मुताबिक, पीडीए से बड़ा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। पोस्ट के अंत में अखिलेश यादव ने सामाजिक परिवर्तन मोर्चे को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

आजम खां...

ईडी अदालत ने एक नवंबर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में डासना जेल भेजा था, 13 नवंबर को जेल से अदालत में पेश होना था, उसके पहले ही ईडी ने अदालत से चार दिन की रिमांड पर ले लिया। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद 31 अक्तूबर को रामपुर जेल से रिहा होते ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आजम खान को गिरफ्तार कर लिया था। 1 नवंबर को विशेष पीएमएलए कोर्ट में पेशी के बाद से वे न्यायिक हिरासत में गाजियाबाद की डासना जेल में बंद हैं।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव फायर ब्रांड नेता शिवपाल सिंह यादव ने बृहस्पतिवार यानी आज ही डासना स्थित जिला कारागार पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ, कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात की। जेल से बाहर आने के बाद शिवपाल यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए जेल प्रशासन की व्यवस्था और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। मुलाकात के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिवपाल यादव ने जेल की व्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 10 बार विधायक, 4 बार मंत्री और 2 बार सांसद रह चुका हो, उसके साथ जेल में प्रोटोकॉल का खुला उल्लंघन करते हुए अमानवीय बर्ताव किया जा रहा है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि उन्हें आजम खान से लोहे की जाली (वायर मेश) के पार से मिलवाया गया।

मुंबईमें...

वाले का इस संगठन से कोई संबंध है या नहीं। सुरक्षा एजेंसियां ईमेल भेजने वाले की पहचान और धमकी की विश्वसनीयता की जांच कर रही हैं। ईमेल में अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा पर कार बम से हमला करने की धमकी दी गई। इसके अलावा गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ का भी नाम लिया गया। ईमेल में लोगों को उनके आगामी कार्यक्रमों में शामिल नहीं होने की चेतावनी दी गई। महालक्ष्मी स्टेडियम का जिक्र करते हुए दिलजीत से जुड़ी धमकी लिखी गई थी। ईमेल में पीएनबी के कॉरपोरेट ईमेल डोमेन को लेकर भी एक टिप्पणी थी। इसमें कहा गया था कि बैंक का ईमेल डोमेन pnb.co.in से बदलकर pnbbank.in कर दिया गया है।

मेरी मां...

आरोप लगाते हुए कहा, %समस्या यह है कि यह (केंद्र) सरकार मानती है कि वह किसी भी बात के लिए जनता के प्रति जवाबदेह नहीं है। वे जो चाहें कर सकते हैं और लोग उनसे सवाल नहीं पूछेंगे। और जब लोग, खासकर युवा, सवाल पूछते हैं, विरोध प्रदर्शन करते हैं और जवाब मांगते हैं, तो सरकार उन्हें पीटकर, जेल में डालकर या विरोध प्रदर्शनों को रोककर चुप कराने की कोशिश करती है। यह लोकतंत्र नहीं है। लोकतंत्र में सरकार जवाबदेह होती है। अगर कीमतें बढ़ती हैं, तो सरकार जवाबदेह है। अगर कोई और समस्या आती है, तो सरकार जवाबदेह है। सरकार जो भी कदम उठाती है, हर एक कदम के लिए वह जनता के प्रति जवाबदेह है। लोकतंत्र यही होता है। हमारा संविधान भी यही कहता है।वायनाड सांसद ने कहा, %लोकतंत्र में लोगों को विरोध करने का अधिकार है। यह अधिकार उन्हें संविधान से मिला है। मुझे लगता है कि लोगों को अपने संवैधानिक अधिकार का इस्तेमाल करने की छूट मिलनी चाहिए। हां, अगर हिंसा होती है, तो पुलिस को जरूर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि उन्हें कानून के शासन का भी सम्मान करना होता है। लेकिन जब तक विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण है। चाहे वह राज्य सरकारों के खिलाफ हो, या हमारी नीतियों के खिलाफ तब तक इसकी अनुमति दी जानी चाहिए।आगे वे पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने पर कहा कि लोग ईंधन के लिए अतिरिक्त पैसे दे रहे हैं और उसमें इथेनॉल मिलाया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया, तो क्या वे (केंद्र सरकार) इसके लिए जवाबदेह नहीं हैं? वायनाड के सांसद ने गुरुवार को वायनाड के मनंतवाडी में पद्म श्री से सम्मानित दिवंगत चेरुवयाल रमन के आवास का दौरा किया।

आज
खेल-खिलाड़ी
खेल से ही है जीवन में खुशहाली
ajhindidaily.com
वाराणसी, १३ नवम्बर, २०२६ १०

भारत नौवें खिताबसे एक कदम दूर

अण्डर-१९ एशिया कप : रायचंदानी, सहवाग और विनीतके दमपर फाइनलमें, पाकिस्तानसे भिड़ंत कल

अल अमेरात (एजेन्सियां)। तेज गेंदबाज ईशान सूद (३-४३) की अगुआई में गेंदबाजोंके शानदार प्रदर्शन के बाद प्लेयर आफ द मैच कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी (९३) और उनकी आर्यवीर सहवाग (५१) के साथ पहले विकेटके १०२ गेंद में ११७ रन तथा वीके विनीत (अजेय ५७) के साथ दूसरे विकेटके लिए ८९ गेंदों ७७ रनकी साझेदारी के सहारे भारत ने यहां गुरुवार को अफगानिस्तान को आठ विकेट से शिकस्त देते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उसका खिताबी मुकाबला शनिवारको चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। भारत इस टूर्नामेंटको रेकार्ड आठ बार जीता है जिसमें एक संयुक्त खिताब भी शामिल है। भारत को पिछली बार फाइनल में पाकिस्तान से ही हार का सामना करना पड़ा था। अब टीम इंडिया के पास पिछली हार का बदला चुकता करने का मौका होगा। भारत को इस टूर्नामेंट में एकमात्र हार पाकिस्तान से ही मिली थी। भारत ने अफगानिस्तान को निर्धारित ५० ओवरमें आठ विकेट पर २२७ रनपर रोकने के बाद ७९ गेंद शेष रहते दो विकेट पर २३० रन बना लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के गेंदबाजों को कोई खास मौका नहीं दिया। मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शाट लगाकर ४९ रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की ३९वीं गेंद पर एक रन लेकर अर्द्धशतक पूरा किया। अर्धशतक पूरा करने के बाद उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की और टीम को जीत की ओर ले जाने पर ध्यान दिया जेकिन जब वह शतक से महज सात रन दूर थे तभी सोहेल खानकी गेंद पर मोहम्मद अलीको कैच दे बैठे। लक्ष्य ने अपनी पारी के दौरान ९० गेंद का सामना किया जिसमें १३ चौके और एक छक्का शामिल रहा। इनसे पहले आर्यवीर सहवाग ने तूफानी अंदाज में ५७ गेंद में ५१ रन बनाये जिसमें चार चौके, चार छक्के शामिल रहे। भारतका पहला विकेट सहवागके रूप में १७वें ओवर में ११७ के स्कोर पर गिरा लेकिन इसके बाद रायचंदानी ने मोरचा संभालते हुए विनीत के साथ अहम साझेदारी कर भारत को ३२वें ओवर में १९४ रन तक पहुंचा कर आउट हो गये। उन्होंने शानदार पुल और सीधे बल्ले से कई आकर्षक शाट लगाये। दूसरी ओर, विनीत ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी की और ६२ गेंदों में पांच चौका और एक छक्का लगाया। अर्धशतक पूरा करनेके बाद उन्होंने नूर अली की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का जड़कर भारत का स्कोर ३६.२ ओवर में दो विकेट पर २३० रन कर दिया। उनके साथ यशबर्धन चौहान (१६ रन, १४ गेंद, तीन चौके) अजेय लौटे। इससे पहले इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से



कप्तानी पारी खेलते प्लेयर आफ द मैच लक्ष्य राजेश रायचंदानी।

रोक दिया। ईशान सूद के अलावा भारतीय स्पिनरों ने भी विपक्षी बल्लेजों पर शिकंजा कस दिया। अफगानिस्तान की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज नोमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने ५१-५१ रन बनाये लेकिन दोनों ही बल्लेबाज अपनी पारियों के दौरान तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आये। इसके चलते अफगानिस्तान की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बंगलादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने लीग चरण में भी भारत को शिकस्त दी थी। दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला शनिवार को खेला जायेगा। प्लेयर आफ द मैच रिजवानुल्लाह (५-३०) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे बंगलादेश की टीमको ३१.४ ओवरमें १३८ रन पर समेटनेके बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज उस्मान खान और हयाम खान के अर्धशतकों की बदौलत २२वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। बंगलादेश की ओर से सिर्फ अब्दुल्लाह अल मुही का बल्ला चला। उन्होंने ४५ गेंदों में ५० रन बनाये। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाजी बड़ी पारी खेलने में नाकामयाब रहा। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने टीम को आसानी से जीत दिला दी। हयाम खान ने ७२ गेंदों में ६९ रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, उस्मान खान ने नाबाद ५४ गेंदों में ६४ रन ठोके। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाये। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए १२३ रनों की साझेदारी हुई। पाकिस्तान ने २१.५ ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया।

टेस्ट शृंखलाके लिए पंत रवाना

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। फिटनेस को लेकर हफ्तों तक चली अनिश्चितता के बाद ऋषभ पंत गुरुवार को न्यूजीलैण्ड के लिए रवाना हो गये हैं। वह शुक्रवार को वेलिंगटन में भारतीय टेस्ट टीम से जुड़ेंगे, जहां १९ नवम्बर से शृंखलाकी शुरुआत होनी है। पंत साइड स्ट्रेन से उबर रहे थे और उन्हें बीसीसीआई की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गयी है। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरु स्थित सीओई में लंबे समय तक रिहैब प्रोग्राम पूरा करने के बाद मेडिकल टीम से मंजूरी मिलने पर पंत गुरुवार सुबह न्यूजीलैण्ड के लिए निकल गये। पंत सिंगापुर से कनेक्टिंग फ्लाइट के जरिये वहां पहुंचेंगे। माना जा रहा है कि वह सिंगापुर से भी निकल चुके हैं। न्यूजीलैण्ड के समय के अनुसार वह सुबह जल्दी और भारतीय समय के अनुसार तड़के वेलिंगटन पहुंच जायेंगे। पंत ने इंस्टाग्राम पर फ्लाइट की फोटो भी शेयर की है। पंत एक से चार अक्तूबर के बीच श्रीनगर में शेष भारत टीम की कप्तानी करते हुए ईरानी कप के दौरान चोटिल हो गये थे, जिसके बाद वह २३ अक्तूबर से बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब से गुजर रहे थे। जब वह सीओई पहुंचे थे, तब तक उन्हें न्यूजीलैण्ड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम और टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ तीन चार दिवसीय मैचों के लिए इंडिया ए टीम में भी चुन लिया गया था। हालांकि, उनका खेलना फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर निर्भर था।

कोहली, रोहितके सामने खुद को परखनेके लिए बेताब हूं

-ब्रेट रैंडेल



माउंट मोनगानुई (एजेन्सियां)। भारत के खिलाफ चौथे और पांचवें एकदिनीके लिए न्यूजीलैण्ड की टीम में चुने गये तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्माके सामने खुद को परखने के लिए बेताब हैं। न्यूजीलैण्ड ने शुक्रवार और रविवार को होने वाले अंतिम दो एकदिनीके लिए ३१ वर्षीय रैंडेलको अपनी टीम में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि दुनियाके दो शीर्ष बल्लेबाजोंको गेंदबाजी करना उनके लिए विशेष अनुभव होगा। रैंडेलसे जब पूछा गया कि कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजोंके सामने पदार्पण करना क्या उनके लिए खास होगा तो उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर। मेरे कहने का मतलब है कि उनके आंकड़े खुद ही सब कुछ बयां करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने अभी तक उन्हें टीवीपर ही खेलते हुए देखा है इसलिए अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं इसका भरपूर आनंद लूंगा। मैं उनके खिलाफ अपने कौशलका प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक रहूंगा। रैंडेल से जब पूछा गया कि उनके निशाने पर क्या कोहली और रोहितके विकेट होंगे तो उन्होंने कहा कि मेरे लिए कोई भी विकेट काफी मायने रखता है। वह मेरे खातेमें जुड़ जायेगा और संन्यास लेनेके बाद उन्हें याद करके अच्छा लगेगा। पिछले दिनों मुझे 'ए' टीम की तरफसे खेलनेका मौका मिला और मैंने कुछ विकेट हासिल किये जिससे मुझे अच्छा महसूस हुआ। इस तेज गेंदबाजको भारतीय तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णासे बातचीत करनेका भी मौका मिला। उन्होंने कहा कि हम सब एक तरहसे एक बड़े परिवार की तरह हैं। कुछ दिन पहले मैच खत्म होनेके बाद मैंने जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णासे गेंदबाजीके बारेमें और भारतकी परिस्थितियोंके बारेमें बात की थी। अगर मुझे फिर से ऐसा मौका मिलता है तो मैं उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगा।

अम्बेदकर मीतेई ने रचा इतिहास

युवा ओलम्पिक मुक्केबाजीमें स्वर्ण जीतनेवाले पहले भारतीय बने



डकार (सेनेगल) (एजेन्सियां)। एल अम्बेकर मीतेई ने युवा ओलम्पिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में गुरुवार को यहां स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अम्बेकर मीतेई पुरुषों के ५० किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में आयरलैण्ड के क्रिस्टियन जुबानी को ३-२ से शिकस्त देकर इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले देश के पहले मुक्केबाज बन गये। इससे पहले इस प्रतियोगिता में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन २०२१० के युवा ओलम्पिक में रहा था जब शिव थापा ने ६० किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। विकास कृष्ण ने भी २०१० में सिंगापुर में आयोजित युवा ओलम्पिक में कांस्य पदक हासिल किया था। पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में अभ्यास करने वाले अम्बेकर ने फाइनल तक का सफर शानदार अंदाज में तय किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले ही दौर में नामीबिया के अब्राहम कालेन्गा को मुकाबले से बाहर कर दिया। इसके बाद सेमीफाइनल में कोलम्बिया के इज्जोन जेफ्री गैलेया अरेवालो को ५-० से हराकर फाइनल में जगह बनायी। मणिपुर के अम्बेकर ने फाइनल में भी गजब का संयम और आत्मविश्वास दिखाया। कड़े मुकाबले में उन्होंने आयरलैण्ड के मुक्केबाज को ३-२ के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। युवा ओलम्पिक में भारत का यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। प्रतियोगिता में एक अन्य भारतीय खिलाड़ी गुंजन भी महिलाओं के ४८ किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंची हैं, जहां वह स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करेंगी।

ब्रेट रैंडेल पहली बार न्यूजीलैण्डकी टीम में

वेलिंगटन (एजेन्सियां)। भारत के खिलाफ बाकी दो एकदिनी मैचोंके लिए न्यूजीलैण्ड ने अपनी टीम में बदलाव किया है। तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। न्यूजीलैण्ड क्रिकेट ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। ३१ वर्षीय रैंडेल दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। ब्रेट रैंडेल के पास पेशेवर क्रिकेट में १४५ मैचों का अनुभव है। इसमें न्यूजीलैण्ड ए की ओर से खेले गये पांच मुकाबले भी शामिल हैं।

चौथे एकदिनी की टीम- फिन एलेन, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), विल यंग, निक केली, मिचेल हे, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फाक्सक्राफ्ट, काइल जैमीसन, मैट फिशर, ब्रेट रैंडल, जैकब डफी।

पदार्पण कप्तानीमें छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस अय्यर

न्यूजीलैण्डके साथ चौथा एकदिनी आज

माउंट मोंगानुई (एजेन्सियां)। नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले चौथे एकदिनीमें इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे और भारतको शृंखला जितानेकी कोशिश करेंगे। भारत पांच मैचों की शृंखलामें शुरुआती दो मैच जीतकर आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैण्ड के पास केवल शृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। गिल १९ नवम्बर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखलाकी तैयारी के लिए टीम से



बाहर हो गये हैं। उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाये थे। शार्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो चुकी है। न्यूजीलैण्ड अपनी घरेलू धरती पर भारत से सात साल पहले एकदिनी शृंखलामें हारा था और उसे इसकी पुनरावृत्ति से बचने के लिए बाकी बचे दोनों मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। आकलैण्ड और हैमिल्टन की सीम-फ्रेंडली पिचों के बाद अब माउंट मोंगानुई में मौसम बिल्कुल साफ रहने की उम्मीद है जिससे बिना किसी बाधा के पूरे मैच देखने को मिलेंगे और पिच भी बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल होंगी। शुरुआती मैचों में पिच की मुश्किल परिस्थितियों के बाद बल्लेबाजों को एक बार फिर से पारंपरिक एकदिनी बल्लेबाजी शैली में लौटना होगा। कीवियों के खिलाफ इस शृंखलामें अब तक बड़ा स्कोर नहीं देखने को मिला है। तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है, जिसकी वजह से बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे हैं। इसका कारण मौसम भी रहा है क्योंकि वहां पर बादल छाये रहते हैं जिससे स्विंग मिलती है। वहीं आखिरी दो मैचों के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वे टेस्ट टीम के साथ जुड़ चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह ईशान किशन विकेटकीपिंग करते हुए दिखाई देंगे। गिल के जाने से सबसे बड़ा सवाल ये है कि रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कौन करेगा? अंशुल कंबोज भी टेस्ट शृंखलासे जुड़ चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह तेज गेंदबाद मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवनमें शामिल किया जा सकता है। सिराज ने इस दौरे पर अब तक एक भी मैच नहीं खेले हैं।

भारत : रोहित शर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बराड़, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

विवान कपूरने ओलम्पिक कोटा हासिल किया



दोहा (एजेन्सियां)। भारत के विवान कपूर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गये और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि २०२८ लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। जयपुर के २४ वर्षीय निशानेबाज विवान शानदार फार्म में थे और ऐसा लग रहा था कि वह पुरुष ट्रैप में विश्व खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन जायेंगे। उनसे पहले मानवजीत सिंह संधू ने २००६ में क्रोएशिया के जगरेब में आयोजित विश्व चैम्पियनशिप में यह उपलब्धि हासिल की थी। हालांकि शूट-आफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गये और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने ३० में से २९ अंक हासिल किये थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-आफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैम्पियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गये। उनसे पहले दिग्गज निशानेबाज कर्णी सिंह (रजत), मानवजीत सिंह संधू और जोरावर सिंह संधू यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विवान लास एंजिलिस ओलम्पिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले तीसरे भारतीय निशानेबाज भी बन गये। उनसे पहले पुरुषों की १० मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की ५० मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलम्पिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

ब्लाइंड क्रिकेट टीम ढाका रवाना

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। दुर्गा राव तोम्पाकी की अगुवाई में भारत की १७ सदस्यीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम १५ से २० नवम्बर के बीच ढाका में होने वाले एशिया कप में भाग लेने के लिए गुरुवार को यहां से रवाना हो गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टीम के लिए हवाई टिकटों की व्यवस्था की। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने टीम की सफलता की कामना करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि क्रिकेट में सभी को भाग लेने और उत्कृष्टता हासिल करने के अवसर प्रदान करने चाहिए। इस टीम में गुजरात, दिल्ली, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक के खिलाड़ी शामिल हैं। भारत १५ नवम्बर को श्रीलंका के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा जिसके बाद १७ नवम्बर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। १९ नवम्बर को उसका सामना मेजबान बंगलादेश से होगा। फाइनल २० नवम्बर को खेला जायेगा।

इंदौर में आईबीएसएफ विश्व स्नूकर आजसे

इंदौर (एजेन्सियां)। मध्यप्रदेश के इंदौर में शुक्रवारसे २१ नवम्बर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में ३२ देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल ४०००० अमेरिकी डालर की इनामी राशि दांव पर होगी। आयोजकों ने गुरुवारको यह जानकारी दी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) के महासचिव सुनील बजाज ने बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, आस्ट्रेलिया, चीन, इंगलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत ३२ देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

श्रीकांत और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में

कुमामोतो (एजेन्सियां)। भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत



ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नम्बर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को २१-१५, ११-२१, २१-१८ से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में १५वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा। जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को २१-८, २१-१४ से हराकर अंतिम आठ में जगह बनायी। अब उनका सामना जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में १३वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में १०वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

चुनावी प्रक्रियाओंमें पारदर्शिता और निष्पक्षता होनी चाहिए

-अभिनव बिंद्रा



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के संविधान और हाल ही में संपन्न हुए एसओएम (उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी) के चुनावों के दौरान अपनाये गये नियमों के बीच स्पष्ट विरोधाभास की तरफ इशारा करते हुए देश की खेल प्रशासन प्रणाली से संबंधित चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग की। बिंद्रा ने चुनाव नहीं लड़ा लेकिन आईओए के आठ एसओएम को चुनने के लिए सोमवार को हुए मतदान में अपना वोट डाला। उन्होंने कहा कि भारत की खेलों के क्षेत्र में बढ़ती महत्वाकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल संस्थाओं की विश्वसनीयता भी खिलाड़ियों की उपलब्धियों की तरह ही महत्वपूर्ण होनी चाहिए। बिंद्रा ने 'एक्स' पर लिखा-मेरा मानना है कि किसी संस्था की ताकत इस बात में नहीं है कि वहां कोई सवाल न उठे, बल्कि उनका समाधान करने की उसकी तत्परता में निहित होती है। मजबूत प्रशासन केवल प्रशासनिक जरूरत नहीं है, यह वह नींव है जिस पर खेलों की दीर्घकालिक प्रगति टिकी होती है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि हम सभी संस्थागत और चुनावी प्रक्रियाओं में संवैधानिक स्पष्टता, निष्पक्षता और अखंडता के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेंगे। ये सिद्धांत कभी भी व्यक्ति या परिणामों पर निर्भर नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आखिरकार हमारे खेल संस्थाओं की विश्वसनीयता केवल उनके फैसलों पर ही नहीं बल्कि उन प्रक्रियाओं की निष्पक्षता और ईमानदारी पर भी निर्भर करती है जिनके माध्यम से यह फैसले किये जाते हैं। भारतीय खेल इससे कम किसी भी चीज का हकदार नहीं है। बिंद्रा ने सोमवार को हुए एसओएम चुनावों से पहले ३१ अक्तूबर को आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने आईओए संविधान के अनुच्छेद ३.७ और उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ियों के चुनाव से संबंधित नियमों के बीच स्पष्ट विरोधाभास पर स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर यह पोस्ट किया। आईओए संविधान के अनुच्छेद ३.७ में यह प्रावधान है कि 'आठ एसओएम का चयन अथलीट आयोग करेगा और आईओए पदाधिकारियों के चुनाव से पहले आमसभा इसकी पुष्टि करेगी।'

भारत को न्यूजीलैण्ड ने ५-० से हराया

मैत्री फुटबाल

आकलैण्ड (एजेन्सियां)। भारतीय पुरुष फुटबाल टीम को नवम्बर फीफा विंडो के अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले में गुरुवार को न्यूजीलैण्ड से ०-५ से करारी हार का सामना करना पड़ा। अब दोनों टीमें रविवार को क्राइस्टचर्च में एक बार फिर आमने-सामने होंगी। भारतीय टीम का यह न्यूजीलैण्ड की धरती पर पहला मुकाबला था। इसमें जेसी रैंडल ने दो गोल दागे जबकि क्रिस वुड और लाचलान बेलिस ने भी गोल किये जबकि बिजाय वर्गीज के आत्मघाती गोल से न्यूजीलैण्ड का खाता खुला। पिछले साल जून के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे भारतीय गोलकीपर विशाल कैथ ने कई शानदार बचाव किये। उन्होंने दूसरे हाफ में पेनल्टी भी रोकी, वर्ना भारत की हार का अंतर और ज्यादा हो सकता था। वहीं २०१८ के बाद पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे अनिरुद्ध थापा ने मिडफील्ड में टीम की कमान संभाली। न्यूजीलैण्ड ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। भारत के २८ वर्षीय कप्तान ने बाईं ओर से रैंडल को रोकने की कोशिश की लेकिन पांचवें मिनट में मेजबान टीम ने बढ़त बना ली। कुछ ही देर बाद कैथ ने मैथ्यू गारबेट के शाट को रोक दिया। रयान विलियम्स और विंगर लिस्टन कोलाको तथा जितिन एमएस ने कुछ अच्छे पास किये जिससे भारतीय टीम ने धीरे-धीरे लय बनानी शुरू की और १९वें मिनट में उसे गोल करने का अच्छा मौका मिला लेकिन कैलन इलियट ने समय रहते भारत का मौका छीन लिया। न्यूजीलैण्ड की टीम लगातार मैच की गति पर नियंत्रण बनाती दिखी। हालांकि कैथ ने २५वें मिनट में एक हेडर पर शानदार डाइव लगाकर बचाव किया। कुछ ही देर बाद उन्होंने रैंडल को गोल करने से रोक लिया। रैंडल ने ३४वें और ४३वें मिनट में दो गोल दागकर अपनी टीम की बढ़त को ३-० कर दिया। दूसरे हाफ से पहले भारतीय कोच खालिद जमील ने पांच बदलाव किये। उन्होंने जय गुप्ता, लालरिनलियाना हनामते, मेहताब सिंह, रिकी मीतेई हाओबाम और मोहम्मद सुहैल को मैदान पर उतारा। इनमें रिकी मीतेई हाओबाम और मोहम्मद सुहैल ने अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। दूसरे हाफ की शुरुआत में कोलाको ने फ्री-किक के जरिए न्यूजीलैण्ड के गोलकीपर एलेक्स पालसन की परीक्षा ली, लेकिन इसके बाद भी न्यूजीलैण्ड का आक्रमण हावी रहा। क्रिस वुड ने ५७वें मिनट में हेडर के जरिए गोल दागकर न्यूजीलैण्ड की बढ़त ४-० कर दी। इसके बाद ७४वें मिनट में लचलन बेलिस ने शानदार वाली लगाकर पांचवां गोल कर दिया। तीस साल के कैथ ने ७८वें मिनट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने डाइव लगाकर बिल तुइलोमा की पेनल्टी को रोक दिया और तुरंत उठकर रिबाउंड पर आये शाट को भी बचा लिया। मैच के अंतिम चरण में कोच ने स्ट्राइकर डेविड लालहलांसांगा और मिडफील्डर टोम्बा सिंह हाओबाम को भी अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का मौका दिया। ८८वें मिनट में टोम्बा सिंह हाओबाम ने लंबी दूरी से गोल करने की कोशिश की लेकिन न्यूजीलैण्ड के गोलकीपर पालसन ने आसानी से गेंद को अपने कब्जे में ले लिया।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, बखान अपना, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, आंजनेतीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शुक्रवार, 13 नवंबर 2026

मेष- आर्थिकलाभ बेहतर, आय के नवीन स्रोत, प्रतिष्ठा में वृद्धि, धार्मिक यात्रायें की यात्रा।
वृषभ- सामाजिक सफलता, स्वास्थ्य प्रतिकूल, अनावश्यक खर्च, सम्पत्ति में कटुता, निराशा।
मिथुन- अतीत के संचित धन, उत्तरार्द्धालि की पूर्ति, व्यापार की भावना, वाहन सुख, धन लाभ।
कर्क- मनोनुकूल परिणाम, निर्णय लेकर, आत्मिक शांति की अनुभूति, सुख के साधन सुलभ।
सिंह- व्यवसायिक प्रगति, शुभ यात्रायें, विरोधी पराजित, अज्ञातवास समाप्त, यात्रा संयोजनतक।
कन्या- कार्यों में अड़चनें, मन दुविधाग्रस्त, प्रतिष्ठा पे आंच, मित्रों से तकरार, मन अशान्त।
तुला- मनोरथ पूर्ण, सलाह से कार्यसफल, एकांकीय पक्ष से लाभ, जनकल्याण में अभिरुचि।
वृश्चिक- कार्यों में सफलता, पराक्रम में वृद्धि, सांगोपांग आयोजन सम्पादित, आकस्मिक लाभ।
धनु- नौकरी में पदोन्नति, परोपकार की भावना, आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से संपर्क।
मकर- राजकीय उलझनें, व्यय की अधिकता, यात्रा निष्फलतक, चोटों से नोट-खसोट संभव।
कुम्भ- लाभ का अवसर, समस्यायें हल, कर्ज से निवृत्ति, अध्यात्म में रुचि, महत्वपूर्ण सफलता।
मीन- उपयोगी सुख की प्राप्ति, उच्चाधिकारियों का सहयोग, पराक्रम में वृद्धि, हर्ष का वातावरण।

आज है जिनका जन्मदिन 13 नवंबर

आपका जन्मदिन को दार्शनिक दृष्टिकोण... जन्मांक 1 से मूलांक 4 का स्वामी... आपके लिए... यात्रा... लाभदायक... शुभ रंग... शुभ अंक...

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकु ५०१३

				8		5		
				1				
2							3	6
		9				7		
					3			
			4		2			
		1						
	6	7			9			
							2	4

मंत्री का धौंस देकर धांधली कर रहा पेट्रोल पम्प संचालक

मऊ। मायरा फिलिंग स्टेशन सरायगंगा पब्बी नदवासराय मऊ में सूबे के एक काबिना मंत्री का धौंस देकर मिलावटी तेल की बिक्री और घटतौली का मामला प्रकाश में आया है। मनबढ़ संचालक द्वारा नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार करना आम बात हो गयी है। पेट्रोल पम्प पर मिलने वाली फ्री सुविधाओं का कोई पुरसाहाल नहीं है। जिसको लेकर इस पेट्रोल पम्प की शिकायत शासन स्तर पर की गयी है। बताया जाता है कि संचालक जिले स्तर के अधिकारियों को मंत्री का धौंस दिखाकर पेट्रोल पम्प की जांच करने नहीं देता है और उपभोक्ता यदि तेल की मिलावट जांचने के लिए फिल्टर पेपर की मांग करता है तो संचालक का पारा सातवें आसमान पर पहुँच जाता है और ग्राहकों से दुर्व्यवहार करने लगता है। देखना यह है कि शासन स्तर पर शिकायत के बाद अधिकारी इस पेट्रोल पम्प की जांच करने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं।

मायरा फिलिंग स्टेशन सरायगंगा पब्बी की मुख्यमंत्री से शिकायत



ग्राहकों के अधिकार

मऊ। तेल भरवाते समय केवल शून्य न देखें। बल्कि उसके पास दिख रही डेंसिटी पर भी ध्यान दें। शुद्ध पेट्रोल की डेंसिटी 730से 800होनी चाहिए। डेंसिटी लागबुक मांगकर भी उस दिन की तय डेंसिटी का मिलान कर सकते हैं। संदेह होने पर हाइड्रोमीटर और जार से लाइव डेंसिटी जांचने के अधिकार का भी प्रयोग कर सकते हैं। फिल्टर पेपर मांग कर या टीसू पेपर पर दो बूंद पेट्रोल डालकर भी शुद्धता जांची जा सकती है। शुद्ध पेट्रोल कुछ सेकेण्ड में पूरी तरह उड़कर भाप की तरह गायब हो जाता है। कागज पर कोई धब्बा या तयलीय निशान नहीं छोड़ता। यदि दो मिनट बाद भी कागज पर दाग या गीलापन रहता है तो पेट्रोल में मिलावट हो सकती है। रंग और गंध से भी शुद्धता जांची जा सकती है। शुद्ध पेट्रोल का रंग हल्का पारदर्शी या पीलापन होता है। यदि पेट्रोल रंग नीला दिखाई दे तो उसमें मिलावट हो सकती है। असली पेट्रोल की गंध सामान्य और तेज होती है। जबकि मिलावटी पेट्रोल में केमिकल जैसी अजीब गंध आती है। पेट्रोल खरीदते समय रसीद जरूर लेनी चाहिए। जिसके आधार पर ही शिकायत की जाती है।

कहां करें शिकायत

मऊ। पेट्रोल पम्प की शिकायत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्प लाइन नम्बर 1800-11-4000या 1915पर कर सकते हैं। सरकारी टोल फ्री नम्बर 1800-233-555पर भी कर सकते हैं। पेट्रोल पम्प पर शिकायत पुस्तिका मांग कर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। न देने पर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दे सकते हैं। शिकायत करने के बाद रसीद,समय और पेट्रोल पम्प का नाम अपने पास रखना चाहिए।

मोबाइल नम्बर न देने पर महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

मधुबन (मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांगेवीर में मोबाइल नंबर देने से मना करने पर एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के खरीकोठा चौराहा निवासी गुंजा देवी के अनुसार, आठ नवंबर की शाम करीब छह बजे वह अपने बेटे के साथ मधुबन बाजार जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गंगोबीर निवासी गोलू पुत्र सिंधु ने उन्हें रोक लिया और मोबा. इल नंबर मांगने लगा। नंबर देने से मना करने पर आरोपी गाली-गलौंज करने लगा। आरोप है कि उसने महिला को पकड़कर पीछे की तरफ मोड़ दिया और जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मां के निधन के बाद वह अपने मायके में रहकर अपनी बहनों की देखभाल करती हैं। घटना के बाद से उनका परिवार भयभीत है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्त ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मूर्ति विसर्जन की ड्यूटी से कर्मचारी रहे गायब, एसडीएम की भौंहें तनीं

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना के ऐतिहासिक लक्ष्मी पूजा मेले के बाद बुधवार को मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके बावजूद ड्यूटी पर लगाए गए कुछ लोग मौके से गायब रहे, जबकि कुछ कर्मचारियों के मोबाइल फोन भी बंद मिले। इससे व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। मूर्ति विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। इसके तहत पुलिसकर्मियों के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अलग-अलग स्थानों पर जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्हें निर्धारित समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई स्थानों पर ड्यूटी में लगाए गए जिम्मेदार लोग नदारद दिखाई दिए। वहीं, जब कुछ कर्मचारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके मोबाइल फोन बंद मिले। ऐसे में जरूरत पड़ने पर संबंधित कर्मचारियों से संपर्क करना भी मुश्किल हो गया। इससे प्रशास.

कुछ के मोबाइल भी मिले बंद

निक व्यवस्था और ड्यूटी के प्रति जिम्मेदारी निभाने को लेकर चर्चा शुरू हो गई। मूर्ति विसर्जन जैसे संवेदनशील कार्यक्रम में सभी जिम्मेदार कर्मचारियों की उपस्थिति बेहद जरूरी होती है। थोड़ी सी लापरवाही भी किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। ऐसे में ड्यूटी से गायब रहने और मोबाइल बंद रखने वाले कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर उचित कारर्वाई की जानी चाहिए। मूर्ति विसर्जन को लेकर एसडीएम अर्चना अग्निहोत्री, सी ओ जितेंद्र सिंह, कोतवाली प्रभारी केके वर्मा समेत पुलिस के तमाम अधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

शांतिभंग की आशंका में तीन का चालान

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेख बलिया में गुरुवार को दीवाल बनाने की विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सौरभ यादव एवं फूला देवी का शांति भंग में न्यायालय चालान किया है । इसी क्रम में गुरुवार दोपहर कैलेंडर तिराहा निकट दुर्गा प्रताप पुत्र मुन्नीलाल भिखारीपुर घोसी मऊ द्वारा एक व्यक्ति से बिना किसी बात को लेकर नोक झोंक एवं गाली देने के मामले में पुलिस ने शांति भंग में न्यायालय चालान किया। इस प्रकार पुलिस ने तीन लोगों का शांतिभंग में न्यायालय चालान किया है।

उर्स सम्पन्न

घोसी(मऊ)। तहसील क्षेत्र के बीबीपुर गांव में महान सूफी संत हजरत ख्वाजा अहमद शेख बंदा खुमीर का सालाना उर्स बुधवार को अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर दूर-दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे। जायरीनों ने बाबा की मजार पर मत्था टेककर चादरपोशी की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा मुल्क में अमन-शांति के लिए दुआएं मांगी। उर्स के अवसर पर बुधवार शाम करीब चार बजे नमाज-ए-असर के बाद नातिया कव्वाली के साथ चादर का जुलूस निकाला गया। जुलूस में अकीदतमंद पूरे जोश और अकीदत के साथ शामिल हुए। मग़रिब की नमाज से ठीक पहले मजार पर चादरपोशी की रस्म अदा की गई। इसके बाद देर शाम कव्वाली की महफिल सजी, जिसमें मशहूर कव्वाल हन्नान वारसी ने सूफियाना कलाम पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर महफिल में मौजूद लोग झूम उठे और देर तक सूफियाना रंग में सराबोर रहे।

माता-पिता के चरणों में चारों धाम

साईं कालेज आफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में कार्यक्रम का आयोजन



मऊ। माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और सेवा-भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिकटिया स्थित साईं कालेज आफ फार्मेसी एंड नर्सिंग में (माता-पिता के चरणों में चारधाम) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डी. फार्मा, बी.फार्मा प्रथम वर्ष और नर्सिंग के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का पूजन-वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित जय गोविंद मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य, इंटर कालेज, कुशीनगर रहे। इस अवसर पर प्रकाश ग्रुप के संस्थापक प्रकाश चंद्र राय एवं इंदु देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार राय, डा. मनीष कुमार राय (निद. शक, प्रकाश हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर एवं क्रिम्स मेडिकल कालेज, मऊ), पूर्व ब्लाक प्रमुख कोपागंज सर्वेश राय, कालेज के चेयरमैन अखिलेश कुमार राय तथा निदेशक डा. प्रमोद मौर्य सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरणों में पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया और आशीर्वाद लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों को स्नेहपूर्वक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र राय, इंदु देवी, मनोज कुमार राय, डा. मनीष कुमार राय, सर्वेश राय और कालेज के चेयरमैन अखिलेश कुमार राय ने भी अपने माता-पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि पंडित जय गोविंद मिश्रा ने कहा कि माता-पिता जीवन के प्रथम गुरु और सबसे बड़े मार्गदर्शक होते हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना प्रत्येक संतान का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार अपनाने और माता-पिता के प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का आह्वान किया। प्रकाश ग्रुप के संस्थापक प्रकाश चंद्र राय ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। जिला पंचायत अधयक्ष मनोज कुमार राय ने कहा कि शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को अपनाना भी आवश्यक है। डा. मनीष कुमार राय और पूर्व ब्लाक प्रमुख सर्वेश राय ने भी विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों के त्याग और योगदान का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कालेज के चेयरमैन अखिलेश कुमार राय ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ नैतिक और पारिवारिक मूल्यों का ज्ञान भी जरूरी है। निदेशक डा. प्रमोद मौर्य ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कालेज के शिक्षकगण, कर्मचारी, डी.फार्मा, बी.फार्मा प्रथम वर्ष और नर्सिंग के विद्यार्थी तथा उनके अभिभावक उपस्थित रहे। आयोजन ने माता-पिता के प्रति प्रेम, सम्मान और सेवा का संद. श दिया।

मारपीट में पांच महिलाएं घायल

मधुबन(मऊ)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगऊपुर गांव में जमीन संबंधी विवाद को लेकर एक महिला और उसकी बेटियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विपक्षियों ने गाली-गलौंज करते हुए महिला और उसकी बेटियों को पीटा। घटना में अनीता देवी और उसकी बेटियां रितु, चांदनी, अनु और रागिनी घायल हो गईं। वहीं, घटना का वीडियो बना रही चांदनी का मोबाइल भी छीन लिया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अनीता देवी ने आरोप लगाया है कि नौ नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी। इसी दौरान जमीन के विवाद को लेकर तेज बहादुर, राहुल, रोहित और रीना पहुंचे और गाली-गलौंज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी बेटियों के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान सभी को चोटें आईं। घटना का

चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

वीडियो बना रही चांदनी का मोबा. इल भी छीन लिया गया। पीड़िता ने आठ नवंबर को भी पानी में गिराकर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्त ने बताया कि अनीता देवी की तहरीर पर तेज बहादुर, राहुल, रोहित और रीना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आवश्यक कारर्वाई की जा रही है।

शोभायात्रा के साथ मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन

करहां(मऊ)। मुहम्मदाबाद गोहना कस्बे के ऐतिहासिक मां लक्ष्मी पूजा मेले के संपन्न होने के बाद बुधवार की रात प्रतिमाओं के विसर्जन का सिल. सिला शुरू हुआ। रात करीब 8 बजे से ही मुख्य बाजार, बाईपास रोड, चौक, विजय स्तंभ चौक शहीद चौक से लेकर तमसा नदी घाट तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा कस्बा मां लक्ष्मी के जयकारों और भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। विसर्जन शोभायात्रा में शामिल आकर्षक प्रतिमाओं के साथ डीजे की धुन पर हजारों की संख्या में बच्चे और युवा नाचते-झूमते नजर आए। जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ शोभायात्रा देखने के लिए जुटी रही। सभी प्रतिमाओं का विसर्जन तमसा नदी के पावन घाट पर विधि-विधान से किया गया। बड़ी प्रतिमाओं को सुरक्षित तरीके से नदी में विसर्जित कराने के लिए घाट पर दो क्रेन

डीजे की धुन पर थिरके युवा, सुरक्षा में तैनात रहे पुलिस-पीएसी के जवान

की व्यवस्था की गई थी। विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री तहसीलदार सुधांशु शेखर और कोतवाली प्रभारी कमलकांत वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के जवान विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी। इस विसर्जन के दौरान नगर पंचायत का भी विशेष योगदान रहा अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड अपनी पूरी नगर पंचायत टीम के साथ जगह-जगह तैनात रहे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बुधवार रात शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला गुरुवार सुबह करीब चार बजे तक चलता रहा। इसके साथ ही कस्बे का ऐतिहासिक मां लक्ष्मी पूजा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

SNH
शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परेरी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मानिटर
डा.दीपक राय
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादत्तपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur
डा.सलिल कुमार गुप्ता M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
डा.आरुषि गुप्ता Periodontologist and Oral Implantologist
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P, D&C
नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट®
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
WPC से बना रेडीमेड
बालाजी चौखट
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०) (+91) - 9721521791 www.balajichaukhat.com

तेजस को गौ रक्षा प्रमुख बनाये जाने पर किया स्वागत

घोसी(मऊ)। प्रांशु सिंह तेजस को जिला गौ रक्षा प्रमुख बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर बजरंग दल बलिया विभाग के विभाग संयोजक दीपक गुप्ता ने घोसी स्थित प्रांशु सिंह तेजस के आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दीपक गुप्ता के पहुंचने की सूचना मिलते ही बृज किशोर पांडेय, क्षितिज राय, शुभंकर जायसवाल, कमल बरनवाल, सूरज राजभर, शंभू यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। सभी ने प्रांशु सिंह तेजस को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस मौके पर प्रांशु सिंह तेजस ने संगठन के पदा. धिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जब-जब गौ माता की रक्षा, राष्ट्र रक्षा और धर्म रक्षा की बात आएगी, तब-तब वह बिना किसी भय के हर परिस्थिति में अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

मोटरसाइकिलों में टक्कर,एक की मौत

करहां(मऊ)। मुहम्माबाद गोहना- करहां मार्ग स्थित सुरहुरपुर के पास गुरूवार को सायं दो मोटरसाइकिलों के आमने-सामने की हुई टक्कर में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। जानकारी के अनुसार मुकेश पुत्र राम जन्म राम उम्र 32 वर्ष निवासी फरीदपुर जो बाइक से किसी कार्य हेतु बाजार आ रहे थे कि दूसरी तरफ से अलग बाइक पर सवार सरवन पुत्र सतेंद्र उम्र 25 वर्ष की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई । जहां उपचार के दौरान मुकेश की मौत हो गई । घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जबकि दोनों लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए । लेकिन एक बाइक सवार ने दम तोड़ दिया। इस सड़क दुर्घटना में मौत को लेकर परिजनों के ऊपर पहाड़ टूट पड़ा और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चला है।

५०.५४ कुंतल प्रति हेक्टेयर ऊपजा धान

मऊ। जनपद में धान की वास्तविक उत्पादकता का आंकलन करने तथा फसल उत्पादन से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त करने के उद्देश्य से सदर तहसील के विकासखंड परदहां अंतर्गत ग्राम कंधेरी में क्राप कटिंग (फसल कटाई प्रयोग) कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया की उपस्थिति में किसान रामानंद यादव के खेत में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धान की फसल की क्राप कटिंग संपन्न हुई। क्राप कटिंग के दौरान 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में धान की फसल की कटाई एवं मड़ाई कर प्राप्त ऊपज का वजन किया गया। इसमें कुल 21.880 किलोग्राम धान की पैदावार प्राप्त हुई। प्राप्त ऊपज के आधार पर धान की उत्पादकता 50.54 कुंतल प्रति हेक्टेयर आंकी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने क्राप कटिंग प्रयोग की प्रक्रिया का अवलो. कन किया तथा फसल की वास्तविक उत्पादकता के आकलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्राप कटिंग के माध्यम से फसलों की औसत ऊपज का वैज्ञानिक एवं वास्तविक आंकलन किया जाता है। इससे कृषि उत्पादन के सटीक आंकड़े प्राप्त करने के साथ ही किसानों के हित में संचालित फसल बीमा एवं अन्य कृषि संबंधी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलती है।क्राप कटिंग प्रयोग के दौरान राजस्व एवं संबंधित विभागीय कर्मचारियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप फसल की कटाई, मड़ाई एवं ऊपज का वजन कराया गया, जिससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जा सके।

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-
1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के दक्षिण तरफ में स्थित मिक्स पार्किंग (दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया) वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-DDU-PARK-5. ई-नीलामी लॉट संख्या : PARKING-DDU-DDU-MX-67-26-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 26.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
2. वेबसाईट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1341/डीडीयू/वा./एन/26-27/28

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई.निविदा नोटिस सं०-डी.डी.यू/ईएल/जी/ई०-निविदा/2026-27/15 दिनांक: 10.11.2026
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्न लिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई.निविदा) आमंत्रित की जाती है।
क्र.सं. : 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/ई/2026-27/03 विषय- डी.डी.यू मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग मेक और क्षमता वाले डीजल जनरेटिंग सेटों के लिए 3 साल की अवधि का वार्षिक रखरखाव अनुबंध करने के संबंध में। कार्य करने कुल लागत : रु० 2579711.40, निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 01.12.2026 15:00 Hrs, ई-निविदा वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा०)
पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.
पीआर/1327/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/26-27/36

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के गया स्टेशन पर स्थित पे एंड यूज शौचालय का संचालन और रख रखाव के लिए ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-
ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या: COM-PnU-GAYA-26.
1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गया स्टेशन के डेल्हा साइड में पश्चिम आगमन भवन (ग्राउंड फ्लोर एवं फर्स्ट फ्लोर) में स्थित पे एंड यूज शौचालय का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-GAYA-Toi-17-24-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 26.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।
2. AA/2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गया रेलवे स्टेशन पर कुली बिल्डिंग में नीचे वाले भाग में स्थित पे एंड यूज शौचालय का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-GAYA-Toi-24-26-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 26.11.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।
3. वेबसाईट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1340/डीडीयू/वा./एन/26-27/40

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

बुनियादी विकास से सम्मान तक



पीएम जनमन योजना

बैगा, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया, बिरहोर, पंडो और भुंजिया तक पहुँची विकास योजनाएं

- प्रदेश में

67+हजार

PVTG परिवारों को लाभ



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in

सुशासन से समृद्धि की ओर

samvad-49690/1